मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 14 | वर्ष : 28 | अंक : 223

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




14

पूरब से पश्चिम तक प्रदेश बरसात से तरबतर, सूबे के बांध-जलाशयों में आया पानी

# सिरोही, जालोर, पाली और जैसलमेर में जमकर बरसे मेघ

## जवाहर सागर बांध के 5 गेट खोले



■ ब्यावर में एनिकट में बहे तीन बच्चे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अब मानसून पूरे प्रदेश में छा गया है। अब तक प्रदेश के दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान में बरसात ना के बराबर हुई थी, लेकिन अब जब मेघ बरसे तो जमकर ही बरसे। गुरुवार को जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर के साथ गुजरात के बनासकांठा, साबरकांठा जिलों के साथ लगते इलाकों में जमकर बरसात हुई। वहीं मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए इन इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 4 जुलाई को जयपुर, दौसा और टोंक जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं पानी की आवक बढ़ने से जवाहर सागर बांध के पहले 3 गेट खोले गए, लेकिन लगातार पानी आने के कारण 2 और गेट खोलने पड़े। अब कुल 5 गेट से 1,38,750 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध में 1,42,645 क्यूसेक पानी प्रवेश कर रहा है। बांध की पूर्ण भराव क्षमता 980 फीट है। यहां से निकला पानी आगे कोटा बैराज में पहुंचता है। जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए गेट खोलना जरूरी हो गया था।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। वहीं मानसून की ट्रफ लाइन दक्षिणी राजस्थान से होकर गुजर रही है, इसके प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा का दौर जारी है। पूर्वी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक हल्की से मध्यम बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है।



जालोर में एक कार पानी के तेज बहाव में फंस गई।

### सांचौर और आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात

गुजरात के बनासकांठा जिले में भारी बारिश के बाद सीमावर्ती जालोर और सिरोही जिले के निचले इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं। बारिश की रफ्तार से सांचौर, रानीवाड़ा, भीनमाल, आहोर और चितलवाना में जलभराव के हालात हो गए हैं। यहां गुरुवार तड़के से ही मध्यम और तेज बारिश शुरू हो गई थी, जिससे जालोर और आहोर क्षेत्रों में सड़कें जलमग्न हो गईं। सांचौर के कई निचले इलाकों में पानी भरना शुरू हो गया है। वहीं जालोर के सुंधा माता पर्वत पर भारी बारिश से झरने बहने लगे।

### एनिकट में डूबने से तीन बच्चों की मौत

ब्यावर जिले में गुरुवार को एनिकट में डूबने से तीन चचेरे भाई-बहनों की मौत हो गई। बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद बकरियां चराने गए थे। बर थाने के कानूजा गांव निवासी जितेंद्र सिंह (13), खुशी (14) और राहुल सिंह (12) एनिकट के पास गांव के अन्य बच्चों के साथ बकरियां चरा रहे थे। बकरियां पानी के पास पहुंच गई थीं, जिन्हें जितेंद्र वापस लाने गया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और पानी में गिर गया। उसे बचाने के चक्कर में खुशी और राहुल भी पानी में डूब गए।

### जैसलमेर में सड़कें बनीं दरिया



जैसलमेर में गुरुवार को बारिश के चलते सड़कें पानी से लबालब हो गईं और जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी। इन सबके बीच लोगों के चेहरों पर खुशी की झलक दिखी, क्योंकि भीषण गर्मी और उमस से बेहाल आमजन ने राहत की सांस ली।

### बिजली गिरने से पशुधन का नुकसान

बारिश के दौरान जिले के देवीकोट क्षेत्र में बिजली गिरने से पशुधन को भारी नुकसान हुआ है। तेज बारिश और गर्जना के बीच गिरी बिजली की चपेट में आकर तीन गायों और एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

### बीसलपुर का स्तर 313.42 आरएल मीटर पहुंचा

भीलवाड़ा, ब्यावर में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण बीसलपुर बांध में पानी की आवक तेज हो गई है। इससे बांध का जलस्तर 24 घंटे में 43 सेंटीमीटर बढ़ गया है। गुरुवार रात करीब साढ़े 10 बजे तक बांध का जलस्तर 313.42 आरएल मीटर तक पहुंच गया। बांध से जुड़े इंजीनियर का कहना है कि त्रिवेणी का जलस्तर बढ़ने से बांध में पानी की आवक तेज हुई है। राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी जिलों में हुई भारी बारिश के बाद चंबल, कालीसिंध समेत अन्य नदियों पर बने बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया।

प्रधानमंत्री ने घाना संसद को किया संबोधित

# भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है : मोदी

### कहा- हम दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ, घाना में नेशनल अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात

विशेष संवाददाता

**एक्रॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल, अलग-अलग राज्यों में 20 अलग-अलग पार्टियों की सरकारें, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा। पीएम मोदी ने कहा कि घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से बुधवार को नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है।

समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि घाना जी-20 का स्थाई सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखाई देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है।



### दोनों देशों में चार एमओयू पर साइन

दोनों देशों ने चार महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर साइन किए। विदेश मंत्रालय के सचिव दम्मू रवि ने बताया कि ये समझौते दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

**पहला समझौता :** विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन बैठक की स्थापना करना।

**दूसरा समझौता :** पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करेंगे।

**तीसरा समझौता :** कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है, जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**चौथा समझौता :** स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और यह 21 अगस्त तक चलेगा। संसद के मानसून सत्र से जुड़े प्रस्ताव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। हालांकि इस बीच स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी। मानसून सत्र के दौरान विपक्ष पहलगाम अटैक और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। वहीं मानसून सत्र के दौरान सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की भी तैयारी में है। जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने के संबंध में विपक्षी दलों से बात करने की जिम्मेदारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को सौंपी गई है।

## सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने गिल

**बर्मिंघम (विसं)।** भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 587 रन पर ऑलआउट हो गई है। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। तीसरे सेशन में इंग्लैंड ने पहली पारी में 27 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए हैं। बेन डकेट और ओली पोप शून्य पर आउट हुए। जैक क्रॉली 19 रन बनाकर आउट हुए।

भारत से शुभमन गिल 387 बॉल पर 269 रन बनाकर आउट हुए। वे टेस्ट में इंग्लैंड में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर के 221 रन का रिकॉर्ड तोड़ा है। जो गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में बनाया था। वहीं गिल ने विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। कोहली ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में नाबाद 254 रन की पारी खेली थी। यशस्वी जायसवाल 87 और रवींद्र जडेजा 89 रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रनों का योगदान दिया।




## पहले जत्थे ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा के दौरान जयकारों के बीच पहले जत्थे ने गुरुवार को बाबा बर्फानी के दर्शन किए और प्रातःकालीन आरती में हिस्सा लिया। शिवधाम में महादेव के जयकारे गूंजते रहे। आरती में श्रद्धा का सागर देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया। कड़ी सुरक्षा के बीच 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ, जो दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। दूसरे जत्थे को शुक्रवार सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना किया जाएगा। पहले जत्थे को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रवाना किया था।

# राजीव शर्मा बने पुलिस महानिदेशक, संभाला कार्यभार



### दो वर्ष के लिए की गई है नियुक्ति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** तीन दिन के इंतजार के बाद आखिर प्रदेश की पुलिस को नया मुखिया मिल गया। बुधवार रात केंद्र सरकार से रिलीव होने के बाद राज्य सरकार ने गुरुवार दोपहर प्रदेश के वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी राजीव शर्मा की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए और इसके बाद शाम को शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में कार्यभार भी संभाल लिया। राजीव शर्मा का वैसे तो अगले वर्ष मार्च में रिटायरमेंट है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत प्रदेश में पुलिस महानिदेशकों की नियुक्ति कम से कम दो वर्ष के लिए की जाती है, इसलिए शर्मा को भी दो वर्ष के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है।

केंद्र सरकार में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डवलपमेंट के डायरेक्टर जनरल के रूप में कार्यरत राजीव शर्मा को केंद्र सरकार ने बुधवार रात रिलीव कर दिया था। वे गुरुवार सुबह दिल्ली से रवाना होकर दोपहर बाद जयपुर पहुंचे। इस बीच राज्य सरकार ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए। जयपुर आने के बाद वे पुलिस मुख्यालय पहुंचे। यहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

शर्मा प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों की सूची में सबसे ऊपर हैं। उन्हें पुलिसिंग का करीब तीस वर्ष का अनुभव है। ऐसे में तीन अधिकारियों राजीव शर्मा, राजेश निर्वाण और संजय अग्रवाल में से राजीव शर्मा के नाम पर मुहर लगी। वे राजस्थान में एंटी करप्शन ब्यूरो, स्टेट डिजास्टर रिलीफ फोर्स के डीजी और राजस्थान पुलिस एकेडमी के डायरेक्टर रह चुके हैं। वहीं जोधपुर, झालावाड़, दौसा, राजसमंद, भरतपुर, जयपुर नॉर्थ के एसपी रह चुके हैं। इसके साथ ही जयपुर ट्रैफिक, सीबीआई जयपुर, सीबीआई दिल्ली में भी एसपी रहे हैं। राजीव शर्मा मथुरा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। उन्होंने एमए-एमफिल किया है। उनकी पहली पोस्टिंग साल 1992 में डीएसपी के तौर पर जोधपुर सिटी में हुई थी। इसके बाद साल 2006 में एसपी से डीआईजी बने, जिसके बाद पुलिस मुख्यालय में क्राइम ब्रांच में सेवाएं दीं। राजीव शर्मा 2014 में राष्ट्रपति पुलिस पदक और 2006 में पुलिस पदक से सम्मानित हो चुके हैं।

### पुलिसिंग में प्रदेश को मॉडल स्टेट बनाएंगे : शर्मा



पदभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा कि जनता की सेवा के अवसर को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाऊंगा। उन्होंने नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास जताया गया है, वे इसके लिए आभारी हैं और उनका लक्ष्य होगा कि पुलिसिंग के हिसाब से राजस्थान को पूरे देश में मॉडल राज्य बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना आम व्यक्ति के अनुकूल हो और पुलिसकर्मियों का अच्छा व्यवहार हो, इसका प्रयास रहेगा। इसके साथ ही अपराधों पर नियंत्रण पर फोकस रहेगा। टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और सुरक्षित राजस्थान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी तत्परता, संवेदनशीलता के साथ टीम पुलिस राजस्थान काम करे और सब मिलकर सुरक्षित राजस्थान बनाएं रखें यह उनका प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि बढ़ते साइबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रयास होंगे और अलग से जिलों में विंग बनाई जाएगी। इस दौरान डीजी संजय अग्रवाल, एडीजीपी विशाल बंसल, एडीजीपी विनीता ठाकुर, पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ सहित आला पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।




कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय एवं एपीएन स्विट्जरलैंड की रहेगी साझेदारी

# पश्चिमी राजस्थान के औषधीय पौधों पर पहली बार किए जाएंगे संयुक्त शोध

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पश्चिमी राजस्थान औषधीय पौधों का हब है। इन पौधों पर अनुसंधान की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन अब तक इस क्षेत्र में असंगठित रूप से काम चल रहा है। अब कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर 'वन हेल्थ' की पहल करते हुए औषधीय पौधों पर पहली बार संयुक्त रूप से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय एवं विदेशी संस्थान, एग्रो फॉरेस्ट्री प्रमोशन नेटवर्क स्विट्जरलैंड के साथ मिलकर कार्य करेगा। इस प्रोजेक्ट पर कार्य करने के लिए स्विट्जरलैंड, इजिप्ट व युगांडा से आए विदेशी प्रतिनिधियों ने दोनों विश्वविद्यालयों में पांच दिवसीय दौरा किया है, साथ ही प्रोजेक्ट से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बैठक के दौरान चर्चा की।



### वन हेल्थ के तहत होगी पूर्ण प्राकृतिक खेती : डॉ. कुमार

कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरुण कुमार ने बैठक की अध्यक्षता के दौरान बताया कि प्रोजेक्ट के तहत औषधीय पौधों को लेते हुए 'वन हेल्थ' पर फोकस किया जाएगा। 'वन हेल्थ' कृषि विश्वविद्यालय की पहल है, वन हेल्थ संकल्पना, मिट्टी, पशु एवं मानव के सम्मिलित स्वास्थ्य से जुड़ी है। इसके लिए तीनों संस्थाएं आपसी वित्तीय सहयोग से मिलकर काम करेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत हानिकारक रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते दुष्प्रभाव को देखते हुए औषधीय पौधों की पूरी तरह प्राकृतिक तरीके से पैदावार की जाएगी। तीनों संस्थानों का उद्देश्य औषधीय पौधों की गुणवत्ता सुधार सहित किसानों की आय वृद्धि भी है।

### वैश्विक स्वास्थ्य को मिलेगा बढ़ावा : प्रो. प्रजापति

बैठक में आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि यह संयुक्त शोध परियोजना वैश्विक स्वास्थ्य एवं पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा की दिशा में अत्यंत लाभकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि केमिकल रहित औषधीय पौधे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, मुनाफे के लिए प्राकृतिक गुणवत्ता से समझौता नहीं करना चाहिए। बैठक में कुलसचिव निशु कुमार अग्निहोत्री ने कृषि विश्वविद्यालय के आर्गेनिक उत्पादों के ट्रेडमार्क मरुधरा का उदाहरण देते हुए कहा कि तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य समस्याओं का पूर्ण समाधान पुनः प्राकृतिक खेती की ओर लौटना है।

### किए जाएंगे क्लिनिकल ट्रायल : डॉ. पगारिया

प्रोजेक्ट के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप पगारिया ने कहा कि इस संयुक्त शोध परियोजना में अश्वगंधा, शंखपुष्पी, शनाय, गोखरू, सतावर, ग्वार पाठा लेमनग्रास सहित अन्य विभिन्न औषधीय घासों पर काम किया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय एवं आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय में पहले वर्ष इन पौधों की प्रदर्शन इकाई लगाई जाएगी। दूसरे वर्ष इनका गुणन कर क्लिनिकल ट्रायल किए जाएंगे। ट्रायल के बाद उनकी औषधीय गुणवत्ता के आधार पर कमर्शियल उपयोग किया जाएगा। यह पूरी तरह प्राकृतिक रूप से किया जाएगा। प्राकृतिक उत्पादों की बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए किसानों की आयवृद्धि में भी ये लाभकारी रहेगा।

# राकड़ी में दूषित जलापूर्ति को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



### विधायक शर्मा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को लगाई फटकार, जल्द समाधान के दिए निर्देश



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हैरिटेज के वार्ड 43 राकड़ी क्षेत्र में गुरुवार को दूषित जलापूर्ति को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने कामधेनु चौराहे पर जलदाय विभाग के दो अधिकारियों को घेरे में बैठा लिया। जानकारी मिलते ही सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और लोगों से समझाइश कर धरना समाप्त करवाया। विधायक शर्मा ने वहां मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश देकर जल्द व्यवस्था सुधारने के लिए कहा। साथ ही पीएचईडी उच्चाधिकारियों से फोन पर बात कर समाधान के निर्देश दिए। शर्मा ने बीसलपुर पाइपलाइन से क्षेत्र में कनेक्शन करने में हो रही देरी के संबंध में सड़क और जलदाय विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय और त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए जनता को संघर्ष करना पड़े, अफसरशाही की ऐसी टालमटोल और ढीली कार्यशैली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसएमएस थाना व अस्पताल प्रशासन बरतेगा सख्ती, हॉस्पिटल परिसर के आसपास धरने की अब नहीं मिलेगी अनुमति

# सख्ती : एसएमएस परिधि के आसपास धरना-प्रदर्शन किया तो जिम्मेदारी होगी तय

### पुलिस का तर्क- नारेबाजी और आंदोलन से मरीजों के स्वास्थ्य को हो सकता है खतरा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल की परिधि और इसके परिसर के आसपास अब धरना-प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। अस्पताल प्रशासन और एसएमएस थाना पुलिस इसके लिए शीघ्र ही स्थाई प्रतिबंध के लिए कदम उठाने जा रही है। जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह की शुरुआत में इसको लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाने की संभावना है।

इस आदेश को लेकर एसएमएस थाना पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने तर्क दिया है कि ऐसे आंदोलनों से मरीजों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, क्योंकि अस्पताल में गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का आना-जाना होता है। इसके साथ ही एसएमएस की मोर्चरी के आसपास किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। एसएमएस मोर्चरी के मुख्य मार्ग को भी धरना-प्रदर्शन मुक्त किए जाने बात कही जा रही है। क्योंकि मृत शरीर जाने का एकमात्र यही रास्ता है, धरना-प्रदर्शन के कारण ये रास्ता अवरुद्ध हो जाना संभावित बताया गया है।

पुलिस के अनुसार अब भविष्य में इस परिक्षेत्र में किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा प्रदर्शन के दौरान अगर किसी मरीज के साथ कोई घटना या दुर्घटना होती है तो इसकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### नागरिकों को है शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का अधिकार

एसएमएस अस्पताल में धरना-प्रदर्शन को लेकर कुछ कानून के जानकारों ने भी अपना पक्ष रखा है। एडवोकेट नितिका भार्गव के अनुसार धरना-प्रदर्शन के संबंध में भारतीय संविधान के प्रावधानों के अनुसार नागरिकों को शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का अधिकार है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) और 19 (1) (बी) के तहत दिया गया है, जो नागरिकों को विचार अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण सभा का अधिकार देता है। हालांकि अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन के दौरान कुछ शर्तों का पालन करना आवश्यक है, जैसे धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए और इसमें किसी तरह की हिंसा नहीं होनी चाहिए। धरना-प्रदर्शन के लिए पहले से अनुमति लेना आवश्यक है, जिसमें पुलिस की परमिट और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट शामिल हैं। इसके अलावा धरना-प्रदर्शन से आमजन को असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनके अधिकार प्रभावित नहीं होने चाहिए।



### नारेबाजी-प्रदर्शन से मरीजों को खासी परेशानी

अस्पताल परिसर के आसपास शांत क्षेत्र माना गया है। एसएमएस में कई गंभीर मरीज भी इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में शांत क्षेत्र में नारेबाजी से माहौल खराब होता है। इस दौरान भीड़ के चलते मरीजों को अस्पताल लाने-ले जाने में खासी परेशानी होती है। इससे मरीज की जान के लिए खतरा साबित हो सकता है। एसएमएस अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने ऐसे मामलों को गंभीर मानते हुए इसके लिए शीघ्र ही सख्ती बरते जाने की बात कही है।

### हाल ही सामने आया था एक मामला

एसएमएस अस्पताल में पिछले दिनों ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जिसमें डॉक्टर राकेश बिश्नोई की मौत के बाद उनके परिजनों और समर्थकों ने अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई थी। प्रदर्शन के कारण कई मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। इसके बाद एसएमएस थाना पुलिस ने संबंधित लोगों को नोटिस भी जारी किया था, जिसका खासा विरोध भी हुआ था।

# संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने किया काम का बहिष्कार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए में कार्यरत संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने कई माह से वेतन नहीं मिलने सहित अन्य मांगों को लेकर गुरुवार को कार्य बहिष्कार किया। इसके साथ जेडीए परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। संविदा कर्मचारियों का आरोप है कि संवेदक कंपनी लगातार उनके साथ धोखाधड़ी कर रही है। कंपनी जेडीए से तो बिल पूरा उठा रही है, लेकिन कई माह से उन्हें तनख्वाह नहीं दी जा रही। इससे उनके सामने परिवार पालने का संकट हो गया है। इसके अलावा ठेकेदार उनका पीएफ और ईएसआई भी जमा नहीं करवा रहा है, जबकि ठेकेदार ने पीएफ और ईएसआई का जेडीए में फर्जी बिल जमा करवा दिया। उनकी मांग है कि संवेदक कंपनी के खिलाफ जेडीए कड़ा एक्शन ले।

# लोगों को किया स्वच्छता-स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

### निगम ने चलाया सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेटर निगम द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के महत्व तथा नियमित रूप से हाथ धोने की सही विधि के बारे में जानकारी दी जा रही है।



निगम की टीम ने बच्चों को समझाया कि साफ-सफाई अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्हें हाथ धोने का व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया, ताकि वे इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सकें। इसके अलावा नगर निगम द्वारा मानसून सत्र को ध्यान में रख सफाई मित्रों के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में सफाई मित्रों को बताया जा रहा है कि वे गीले मौसम में किस प्रकार अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

# फ्रीबीज नकारात्मक राजनीति है, ज्यादा नहीं चल पाएगी : मदन राठौड़

### बेनीवाल पर किया कटाक्ष, कहा- उन्हें पॉजिटिव पॉलिटिक्स करनी चाहिए

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सरकारों की फ्रीबीज योजनाओं को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में राठौड़ ने कहा कि अगर कोई ऐसी राय दे कि हम आपकी बिजली-पानी फ्री कर देंगे तो लोगों को अच्छा लगता है, लेकिन फ्रीबीज नकारात्मक राजनीति है। यह कुछ देर चलेगी, ज्यादा दिन नहीं चल सकती। इस दौरान मदन राठौड़ ने नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को लेकर कहा कि वे नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। वे खुद बिजली का बिल नहीं भरें, यह चिंता की बात है, लेकिन वे दूसरों से भी आह्वान करते हैं कि बिजली का बिल मत भरो। यह न्यूसेंस वैल्यू है। उन्हें पॉजिटिव पॉलिटिक्स करनी चाहिए। ऐसी राजनीति करें, जिससे विकास का मार्ग प्रशस्त हो, लेकिन वे हमेशा किसी न किसी विषय पर भड़काने का काम करते हैं। मदन राठौड़ ने कहा कि आप एक बार दे दो, दो बार दे दो, हर बार देते रहोगे तो आखिर सरकार कैसे चलेगी। विकास कैसे होगा। अगर सभी फ्री कर दो तो यह ठीक बात नहीं है।

### 'हमने कानून व्यवस्था में किया सुधार'



मदन राठौड़ ने कहा कि आज प्रदेश की जनता सब देख रही है कि राजस्थान सरकार ने किस तरह से कानून व्यवस्था में सुधार किया है। पहले पुलिस किसी अपराधी को पकड़ने जाती थी तो पिटकर आती थी। हमने उस स्थिति में सुधार किया है। पहले कांग्रेस के राज में प्रदेश में बजरी माफिया पनप गए थे। हमने बजरी के छोटे-छोटे ठेके दिए, जिससे अवैध बजरी खनन कम हुआ और सरकार की रॉयल्टी भी बढ़ी। कांग्रेस ने तो कभी इस विषय पर सोचा ही नहीं।

# 45 से अधिक स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाए

**जयपुर (मसं)।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को सड़क और बरामदे पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। हेरिटेज निगम ने रामगंज, ट्रांसपोर्ट नगर, बड़ी चौपड़, गलता गेट, दिल्ली बाईपास, ईदगाह, खोले के हनुमानजी, किशनपोल बाजार, छोटी चौपड़ सहित कुल 45 से अधिक स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाए। इस दौरान निगम दस्ते ने तीन ट्रक सामान जब्त किया और छह हजार रुपए का चालान भी किया है। निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि सड़क और बरामदे पर अतिक्रमण होने से राहगीरों को पैदल चलने में समस्या आती है। वाहन चालकों को भी जाम की समस्या से गुजरना पड़ता है।

# कॉलोनियों में भरा बारिश का पानी, लोगों के लिए बना परेशानी

### समस्या से परेशान लोगों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर करवाया अवगत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** बगरू विधानसभा क्षेत्र स्थित हीरापुरा-लूनियावास के वार्ड नंबर-122 में पिछले दिनों हुई बारिश से आवागमन के रास्ते में पानी भरा हुआ है। मोती विहार, आशा विहार, दुर्गा विहार सहित अन्य कॉलोनियों में पानी भरने और कीचड़ होने से स्थानीय लोगों का घर से निकलना दूभर हो रहा है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या बनी है। लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब हालात ये हैं कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

कॉलोनिवासियों ने बताया कि रास्ते पर आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय पार्षद को लिखित और मौखिक अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। परेशान होकर लोगों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है।

### 'पानी भरने पर दिखता ही नहीं रोड कहा है'

क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि यहां हर बारिश के मौसम में यही हाल रहते हैं। इस बार में हर बार अधिकारियों को अवगत कराया जाता है, लेकिन समस्या का निदान नहीं होता। हालत यह हो जाती है कि पानी भरने के बाद कीचड़ होने से यह पता नहीं चल पाता कि सड़क कहां है और लोग कीचड़ में गिर जाते हैं। कई बार लोग चोटिल भी हो चुके हैं। समय रहते पानी निकासी के लिए नाली बनवा दी जाए तो समस्या से निजात पाई जा सकती है।

*राहुल शर्मा, स्थानीय निवासी*

यदि पानी निकासी की व्यवस्था का स्थाई समाधान हो जाए तो इस प्रकार की परेशानी से लोग बच सकते हैं। इसके लिए अधिकारियों को पत्र भी दिया गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। यदि यही हाल रहा तो स्थानीय लोगों के किसी न किसी संक्रामक बीमारी की चपेट में आने का खतरा हो सकता है।

*रितिका कंवर, स्थानीय निवासी*

# प्रदेश में सुदृढ़ होगी दंत चिकित्सा शिक्षा

- राजस्थान दंत परिषद का होगा पुनर्गठन
- चिकित्सा शिक्षा सचिव की राष्ट्रीय दंत परिषद के सदस्यों के साथ बैठक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में दंत शिक्षा और इससे संबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाया जाएगा। दंत चिकित्सा शिक्षा में विभिन्न गुणवत्तापूर्ण सुधार किए जाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय दंत आयोग अधिनियम, 2021 के तहत राजस्थान दंत परिषद का नए सिरे से गठन किया जाएगा। इस अधिनियम को राज्य में लागू करने के लिए इसके नियमों की जांच की जाएगी।

चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीश कुमार ने गुरुवार को राष्ट्रीय दंत परिषद के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में इस संबंध में चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान में दंत चिकित्सा शिक्षा और इससे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अहम फैसले लिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि दंत महाविद्यालयों में अवैध प्रवेश के मामलों पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि प्रवेश में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में दंत चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी बजट घोषणाओं की समीक्षा की गई, ताकि इन्हें राज्य की जरूरतों के अनुसार लागू किया जा सके। इस दौरान बताया गया कि दंत चिकित्सा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए देश के शीर्ष दंत चिकित्सा शिक्षा संस्थानों का दौरा करने के लिए समिति बनाई जाएगी, ताकि वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपना कर शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत किया जा सके।

### आईएचएमएस जैसी सॉफ्टवेयर प्रणाली होगी लागू



बैठक में केंद्रीयकृत मरीज डेटाबेस की दृष्टि से दंत महाविद्यालयों में आने वाले मरीजों का पूरा रिकॉर्ड रखने और उनकी निगरानी के लिए आईएचएमएस जैसी सॉफ्टवेयर प्रणाली शुरू करने पर चर्चा की गई। आरयूएचएस और मारवाड़ विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के लिए एईबीएएस जैसी बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा दंत चिकित्सकों के लिए निरंतर शिक्षा कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक समिति बनाई जाएगी जो इसे लागू करने की योजना तैयार करेगी।

### दंत चिकित्सकों के पद होंगे सृजित

सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ट्रॉमा सेंटर, जिला और उप-जिला अस्पतालों में दंत चिकित्सकों के पद सृजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए अलग-अलग राज्यों में स्वीकृत दंत चिकित्सक के पदों का डेटा एकत्र कर तुलना करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अन्य राज्यों की तरह राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। बैठक में अतिरिक्त निदेशक अकादमिक राजमेस डॉ. ममता, उपनिदेशक डॉ. वंदना शर्मा, सहायक निदेशक डॉ. नेहा, डॉ. संकल्प मित्तल, डीन मारवाड़ विश्वविद्यालय एवं डीन आरयूएचएस सहित चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और दंत महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# अंत्योदय पखवाड़े में अब तक 310 शिविरों में 24 लाख से ज्यादा हुए कार्य

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जयपुर में 2 जुलाई तक 310 शिविरों में 24 लाख 54 हजार 446 तरह के कार्यों का संपादन किया गया है। इसमें राजस्व विभाग के 10 हजार 347, ग्रामीण विकास विभाग के 1 लाख 31 हजार 319, पंचायतीराज विभाग के 2 लाख 2 हजार 588, विद्युत विभाग के 25 हजार 778, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 8 हजार 437, जल संसाधन विभाग के 38 हजार 339 कार्यों का संपादन किया गया है।

# खेल-खेल में सिक्का निगल गया पांच वर्षीय बालक, सर्जरी कर निकाला

## आरयूएचएस अस्पताल की आपातकालीन इकाई में हुआ सफल ऑपरेशन

महानगर संवाददाता

जयपुर। आरयूएचएस अस्पताल में लगातार चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होने से रोगियों को इनका लाभ मिलने लगा है और उन्हें उपचार के लिए बेहतर विकल्प मिल रहा है। हाल ही आरयूएचएस अस्पताल में एक आपातकालीन सर्जरी कर पांच वर्षीय बालक का जीवन बचाया गया है।

चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीष कुमार ने बताया कि आरयूएचएस अस्पताल में आने वाले रोगियों को जटिल से जटिल उपचार लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए मुख्यमंत्री की मंशानुसार विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। इससे रोगियों को काफी लाभ हो रहा है। हाल ही आरयूएचएस में एक पांच वर्षीय बालक आपातकालीन इकाई में लाया गया, उसकी खाने की नली में 2 रुपए का सिक्का फंस गया था। आरयूएचएस के चिकित्सकों ने जोखिम भरी सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर



उसका जीवन बचाया। ईएनटी और एनेस्थीसिया विभाग की कुशलता और त्वरित निर्णय से यह संभव हो सका।

आरयूएचएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने बताया कि बालक ने शाम को खेलते-खेलते सिक्का निगल लिया। इससे उसके गले में तेज दर्द हुआ और उल्टी होने लगी। चिंतित माता-पिता उसे आरयूएचएस अस्पताल की आपातकालीन इकाई में लाए, जहां विशेषज्ञों ने स्थिति भांप तत्काल आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया। ईएनटी विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. राघव मेहता, प्रोफेसर डॉ. महेंद्र सिंह हाड़ा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास रोहिला और उनकी टीम के सदस्य डॉ. सुमन बिश्नोई व डॉ. दिया शर्मा ने तत्काल बच्चे को सर्जरी के लिए तैयार किया। वहीं एनेस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. वरुण सैनी, डॉ. मनीष खंडेलवाल, डॉ. मनोज सोनी, डॉ. बुधराम और एनेस्थीसिया नर्सिंग स्टाफ से सिस्टर नाथी एवं अन्य कर्मियों ने सर्जरी में अहम भूमिका निभाई।

### ऐसे चली सर्जरी की प्रक्रिया

बच्चे को सामान्य बेहोशी में लेकर दूरबीन की सहायता से गले की नली से सिक्के को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। पूरी प्रक्रिया कुछ ही देर में सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। प्रो. डॉ. राघव मेहता ने बताया कि खाने की नली में सिक्के का फंसना बेहद संवेदनशील और खतरनाक स्थिति होती है। अगर थोड़ी भी देर होती तो यह सांस की नली को बाधित कर सकता था और बच्चे की मौत हो सकती थी, लेकिन अब वह स्वस्थ है। चिकित्सकों की सामूहिक सूझबूझ और दक्षता के कारण बच्चे का जीवन बचाना संभव हो सका।

# अलग-अलग खंड में तैयार होंगे बोर्ड पेपर, नहीं होंगे आउट : दिलावर

- शिक्षा मंत्री ने शिक्षा संकुल में बरगद का पौधा लगाकर की हरियालो राजस्थान की शुरुआत
- विद्यालयों में 7 जुलाई तक पहुंच जाएंगी पाठ्यपुस्तकें

महानगर संवाददाता

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि इसी शैक्षणिक सत्र से बोर्ड के पेपर के आउट होने की आशंका नगण्य रहेगी, सरकार की ओर से इस प्रकार की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 7 जुलाई तक सभी को पाठ्यक्रम की पुस्तकें वितरित कर दी जाएंगी।

शिक्षा संकुल में हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम के समय वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर दिलावर ने कहा कि इसी सत्र से शिक्षा विभाग की ओर से बोर्ड विद्यार्थियों के लिए पेपर के कई सेट तैयार नहीं करवाए जाएंगे, बल्कि इस बार से अलग-अलग शिक्षक से अलग-अलग खंड के प्रश्न तैयार करवाए जाएंगे। इस प्रकार कई खंडों को मिलाकर एक पेपर बनाया जाएगा। इससे एक साथ एक पेपर नहीं होगा तो आउट ही नहीं होगा।

### 'पिछली सरकार के समय में लंबित रहे कार्य हमने किए संपादित'

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि भाजपा सरकार तेजी से समयबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि विभाग की ओर से सभी विद्यार्थियों को 7 जुलाई तक पाठयपुस्तकें उपलब्ध करवा दी जाएंगी। मंत्री ने कहा कि हमने पिछली सरकार के समय में लंबित रहे कार्य संपादित कर दिए हैं। दिलावर ने कहा कि अब तक 10 लाख 30 हजार से अधिक साइकिलें वितरित की जा चुकी है, जबकि 88 हजार लेपटॉप-टैबलेट भी वितरित किए जा चुके हैं, शेष वितरण भी जारी है।

### मोबाइल-धार्मिक कार्य नियंत्रण से आया सुधार



इस बार सरकारी स्कूलों में रिजल्ट में आए सुधार के सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमने टीचर के मोबाइल उपयोग को नियंत्रण किया, इससे टीचर और बच्चों का ध्यान नहीं भटका। इसके साथ ही पूजा-पाठ या नमाज के लिए शैक्षणिक कार्य समय में व्यवधान को भी नियंत्रित किया। इससे भी शिक्षक और विद्यार्थी को पढ़ाई में ध्यान से भटकाव नहीं मिला। इसके साथ ही शिक्षकों ने बच्चों को पढ़ाई अच्छी करवाई, इस कारण सितंबर माह के सत्रांक में भी इसका लाभ मिला है।

### हरियालो राजस्थान में प्रदेश तोड़ेगा रिकॉर्ड

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि आगामी 10 जुलाई से विद्यालयों में हरियालो राजस्थान की शुरुआत की जाएगी। इस बार पौधे लगाने में प्रदेश नया रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी पांच पौधे लगा सकता है, जरूरी नहीं वह स्कूल में ही लगाए, वह अपने घर, संस्थान, कॉलोनी या पार्क में भी पौधा लगा सकता है। संकुल में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बरगद का पौधा लगाया। यहां शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल, शिक्षा निदेशक सीताराम जाट सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# तीन आवासीय भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने पर जेडीए ने किया सील

महानगर संवाददाता

जयपुर। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को 3 आवासीय भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने पर सील किया है। वहीं सात नंबर बस स्टैंड जगतपुरा से एयरपोर्ट जाने वाली रोड के फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करवाया है।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-4



स्थित टर्मिनल 2 एयरपोर्ट के सामने वेद विहार के आवासीय भूखंड संख्या बी-141 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ अवैध निर्माण करने पर और जोन-9 में कुसुम विहार के भूखंड संख्या डी-2 को सील किया है। इससे पहले भवन निर्माता को नोटिस देकर पाबंद किया था, लेकिन उसने निर्माण जारी रखा। इसके अलावा टर्मिनल-2 एयरपोर्ट के सामने वेद विहार के आवासीय भूखंड संख्या बी-169 में अवैध रूप से होटल का संचालन किए जाने पर उसे सील किया गया है।

दो करोड़ की लागत से महाकाल मोक्षधाम, पुरानी चुंगी के जीर्णोद्धार का शिलान्यास आज

# विधायक गोपाल शर्मा ने सिविल लाइंस को दी सौगात, चार वार्डों में किए शिलान्यास

महानगर संवाददाता

जयपुर। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने गुरुवार को चार वार्डों में विभिन्न स्थानों पर विकास एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। विधायक शर्मा ने बनीपार्क क्षेत्र में वार्ड 31 भट्टा बस्ती के शबरी कानन पार्क में सुलभ सुविधा गृह, शास्त्री नगर के रामनगर में सीसी सड़क निर्माण कार्य, सोडाला में वार्ड 46 स्थित शास्त्री मैदान, अजमेर रोड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्नानघर, वार्ड 50 स्थित अहिंसा पार्क एवं खड्डे वाले पार्क में सुविधा गृह और वार्ड 54 के प्रेमनगर स्थित राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में नवीन सुविधा गृह निर्माण के कार्यों का शिलान्यास किया।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। स्वच्छ सुंदर सार्वजनिक पार्क स्वस्थ एवं उत्तम परिवेश का आधार हैं। क्षेत्र के कोने-कोने तक विकास कार्यों को पहुंचाकर सिविल लाइंस को श्रेष्ठतम क्षेत्र बनाना ही हमारा ध्येय है। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला जारी है। पार्कों के विकास से क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य निखरेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाकाल मोक्षधाम का होगा कायापलट

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा शुक्रवार सुबह 10:30 बजे पुरानी चुंगी अजमेर रोड स्थित महाकाल मोक्षधाम के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। शर्मा ने बताया कि 2 करोड़ की लागत से इस प्राचीन मोक्षधाम को आदर्श मोक्षधाम की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत पहले चरण में 45 लाख रुपए की अनुशंसा स्वीकृति भी जारी की गई है।



### शास्त्री मैदान में महिलाओं के लिए बनेगा सार्वजनिक स्नानघर

विधायक शर्मा ने दोपहर में सोडाला के वार्ड 46 स्थित शास्त्री मैदान में महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्नानघरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्य सदैव हमारी प्राथमिकता रही है। श्याम नगर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पार्षद- प्रत्याशी मीना मीणा, वार्ड 46 अध्यक्ष गणेश देवंदा, दीपक शर्मा, नरेश नायक, चंद्र प्रकाश नायक, नवयुवक मंडल सोडाला की समस्त कार्यकारिणी राजेंद्र मीणा, निर्मल मीणा, रोहित शर्मा, राजू मीणा, फतहसिंह मीणा, बबली, रिया, लाली मीणा आदि उपस्थित रहे।

### संस्कृत विद्यालय में विकास कार्य प्रारंभ

**वार्ड 54** गुर्जर की थड़ी, प्रेमनगर स्थित राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में विधायक गोपाल शर्मा ने नवीन शौचालयों का निर्माण, शौचालयों की छत एवं अन्य रखरखाव संबंधी कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पार्षद एवं चेयरमैन अंशु शर्मा, मंडल महामंत्री मानवेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन भागचंद जैन, राजेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, रत्ना चतुर्वेदी, अनिल शर्मा, अमित शर्मा, वार्ड 54 अध्यक्ष लालसिंह, वार्ड 53 अध्यक्ष भवानी सिंह निमावत, जगदीश राजौरिया, नितेंद्र सिंह जादौन सहित विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति रही।



### अहिंसा पार्क एवं खड्डे वाले पार्क में सुविधा गृहों का निर्माण



**विधायक शर्मा** ने गुरुवार सुबह सबसे पहले वार्ड 50 स्थित अहिंसा पार्क एवं खड्डे वाले पार्क में सुविधा गृहों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, चेयरमैन एवं पार्षद पवन शर्मा नटराज, खेल-पर्यावरण एवं संस्कृति समिति के अध्यक्ष सुभाष शर्मा, मंडल महामंत्री मानवेंद्र सिंह, गौरव विजयवर्गीय, वार्ड 50 के अध्यक्ष राजेश बागड़ा, वार्ड 53 अध्यक्ष भवानी शंकर निमावत, डॉ. ओपी बालोदिया, डॉ. मुकेश गुप्ता सहित स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

### वार्ड 31 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास



विधायक शर्मा ने वार्ड 31 में भट्टा बस्ती, शास्त्री नगर स्थित शबरी कानन पार्क में सुविधागृहों का निर्माण प्रारंभ करवाया। साथ ही क्षेत्र के राम नगर में सुगम यातायात व्यवस्था एवं स्वच्छता के लिए वार्ड कोटे से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी प्रताप सिंह राजावत, वार्ड 31 अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, वार्ड 32 के पार्षद प्रत्याशी श्याम सुंदर अग्रवाल, कालीचरण शर्मा, प्रमोद शर्मा, विकास मीणा, दीपक कुमावत, दिलीप धाभाई, रणजीत नायक, हेमराज खंडेलवाल, मनोज चांवरिया, प्रकाश चौधरी, सोहन चौधरी, आलोक पारीक, संजय भाया आदि मौजूद रहे।

## आवासन मंडल की गंगा अपार्टमेंट योजना की निकली वरीयता निर्धारण लॉटरी

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल द्वारा प्रताप नगर स्थित गंगा अपार्टमेंट (द्वितीय चरण) उच्च आय वर्ग के 80 फ्लैट्स के लिए वरीयता निर्धारण लॉटरी गुरुवार को मंडल के वृत्त प्रथम, जयपुर कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव ने की। उल्लेखनीय है कि 12 मई से 11 जून 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कुल 307 पात्र आवेदकों में से पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से 80 आवेदकों का वरीयता क्रम निर्धारण किया गया है। यह लॉटरी प्रक्रिया मण्डल की स्ववित्त पोषित योजना के तहत संपन्न की गई।

गुलमोहर योजना की लॉटरी आज

मंडल की गुलमोहर आवासीय योजना, मानसरोवर (स्ववित्त पोषित योजना) के अंतर्गत गुरुवार को उच्च आय वर्ग के 160 फ्लैट्स के लिए वरीयता निर्धारण लॉटरी निकाली जाएगी। इस योजना के लिए कुल 348 पात्र आवेदन प्राप्त हुए हैं। राजस्थान आवासन मंडल की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हों, जिससे आमजन को किफायती, सुनियोजित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सके।

# अब सिर्फ एक एजेंसी तय नहीं करेगी टीआरपी

टेलीविजन चैनलों के मामले में केंद्र सरकार कर रही महत्वपूर्ण बदलाव

महानगर संवाददाता



जयपुर। देश में टेलीविजन चैनलों की टीआरपी तय करने के मामले में केंद्र सरकार महत्वपूर्ण बदलाव करने जा रही है। अब सिर्फ ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) ही नहीं बल्कि अन्य एजेंसियां भी टीआरपी तय कर सकेंगी। के वर्षों में देश में टेलीविजन देखने की आदतों में बदलाव आया है। दर्शक ना केवल केबल और डीटीएच प्लेटफॉर्म के माध्यम से बल्कि स्मार्ट टीवी, मोबाइल और अन्य ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सामग्री देखते हैं, लेकिन दर्शकों की संख्या मापने की मौजूदा प्रणाली टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स यानी टीआरपी इस नए पैटर्न को पूरी तरह से नहीं पकड़ पाती है। इसे देखते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मूलरूप से 2014 में जारी टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए नीति दिशा निर्देशों में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। 2 जुलाई को जारी प्रस्तावित मसौदा, भारत में टेलीविजन ऑडियंस को मापने के तरीके को लोकतांत्रिक और आधुनिक बनाने के लिए वर्तमान में मौजूद बार्क के अलावा और अन्य एजेंसियों को भी अनुमति देता है। भारत में वर्तमान में करीब 230 मिलियन टेलीविजन हैं, लेकिन केवल 58,000 लोगों के मीटर का उपयोग दर्शकों के डेटा को कैप्चर करने के लिए किया जाता है, जो कुल टीवी घरों का केवल 0.025 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। इसके अलावा मौजूदा टीआरपी टेक्निक स्मार्ट टीवी, स्ट्रीमिंग डिवाइस और मोबाइल एप्लीकेशन जैसे उभरते प्लेटफार्मों पर दर्शकों की संख्या को पर्याप्त रूप से कैप्चर नहीं करती है, जो दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे है। इसी कारण नया मॉडल प्रस्तावित किया गया है।

### टीआरपी तय करने में कमियां

- बार्क (ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल) वर्तमान में टीवी रेटिंग प्रदान करने वाली एकमात्र एजेंसी है।
- यह कनेक्टेड टीवी डिवाइस व्यूअरशिप को ट्रैक नहीं करता है, जबकि यह अहम है।
- मौजूदा नीतियों में नई एजेंसियों के टीवी रेटिंग क्षेत्र में प्रवेश करने में कई बाधाएं हैं।
- क्रॉस-होल्डिंग प्रतिबंधों ने ब्रॉडकास्टर्स या विज्ञापनदाताओं को रेटिंग एजेंसियों में निवेश करने से रोका

### अब यह किया जा रहा है

- कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परामर्श या सलाहकार सेवाओं जैसी कोई गतिविधि शामिल नहीं करने की पहले की आवश्यकता को बदलकर यह कहा गया है कि कंपनी परामर्श या सलाहकार भूमिका जैसी कोई गतिविधि नहीं करेगी, जिससे रेटिंग के अपने मुख्य उद्देश्य के साथ हितों का संभावित टकराव हो।
- अन्य एजेंसियो को रोकने वाले क्लॉज हटा दिए गए हैं।

# अब ई-केवाईसी के बिना नहीं कर सकेंगे आरपीएससी आवेदन

## ओटीआर में अपडेट करना होगा आधार/जन आधार

महानगर संवाददाता

जयपुर। आरपीएससी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन में आधार या जन आधार नंबर अपडेट करना आवश्यक कर दिया गया है। ई-केवाईसी के बिना आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन नहीं किए जा सकेंगे।

आयोग सचिव ने बताया कि कार्मिक विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के बाद बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की अनुमति के क्रम में, स्टेट रिक्रूटमेंट पोर्टल के माध्यम से किसी भी भर्ती में आवेदन करने के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। इसीलिए आयोग की ओर से 7 जुलाई से आधार या जन आधार के माध्यम से ओटीआर ई-केवाईसी करने का अवसर अभ्यर्थियों को दिया जा रहा है। केवाईसी पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन भर्ती आवेदन सब्मिट नहीं कर पाएंगे। इसलिए अभ्यर्थी वर्तमान में चल रही या भविष्य की भर्ती प्रक्रियाओं दौरान किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने ओटीआर केवाईसी को समय पर पूर्ण करें। वर्तमान में वन टाइम रजिस्ट्रेशन में 69 लाख 58 हजार 433 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। इनमें से आधार नंबर के माध्यम से सत्यापित 37 लाख 53 हजार 302 तथा जन आधार के माध्यम से सत्यापित 21 लाख 70 हजार 830 अभ्यर्थी ही हैं। शेष 10 लाख 34 हजार 301 अभ्यर्थियों ने एसएसओ आईडी के माध्यम से वन टाइम रजिस्ट्रेशन करवाया है।

# प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कर यात्री करेंगे आध्यात्मिक अनुभव

## पठानकोट कैंट से दक्षिण भारत की यात्रा पर 28 को रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

महानगर संवाददाता



जयपुर। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह विशेष रेलगाड़ी 28 जुलाई को दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा पर रवाना होगी। 13 दिवसीय यह भव्य यात्रा पठानकोट कैंट स्टेशन से शुरू होगी और यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। जो आध्यात्मिक अनुभव, सुविधा और किफायती दरों का अनूठा संगम होगी। इस ट्रेन की शुरुआत पठानकोट कैंट स्टेशन से होगी। इसके प्रमुख बोर्डिंग पॉइंट में जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा कैंट और ग्वालियर शामिल हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा 12 रात और 13 दिनों की होगी, जिसकी वापसी 9 अगस्त को तय की गई है।

यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में सीटें- स्लीपर क्लास (640 सीटें), थर्ड एसी स्टैंडर्ड (70 सीटें) और सैकंड एसी कम्फर्ट (50 सीटें) उपलब्ध हैं। वहीं किराया भी काफी किफायती रखा गया है। स्लीपर क्लास 30,135 रुपए, थर्ड एसी 43,370 और सैकंड एसी 57,470 रुपए प्रति व्यक्ति (सभी दरें जीएसटी सहित) है। इस पैकेज में ट्रेन टिकट के साथ-साथ दैनिक भोजन, आरामदायक आवास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एसी/नॉन-एसी बस, टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सकीय सुविधा आदि शामिल हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली इस यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालु ना केवल दक्षिण भारत के प्रमुख मंदिरों के दर्शन कर पाएंगे, बल्कि यात्रा के दौरान भारतीय रेल की ओर से सुनिश्चित की गई सुविधाएं और व्यवस्थाएं उन्हें एक सहज और भावपूर्ण अनुभव भी प्रदान करेंगी।

### यात्रियों की सुविधा के लिए डिब्बों में अस्थाई बढ़ोत्तरी

रेलवे द्वारा गोवर्धन परिक्रमा मेला एवं मथुरा में गुरु पुर्णिमा मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 6 जोड़ी ट्रेनों में द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 20489/20490 बाड़मेर-मथुरा-बाड़मेर में बाड़मेर से 5 से 12 जुलाई तक एवं मथुरा से 6 से 13 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की गई है। गाड़ी संख्या 20487/20488 बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर में बाड़मेर से 7 एवं 10 जुलाई को और दिल्ली से 8 एवं 11 जुलाई को 2 द्वितीय साधारण श्रेणी के डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की गई है। गाड़ी संख्या 14725/14726 भिवानी-मथुरा-भिवानी में भिवानी से 5 से 12 जुलाई तक एवं मथुरा से 6 से 13 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की गई है। गाड़ी संख्या 54794/54793 मथुरा-सवाईमाधोपुर-मथुरा रेलसेवा में मथुरा से 5 से 12 जुलाई तक एवं मथुरा से 6 से 13 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की गई है। गाड़ी संख्या 14795/14796 भिवानी-कालका-भिवानी रेलसेवा में 7 से 14 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी के डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी में 8 से 15 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी के डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है।

### तकनीकी कार्य के कारण ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

दक्षिण रेलवे द्वारा तिरूवनंतपुरम मंडल पर तकनीकी कार्य के कारण ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस कारण गाड़ी संख्या 16312 तिरूवनंतपुरम उत्तर-श्रीगंगानगर ट्रेन जो 19 जुलाई को तिरूवनंतपुरम से प्रस्थान करेगी, वह दक्षिण रेलवे पर 40 मिनट रेगुलेट रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 16312 तिरूवनंतपुरम उत्तर-श्रीगंगानगर ट्रेन जो 26 जुलाई को तिरूवनंतपुरम से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग आलप्पुषा होकर सचांलित होगी। परिवर्तित मार्ग के कारण यह रेलसेवा चेंगन्नूर, तिरूवल्ला, कोट्टयम के स्थान पर आलप्पुषा, एरणाकुलम जं. स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## अष्टान्हिका महापर्व शुरू, जैन मंदिरों में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

महानगर संवाददाता

**फागी।** जैन धर्म का आठ दिवसीय शाश्वत पर्व अष्टान्हिका महापर्व गुरुवार से शुरू हो गया है। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि इस दौरान दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना सहित धार्मिक आयोजनों की रहेगी धूम रहेगी। गोधा ने बताया कि अष्टानिका महापर्व के मौके पर परिक्षेत्र के दिगम्बर जैन मंदिरों में सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजा, विश्व शांति महायज्ञ, नन्दीश्वर महामंल विधान पूजा सहित शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैन मंदिरों में आठ दिन तक धर्म की गंगा बहने के साथ 10 जुलाई को अनेक कार्यक्रमों के साथ महापर्व का समापन होगा। समाज के राजकुमार कागला ने बताया कि कस्बे के आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बीचला मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ मंदिर, पारसनाथ मंदिर, चंद्रप्रभु नसियां सहित परिक्षेत्र के सभी जिनालयों में अष्टान्हिका महापर्व मनाया जाएगा। अग्रवाल मंदिर समिति के कमलेश जैन चौधरी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को वीर शासन जयन्ती मनाई जाएगी। इस मौके पर चातुर्मास स्थलों पर प्रवासरत दिगम्बर जैन संतों व आर्यिका माता की पूजा और गुरु भक्ति की जाएगी।

## अवैध रूप से सीवरेज लाइन डालने के विरोध में दिया ज्ञापन



महानगर संवाददाता

**सीकर।** श्यामपुर रोड पर वार्ड नंबर 21 में एक निजी रेजिडेंसी ने चार माह पूर्व बनाई गई सड़क को तोड़कर उसमें अवैध रूप से सीवरेज लाइन डाल दी, जिससे मोहल्ले वालों में आक्रोश है। वार्ड पार्षद शंकर लाल सांखला ने बताया कि अवैध रूप से डाली गई सीवरेज लाइन को लेकर पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व नगर परिषद को ज्ञापन दिया गया। इस पर विधायक ने तुरन्त प्रभाव से अधिकारियों को फोन कर शीघ्र ही समस्या का हल करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राकेश शर्मा, किशन कुमावत, रामअवतार टांक, जगदीश सैनी, हीरालाल जांगिड़, द्वारका प्रसाद सैन, सुरजा राम, मुन्नालाल, दीनदयाल सहित सैकड़ों वार्ड वासी मौजूद थे।

## बस्सी में दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**बस्सी।** कस्बे में स्थित आरके क्रिकेट अकादमी में आरके पीएल सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ हुआ। दस दिवसीय इस टूर्नामेंट में कुल चार टीमें भाग ले रही है। आरके क्रिकेट अकादमी के मुख्य कोच अतर सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य कस्बे की नन्ही प्रतिभाओं को निखारने के साथ क्रिकेट खेल में इन खिलाड़ियों को तराश कर आगे प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना है। संचालक पिंटू चौधरी ने बताया कि खिलाड़ी खेल के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी फिट रहते हैं। टूर्नामेंट का शुभारंभ बस्सी उपखंड के उप कोषाधिकारी मुकेश मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर इतिहास विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश खोड़ा, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, मुकेश राजवंशी, धर्म सिंह मीणा व अंपायर पप्पू जाट उपस्थित रहे।



## राजेश इंटीरियर डिजाइनर इंटरनेशनल ब्रिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ शहर के मूल निवासी व कौशिक आर्च के फाउंडर राजेश शर्मा को हाल ही जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में बेस्ट इंटीरियर डिजाइनर इंटरनेशनल ब्रिलेंस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। जानकारी मुताबिक जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड की फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने अजीतगढ़ के आर्किटेक्ट एंड इंटीरियर डिजाइनर राजेश शर्मा को बेस्ट इंटीरियर डिजाइनर इंटरनेशनल ब्रिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया। इसके पहले भी राजेश शर्मा रेडियो ऑरेंज नागपुर, आलीशान सिनेमा उड़ीसा समेत कई अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके है। शर्मा मूल रूप से अजीतगढ़ निवासी है और हाल में मुंबई रहते है। शर्मा को अवॉर्ड मिलने पर अजीतगढ़ शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों व गणमान्य लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

### सेना के ऑपरेशन ड्रिल अभ्यास में 100 से भी ज्यादा जवानों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

# पलभर में नहर पर पुल और दुर्गम इलाकों में बनाया रास्ता

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** भारतीय सेना 15 मिनट में नहर पर पुल बना दिया। इतना ही नहीं दुर्गम इलाकों में लैंडमाइन हटाकर रास्ता भी बनाया। सटीकता, रफ्तार व दृढ़ता इन 3 बातों पर फोकस करते हुए आर्मी ने ऑपरेशन ड्रिल के नाम से अभ्यास किया।

इस अभ्यास में 100 से भी ज्यादा जवानों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद भी भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर जारी है। इसके तहत भारतीय सेना मजबूत इरादों और बुलंद हौसलों के साथ फील्ड में तैनात है। अपने आपको अपग्रेड करने के साथ-साथ अपनी ताकत को और भी ज्यादा मजबूत करने के लिए सेना लगातार अभ्यास भी कर रही है। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर भारतीय सेना की ब्लैक मेस ब्रिगेड ने अपनी इंजीनियरिंग क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस एक्सरसाइज में सेना ने इंजीनियरिंग कार्यों के लिए सटीकता और गति के साथ उनके संकल्प को प्रदर्शित किया, जिससे भारतीय सेना की ऑपरेशनल तत्परता का पता चलता है। इस अभ्यास का स्लोगन प्रमुख, सटीक और लगातार रखा गया। रेगिस्तान की तपती रेत पर भारतीय सेना की ब्लैक मेस ब्रिगेड ने युद्ध जैसी तैयारी दिखाते हुए ऑपरेशनल ड्रिल में पुल निर्माण, हेलीपैड निर्माण, रास्ता बनाना, मूवमेंट और फील्ड तैनाती का बेमिसाल प्रदर्शन किया।

ये सिर्फ ब्रिगेड नहीं, सेना की तकनीकी रीढ़ है, जिसने दिखा दिया कि भारत हर हालात में पूरी तरह तैयार है। यह सिर्फ रिहर्सल नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था कि भारत की सेना हर हालात में एक्शन के लिए तैयार है।

इस अभ्यास के दौरान सेना के जवानों ने दुर्गम रेतीले इलाकों में हाई इंटेंसिटी ऑपरेशन ड्रिल की। इंजीनियरिंग कार्यों को इस अभ्यास का मुख्य आधार बनाया गया।





### सीमित संसाधनों के बावजूद हेलीपैड का निर्माण

सेना ने पलभर में पुल तैयार कर दिए, रेतीले मैदानों में भारी वाहनों की मूवमेंट सुनिश्चित की और सीमित संसाधनों के बावजूद हेलीपैड निर्माण और फील्ड तैनाती की ऐसी मिसाल पेश की जो पूरी दुनिया के लिए एक सबक है। ब्लैक मेस ब्रिगेड ने दिखाया कि चाहे कोई भी परिस्थिति हो, भारतीय सेना न सिर्फ मोर्चा संभाल सकती है, बल्कि उसे केट्रोल भी कर सकती है। इस अभ्यास का फोकस 3 शब्दों पर रहा- प्रिसिशन, स्पीड और परसिस्टेंस यानी सटीकता, रफ्तार और दृढ़ता।

### रेगिस्तान की चुनौतियों के बीच फील्ड मैनेजमेंट

सेना ने इस अभ्यास में अपनी तकनीकी दक्षता का जोरदार प्रदर्शन किया। आधुनिक मशीनरी, संचार साधन व टैक्टिकल यूनिट्स के बेहतरीन कोआर्डिनेशन ने यह साबित किया कि युद्ध सिर्फ ताकत से नहीं, सूझबूझ व सिस्टम से भी जीता जाता है। रेगिस्तान की चुनौतियों के बीच फील्ड मैनेजमेंट और रिस्पॉन्स टाइम ने यह दिखाया कि भारतीय सेना सिर्फ बॉर्डर पर ही नहीं, टेक्नोलॉजी व इंजीनियरिंग में भी सबसे आगे है। सेना के जवानों ने अपनी बेहतरीन इंजीनियरिंग व तकनीकी का सबका सटीक प्रदर्शन किया।

# मंदिरों और पुजारियों के हितों की रक्षा को लेकर मंथन

### विप्र फाउंडेशन के शेखावाटी पुजारी सम्मेलन में अन्याय के खिलाफ एकजुट रहने का आह्वान

महानगर संवाददाता

**सीकर।** विप्र फाउंडेशन की सीकर जिला इकाई की ओर से गुरुवार को परशुराम भवन में शेखावाटी पुजारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में पुजारियों ने मंदिरों की वर्तमान स्थिति, सरकारी उपेक्षा व सेवा-पूजा करने वालों की चिंताजनक आर्थिक स्थिति पर मंथन किया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने पुजारियों के हितों की रक्षा के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा वरिष्ठ प्रकोष्ठ संयोजक राधेश्याम उपाध्याय ने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार सनातन धर्म व पूजास्थलों को लेकर बेहद संवेदनशील है। इस सम्बंध में हमारे ध्यान में जो भी मुद्दे लाए जाएंगे, उन पर मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और पुजारियों के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने इस दिशा में राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का संक्षेप में उल्लेख किया और अपनी ओर से हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। पालवास करणीमाता धाम के गौऋषि चन्द्रमा दास महाराज ने पुजारियों से हर तरह से जागरुक रहने और सनातन धर्म व संस्कृति के अनुसार आचार व्यवहार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुजारियों को अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करना होगा और किसी भी तरह के अन्याय के खिलाफ एक होकर अपनी बात दृढ़ता से उठानी होगी। इस अवसर पर पालवास धाम के चंद्रमा दास, नेछवा धाम के ईश्वर दास, माधोदास महाराज नरसिंहपुरी, महावीर महाराज दूजोद, भरत दास महाराज शोभावती, पवन महाराज तबेला, लड्डू गोपाल महाराज खंडेला, प्रदेश प्रभारी पुजारी संघ रतनलाल सेवद, एडवोकेट अरुण शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा, संगठन मंत्री दयाराम, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल कटारा, राष्ट्रीय प्रभारी सुभाष शर्मा, जिला अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा, संरक्षक रामगोपाल सुंदरिया, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र खंडेलवाल, पंडित नंदकिशोर शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाराशर, जयप्रकाश ऋषिका, जगदीश शुक्ला, बनवारी दीक्षित, राजकुमार पारीक सहित अन्य मंदिरों के समस्त पुजारीगण मौजूद रहे। सम्मेलन का संचालन जयप्रकाश शर्मा ने किया।



## अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग व पुलिस टीम पर बरसाए पत्थर



महानगर संवाददाता

**सीकर।** बंजारा बस्ती में गुरुवार शाम को वन विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर बस्तीवासियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर वन विभाग की टीम को जान बचाकर भागना पड़ा। सूचना मिलते ही कोतवाली, उद्योग नगर व सदर थाने की पुलिस के साथ क्यूआरटी टीमें मौके पर पहुंचीं और हालात को काबू में किया। इस दौरान पत्थरबाजी में शामिल कई महिलाओं सहित कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया गया। डिप्टी प्रशांत किरण ने बताया कि वन विभाग की टीम बस डिपो के पास बंजारा बस्ती में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इस दौरान बस्ती के लोगों खासकर महिलाओं ने वन विभाग की टीम पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। वन विभाग ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। भारी पुलिस बल के मौके पर पहुंचने पर भीड़ ने पुलिस पर भी पत्थरबाजी की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार बंजारा बस्ती में अतिक्रमण का मुद्दा लंबे समय से विवाद का कारण रहा है। सूत्रों की माने तो कुछ प्रभावशाली लोगों व स्कूल संचालक ने लंबे समय से सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। ऐसे में वे अन्य लोगों को आगे कर अपना बचाव कर लेते हैं।

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** शहर भर में भगवान जन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा जोशी कॉलोनी स्थित संकटमोचन बालाजी मंदिर से शुरू होकर श्याम मंदिर भूदोली रोड, खेतड़ी मोड़, कपिल हॉस्पिटल, शाहपुरा रोड, कपिल मंडी व सुभाष मंडी होते हुए पुनः संकटमोचन बालाजी मंदिर पहुंची, जहां रथयात्रा का समापन हुआ और विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। रथयात्रा के दौरान जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक महिला संगठनों सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया। रथयात्रा में इस्कॉन मुंबई, कोटा, हनुमानगढ़, चौमूं, सीकर, श्रीमाधोपुर, वृंदावन व जयपुर सहित अन्य स्थलों से आए वैष्णव भक्त शामिल हुए। भक्त हरे कृष्णा संकीर्तन पर नृत्य करते हुए झूम उठे। इस अवसर पर सुभद्रा महारानी अपने भाई बलभद्र के साथ 24 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान रही। रथ को पुष्प व नवीन वस्त्रों से सजाया गया। इस बार रथयात्रा में खास बात यह रही कि मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा बनाए गए रथ पर ठाकुरजी सवार रहे। ठाकुरजी उड़ीसा जगन्नाथपुरी से लाए गए।

## बारिश के चलते नेत्र चिकित्सा शिविर का स्थान बदला

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** शंकरा आई अस्पताल व कपिल स्मारक समिति का मासिक नेत्र चिकित्सा शिविर इस बार बारिश से चलते नई जगह पर होगा। शिविर 6 जुलाई को औद्योगिक क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किया जाएगा। पहले यह शिविर कपिल कुंज छावनी में लगता था। बारिश की आशंका को देखते हुए मरीजों की सुविधा के लिए स्थान परिवर्तन किया गया है। अग्रवाल विकास ट्रस्ट के सहयोग से यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। अग्रवाल विकास ट्रस्ट के महेश मेगोतिया ने क्षेत्रवासियों से शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। यह नेत्र चिकित्सा शिविर हर महीने के पहले रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

## ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत श्रीमाधोपुर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नांगलभीम, हांसपुर, सांवलपुरा तवरान, जुगलपुरा में गुरुवार को शिविर आयोजित किए गए। इन चारों पंचायतों के कैम्पों में दिनभर सरकारी योजनाओं में पंजीयन करवाने का उत्साह नजर आया। उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शिविरों में आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कुल 18 विभागों के कार्य एक ही जगह संपादित किए गए, जिससे ग्रामीणजनों की कई शिकायतों व कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चारों ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में राजस्व विभाग ने 75 नामान्तरण, 25 सीमाज्ञान, 8 पत्थरगढ़ी, 17 रास्ते के प्रकरण, 23 बटवारा प्रकरण, पंचायत राज विभाग के 473, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 12, कृषि विभाग 96, रसद विभाग के 30, चिकित्सा विभाग के 746, पशुपालन विभाग के 303, शिक्षा विभाग के 62, सामाजिक सुरक्षा विभाग पेंशन के 52, एवीवीएनएल के 98, वन विभाग के 165, बाल विकास परियोजना विभाग के 92 प्रकरण निस्तारित किए गए। उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 7 जुलाई को ग्राम पंचायत जोरावर नगर, कोटडी सिमारला, हथौरा, टटेरा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद, विकास अधिकारी सुनील कुमार, सुनिता कुमावत सहित सभी ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# अतिक्रमणकारियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश

### सुगम आवागमन को लेकर उपखण्ड अधिकारी ने ली व्यापार प्रतिनिधियों की बैठक

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** कस्बे में दुकानों के बाहर अस्थाई अतिक्रमण, बेतरतीब वाहन पार्किंग व स्ट्रीट वैण्डर्स की व्यवस्था में सुधार के लिए गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। अधिशासी अधिकारी डॉ. बनवारी लाल मीणा ने जानकारी दी कि बैठक उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें में व्यापार संघ के प्रतिनिधि, स्ट्रीट वेण्डर्स के प्रतिनिधि, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता, चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल उपस्थित रहे। उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने उपस्थित प्रतिनिधियों व विभागों के अधिकारियों से कहा कि आमजन को सुगम व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सड़क किनारे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया जाना अति आवश्यक है, जिसके लिए थोक व खुदरा विक्रेताओं को जागरूक किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रशासन को सख्ती से अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अधिकारी डॉ. बनवारी लाल मीणा ने कार्रवाई से पूर्व आमजन व व्यापारियों को जागरूक करने की बात कही।

इसके उपरान्त ही अतिक्रमण करने वालों पर स्थानीय पुलिस थाने व सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई करने का सुझाव दिया। थानाधिकारी मनोहर लाल ने कहा कि रोड साईड बेतरतीब वाहन खड़े नहीं हो, यह व्यापारियों को सुनिश्चित करना चाहिए और इसकी शुरूआत स्वयं के प्रतिष्ठान से करनी चाहिए। बैठक में व्यापारियों से सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं करने और स्ट्रीट वेण्डर्स से रोड सीमा को छोड़कर दुकान लगाने का आह्वान किया गया। इसके लिए जन जागरूकता व अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस अभियान के दौरान दुकानों के आगे लाईनिंग, नो-पार्किंग व अस्थाई पार्किंग स्थलों का चिन्हिकरण सहित अतिक्रमण करने वालों व गन्दगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालान, सामान जब्ती व प्रतिष्ठानों को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।



## पारिवारिक विवाद में टंकी पर चढ़े युवक को समझाइश कर उतारा

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** सदर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चला गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर गुरुवार सुबह एक युवक टंकी पर चढ़ गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समझाइश कर युवक को नीचे उतार लिया गया। घटना को लेकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर सदर पुलिस में मौके पर पहुंची। थाना अधिकारी राजेश डूडी ने बताया कि भाइयों में आपस में झगड़ा हुआ था, उसमें कार्रवाई की मांग को लेकर युवक टंकी पर चढ़ गया। पुलिस ने समझाइश कर युवक को नीचे उतारा है। पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार चला निवासी बबलू व उसके भाइयों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस पर कार्रवाई की मांग को लेकर युवक पेट्रोल की बोतल लेकर टंकी पर चढ़ गया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो सदर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को काफी समझाइश के बाद नीचे उतार गया।



देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# पद्मश्री पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की स्मृति में सजेगा महकती बंदिशों का गुलदस्ता

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत की ध्रुवपद परंपरा को 7 दशक से भी अधिक समय तक समर्पित रहे पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग की याद में शनिवार को एक विशिष्ट सांगीतिक संध्या महकती बंदिशों का गुलदस्ता आयोजित की जाएगी। शाम 5 बजे से आयोजित होने वाला यह समारोह राजस्थान सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से राजस्थान चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से चेम्बर भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक ध्रुवपद गायक डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया की आयोजन का उद्देश्य पंडित भट्ट की रचित बंदिशों को और अधिक लोकप्रिय करते हुए उन्हें संगीत-प्रेमियों और नवागंतुक पीढ़ी के बीच स्थापित करना है।

**ये कलाकार देंगे प्रस्तुति:** ग्वालियर के गायक पं. अनूप मोघे और वैशाली मोघे, जयपुर के वरिष्ठ खयाल-गायक प्रो. (डॉ.) विजयेंद्र गौतम भी अपने गुरु पंडित भट्ट की रचनाओं का गायन करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. (डॉ.) मधु भट्ट तैलंग के वक्तव्य से होगी। वे पं. तैलंग की बंदिशों की सौंदर्य-रचना, प्रयोगशीलता और संगीतात्मक विशिष्टताओं पर विचार रखेंगी।

**अनूप मोघे का होगा सम्मान:** आयोजन में पं. अनूप मोघे को वाग्गेयकार-रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन होंगे। अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अखिल शुक्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के संस्कृति-पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनीष पारीक तथा वैदिक चित्रकला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित रामू रामदेव उपस्थित रहेंगे।

## देवशयनी एकादशी पर होगा निशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

# मुरली मनोहरजी मंदिर में विद्यारंभ संस्कार महोत्सव छह को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी की ओर से रामगंज चौपड़ स्थित मुरली मनोहर जी मंदिर में देवशयनी एकादशी पर रविवार, 6 जुलाई को सुबह आठ से दस बजे तक मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ विद्यारंभ संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गोविंददेवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि यज्ञ में सभी को आहुतियां अपित करने का अवसर प्राप्त होगा। किसी भी तरह के सामान लाने की आवश्यक्ता नहीं है।

यज्ञ के दौरान पहली बार विद्यालय जाने वाले बच्चों के लिए विद्यारंभ संस्कार भी निशुल्क कराया कराया जाएगा। बच्चा पढ़ाई-लिखाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन करे इसके लिए मां सरस्वती का पूजन किया जाएगा। कॉपी या स्लेट पर बच्चे से ओम लिखवाया जाएगा। उपस्थित श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर बच्चे की उज्जवल भविष्य की कामना करेंगे।

विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सरस्वती गायत्री मंत्र से विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी। यज्ञ से पूर्व ठाकुर श्री गोविंददेवजी, मुरली मनोहर जी, वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता का पूजन किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली यज्ञ संपन्न कराएगी।

विद्यारम्भ संस्कार से बालक-बालिका में उन मूल संस्कारों की स्थापना का प्रयास किया जाता है, जिनके आधार पर उसकी शिक्षा मात्र ज्ञान न रहकर जीवन निर्माण करने वाली हितकारी विद्या के रूप में विकसित हो सके।




### देवताओं की साक्षी में होगा संस्कार

इस धर्म कर्तव्य की पूर्ति का, अनुशासन का पालन करते हुए बच्चों के अभिभावकों को अपने उत्तरदायित्व को निभाने की घोषणा के रूप में बालक का विद्यारम्भ संस्कार करना पड़ता है। देवताओं की साक्षी में समाज को यह बताना पड़ता है कि मैं अपने परम पवित्र कर्तव्य को भूला नहीं हूं, वरन उसकी पूर्ति के लिए समुचित उत्साह के साथ कटिबद्ध हो रहा हूं। ऐसा ही प्रत्येक मनुष्य को करना चाहिए। किसी को भी अपनी संतान को विद्या से वंचित नहीं रहने देना चाहिए।

### क्या है विद्यारंभ संस्कार

गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि जब बालक-बालिका की आयु शिक्षा ग्रहण करने योग्य हो जाती है तब उसका विद्यारंभ संस्कार कराया जाता है। इस संस्कार से जहां एक ओर बालक में अध्ययन का उत्साह पैदा किया जाता है, वही अभिभावकों, शिक्षकों को भी उनके इस पवित्र और महान दायित्व के प्रति जागरूक कराया जाता है कि बालक को अक्षर ज्ञान, विषयों के ज्ञान के साथ श्रेष्ठ जीवन के सूत्रों का भी बोध और अभ्यास कराते रहे। प्रत्येक अभिभावक का यह धर्म और कर्तव्य है कि बालक को जन्म देने के साथ-साथ आई हुई जिम्मेदारियों में से भोजन, वस्त्र आदि की शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति होने पर उसकी शिक्षा- दीक्षा का प्रबंध करे। जिस प्रकार कोई माता-पिता जन्म देने के बाद उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारी से इंकार कर उसे कहीं झाड़ी आदि में फेंक दें, तो वे अपराधी माने जाएंगे। ठीक उसी प्रकार जो लोग बच्चों की शिक्षा-दीक्षा का प्रबंध न करके, उन्हें मानसिक विकास एवं मानव जाति की संगृहीत ज्ञान-सम्पत्ति का साझेदार बनने से वंचित रखते हैं, वे भी उसी श्रेणी के अपराधी हैं, जैसे कि बच्चों को भूखों मार डालने वाले। इस पाप एवं अपराध से मुक्ति पाने के लिए हर अभिभावक को अपने हर बच्चे की शिक्षा का चाहे वह लड़की हो या लड़का, अपनी सामर्थ्य के अनुसार पूरा- पूरा प्रबंध करना होता है।

# मुकुलिका बैद शिक्षा विभूषण सम्मान से सम्मानित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए समाजसेविका मुकुलिका बैद पत्नी जुगल किशोर बैद को शिक्षा विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। मुकुलिका को यह सम्मान शिक्षा विभाग की ओर से जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिला सभागार में हुए 29वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदान किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार गुरु पूर्णिमा से जन्माष्टमी तक चलाएगा वृहद् वृक्षारोपण अभियान

## पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पहल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री परिवार की ओर से वर्षा ऋतु में गुरुपूर्णिमा, 10 जुलाई से जन्माष्टमी, 16 अगस्त तक पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वृहद् वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। गायत्री परिवार ने इस साल एक वृक्ष माताजी के नाम योजना के तहत देशभर में लाखों पौधे लगाने का संकल्प लिया है। गायत्री परिवार इस अभियान को केवल वृक्ष लगाने का कार्य नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गुरु के प्रति समर्पण और भावी पीढ़ी के लिए हरित भविष्य की नींव रखने का पुण्य प्रयास के रूप में संचालित करेगा। गायत्री परिवार ने अभियान के अंतर्गत दस वृक्षारोपण योजनाएं तैयार की है।

इसमें माताजी की बाड़ी, श्रद्धा रोपणी, माता भगवती वन, वनौषधियों की वाटिका, शाक वाटिका और गमले में बाड़ी, बीज बम अभियान, तुलसी वृंदावन की स्थापना, एक परिजन, एक वृक्ष प्रमुख है। माताजी की बाड़ी हर उस घर में लगाई जाएगी जहां 3×3 फीट स्थान उपलब्ध हो।

वहां 50 औषधीय या उपयोगी पौधे रोपित कर 2026 तक उनका पालन-पोषण करने का आह्वान किया गया है। श्रद्धा रोपणी के अंतर्गत हर शक्तिपीठ 10×10 फीट की रोपणी तैयार करेंगे जिसमें 500-1000 पौधे विकसित किए जाएंगे। इन पौधों को जन्मदिन, विवाहदिवस आदि पर तरु-प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। माता भगवती वन शिक्षण संस्थानों, खाली जमीन, टेकरी, नदी किनारे को गोद लेकर विकसित किया जाएगा। यह पर्यावरण के साथ माताजी को सजीव श्रद्धांजलि होगा।



### विचार क्रांति का यज्ञ है अभियान

गायत्री परिवार राजस्थान जोन समन्वयक गौरीशंकर सैनी ने बताया कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण का नहीं बल्कि विचार क्रांति का यज्ञ है। इसलिए सहभागी परिजनों को गायत्री साधना और युग साहित्य से जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। औषधीय, धार्मिक, छायादार, फलदार और स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण के लिए स्थानीय प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर ही तरुपुत्र रोपण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### गमलों में लगाएंगे औषधीय पौधे

घर पर वनौषधियों की वाटिका भी विकसित की जाएगी। तुलसी, गिलोय, एलोवेरा, वासा, हल्दी, अदरक जैसे 20 औषधीय पौधों को गमलों में लगाकर स्वास्थ्य संवर्धन का कार्य किया जाएगा। रसायन रहित, पोषण से भरपूर घरेलू सब्जियों की बाड़ी घर-घर में विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसे शाक वाटिका और गमले में बाड़ी नाम दिया गया है। हर घर में तुलसी का बिरवा लगाकर धार्मिक और औषधीय चेतना को जागृत करने की अपील की गई है। जगह-जगह तुलसी वृंदावन की स्थापना की जाएगी।

### एक परिजन, एक वृक्ष

हर परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और एक वर्ष तक उसकी सेवा करे। यदि देशभर में करोड़ों परिवार यह करें तो यह अभियान हरित ांति का रूप ले सकता है। इस बार राखी के अवसर पर भाई-बहन एक-दूसरे के नाम का पौधा लगाकर उसे तरु भेंट करेंगे जिससे पर्व को नई अर्थवत्ता मिले। पूर्व में विकसित वनों में अब बड़े पेड़ों की छाया में वनौषधियों का रोपण कर उन्हें बहुस्तरीय हरित क्षेत्र में बदला जाएगा। श्रीराम स्मृति वन में औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन की पूर्व संध्या पर निकली कलश यात्रा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री शिवशक्ति नवयुवक मंडल संस्थान की ओर से चार जुलाई को गोनेर रोड पर बीपीएल गोदाम के सामने स्थित किशन महल गार्डन में तृतीय विवाह सम्मेलन और श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर चार कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। गुरुवार को लक्ष्मीनगर बी से गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। सभी महिलाएं सिर पर कलश लेकर चुनरी की साड़ी पहन कर चल रही थी।

आयोजन स्थल पर गौतम प्रजापत, किशन लाल मीणा, कलश यात्रा संयोजक मनीष बगड़ा, राहुल खंडेलवाल ने कलश यात्रा की अगवानी की गई। शुक्रवार 4 जुलाई को सामूहिक विवाह संपन्न होगा। इसके बाद भजन संध्या होगी।

श्याम प्रभु के दरबार में कुमार गिरार्ज शरण, मनीष गर्ग, गोपाल सेन, अमित नामा, राज राठौड़, मनोज शर्मा, महेश परमार, अभिषेक नामा, सौरव शर्मा, गौत्तम शर्मा, राहुल खंडेलवाल, प्रभा वर्मा, सोनू छीपा, सागर शर्मा सहित अनेक भजन गायक श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे।

# डीएवी विद्यालय में हवन एवं सम्मान समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजापार्क स्थित बर्फखाना में डीएवी सेंट्रल सीनियर सैकंडरी विद्यालय में गुरुवार को नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मृदुला सामवेदी रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गोविंद मुद्गल ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए मेहनत, समर्पण और अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# गॉसिपगर्ल्स लाइफस्टाइल एग्जिबिशन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गॉसिप गर्ल्स की ओर से दो दिवसीय डिजाइनर एंड पॉप अप लग्जरियस लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का गुरुवार से आगाज हुआ। यह एग्जिबिशन 22 गोदाम स्थित पांच सितारा होटल होलीडे इन में आयोजित की जा रही है। एग्जिबिशन 4 जुलाई को सुबह 11 से रात 8 बजे तक रहेगी। गॉसिप गर्ल्स की फाउंडर सलोनी मोदी और वर्तिका हरकावट ने बताया कि इस पॉप अप लग्जरियस लाइफस्टाइल एग्जिबिशन में डिजाइनर आउटफिट्स किड्स वियर कार्ड सेट कुर्ती चिकनकारी सूट व लहंगा जूतियां कलरफुल पोटली डिजाइनर व ज्वेलरी और होम डेकोर का कलेक्शन शोकेस किया जाएगा। यहां विजिटर्स के आकर्षण के लिए एग्जीबिशन में अनेक प्रकार की वर्कशॉप भी रखी गई है।



# गुरु नौ को मिथुन राशि में होंगे उदय



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** संतान, विवाह और ज्ञान के कारक देव गुरु बृहस्पति 9 जुलाई को रात्रि करीब 11 बजे मिथुन राशि में उदय होने जा रहे हैं। वह 9 जुलाई 2025 को रात 10 बजकर 50 मिनट पर मिथुन राशि में उदित होंगे।

मान्यता है कि गुरु के उदय होने पर उनका प्रभाव और भी बढ़ जाता है। चूंकि गुरु संतान, वैवाहिक सुख, और धन-धर्म के कारक है इसलिए उनके गोचर का प्रभाव जातकों के जीवन से लेकर देश-दुनिया पर भी दिखाई देता है। ज्योतिषियों के मुताबिक देव गुरु बृहस्पति के उदय होने पर सरकारी क्षेत्रों में इसका खास असर होगा। देश में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। हालांकि कुछ राशि वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

मेष राशि वालों की कार्यक्षेत्र में समस्याएं बढ़ सकती हैं। भावनात्मक रूप से खुद को थोड़ा अकेला महसूस करेंगे। इस समय आप किसी भी कार्य को बहुत सावधानी के साथ करें, तो बेहतर रहेगा। किसी नए रिश्ते में आने की जल्दबाजी न करें। सेहत में दिक्कतें हो सकती हैं। विशेष रूप से पेट संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। सरकारी कामों में सावधानी बरतें। शत्रु या प्रतिस्पर्धी सक्रिय हो सकते हैं, पर आप अपनी सूझ-बूझ से उन्हें मात दे पाएंगे। कोर्ट का कोई मामला अभी परेशान कर सकता है।

### कन्या राशि पर प्रभाव

कन्या राशि के लोग निवेश करने से बचें। स्वास्थ्य में मामूली उतार-चढ़ाव संभव है, विशेष रूप से जोड़ों या त्वचा से जुड़ी समस्याएं। आप किसी भी काम को पूरा करने के लिए भाग्य के भरोसे न बैठें बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं। अत्यधिक खर्च के चलते वित्तीय संतुलन बिगड़ सकता है। दोस्त से मित्रता खराब होने पर मन परेशान रहेगा।

जोखिम भरी योजनाओं में भूलकर भी निवेश न करें। आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे जिससे लोगों की बात बुरी लगेगी।सफलता के लिए अभी और मेहनत करनी होगी।

### मकर राशि पर प्रभाव

मकर राशि के लोग यात्रा करने से बचें, क्योंकि आपको जीवन से जुड़े कुछ बड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं। जीवन साथी की निजता का सम्मान करें नहीं तो रिश्ता टूट सकता है। करियर-कारोबार में मंदी का सामना करना पड़ सकता है लेकिन आप धैर्य रखें धीमी गति से ही सही, लेकिन प्रगति होती नजर आएगी। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहते हुए लोगों के साथ बेवजह उलझने से बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में अचानक बदलाव या असहज स्थिति सामने आ सकती है। मान-सम्मान में कमी देखने को मिलेगी। मन परेशान रहेगा जिससे काम प्रभावित होंगे।

# उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए डॉ. हीरावत सम्मानित

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल कॉउन्सिल की ओर से चिकित्सक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डायरेक्टरेट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेस के उपाधीक्षक एवं जयपुरिया हॉस्पिटल मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवारत डॉ. राकेश हीरावत को उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए सम्मानित किया। समारोह मं चिकित्सा मन्त्री गजेंद्र खीमसर एवं अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

डॉ. हीरावत ने अखिल राजस्थान राज्य सेवारत चिकित्सक संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री रहते हुए चिकित्सा समुदाय के लिए अनेक हितकारी कार्य कराए। जननी सुरक्षा योजना के राज्य नोडल अधिकारी रहते हुए मातृ मृत्यु दर को बहुत नीचे ले आए।

लम्बे समय से जन सुलभ चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रयासरत रह कर सक्षम स्तर पर आमजन की बात पहुंचाकर लोगों को लाभान्वित कर रहें हैं। साथ ही बालिका शिक्षा के लिए समर्पित एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महिला महाविद्यालय, रामबाग के संयोजक का चुनौती पूर्ण दायित्व संभाल कर उच्च गुणवत्तायुक्त रोजगार परक शिक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

**वर्चुअल बैठक**

## गायत्री परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की घोषणा

# उत्साह के साथ मनाया जाएगा अखंड दीप शताब्दी वर्ष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं सिद्ध अखण्ड दीप की शताब्दी वर्ष 2026 के आयोजन के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। इसमें गायत्री परिवार के देशभर के प्रतिनिधि शामिल हुए। देश के युवा आइकान और देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या, युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि सहित देशभर से चयनित वरिष्ठ गायत्री परिजनों ने संबोधित किया। वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता कर रहे देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि शताब्दी वर्ष पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ज्योति अब ज्वाला बनेगी, इसके प्रकाश पुंज से पूरी मानवता को प्रकाशित की जानी है। यह शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि युग निर्माण की चेतना को पुनः जाग्रत करने का सशक्त अवसर है। माताजी के तप, त्याग एवं सेवा तथा सिद्ध अखण्ड दीपक से प्रेरणा प्रकाश लेकर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संवाहक बनें। गायत्री परिवार का यह शताब्दी आयोजन वैश्विक स्तर पर जनमानस को आत्मिक चेतना, सेवा, साधना और संस्कारों से जोड़ने वाला होगा।



युवा आइकॉन डॉ. पण्ड्या ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हरिद्वार में दो प्रमुख आयोजन होंगे। पहला आगामी जनवरी माह में तथा दूसरा नवंबर 2026 में। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने कहा कि जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की स्वरूप की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्रीय जोनल समन्वयक डॉ. ओपी शर्मा ने गायत्री परिवार के करोड़ों परिजनों द्वारा निभाए जाने वाले उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व शांतिकुंज में शताब्दी कार्यालय का शुभारंभ भी किया गया। साथ ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल दीदी के मार्गदर्शन में एक उच्च स्तरीय केंद्रीय टीम का गठन किया गया है, जो शताब्दी आयोजन की योजना, समन्वय एवं क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेगी। इस अवसर पर श्याम बिहारी दुबे, परमानंद द्विवेदी, केन्द्रीय जोन समन्वयक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय इकाई की प्रथम मासिक बैठक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय इकाई की प्रथम मासिक बैठक एवं पुनर्गठन दायित्व घोषणा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रांत अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने इकाई के दायित्व की घोषणा की। इकाई के अध्यक्ष भीमराज शर्मा, सचिव सुचेता अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल एवं अमित गोयल को बनाया गया।




सह सचिव पारुल को बनाया गया। कोषाध्यक्ष विवेक जोशी, स्थापना प्रमुख श्रवण कुमार, पारिवारिक स्नेह मिलन प्रमुख रोहित जैन, सेमिनार प्रमुख कैलाश झालान, आईटी प्रमुख चेतन सैनी, मीडिया प्रभारी राजकुमार वेध, योगेश को स्थापना दिवस प्रमुख बनाया गया।

# हिमाचल में कुदरत का कहर!

## लगातार फट रहे बादलों से हाहाकार, आखिर कब जागेगा सिस्टम

**हिमाचल** प्रदेश पर इन दिनों कुदरत की बेजा मार पड़ रही है। बादल फटने की घटनाओं से मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। कई पहाड़ी इलाके भी चपेट में आए हैं। एक तरफ नदियां उफन रही हैं, तो दूसरी तरफ जमीन धंसने से खतरा बढ़ा है। मंगलवार देर रात मंडी जिले में बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। दस लोगों की असमय मौत हो गई, जबकि कई लोग लापता हैं। मौतों का यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। यह हादसा कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले के कई हिस्सों से संपर्क टूट गया है। गांवों में सैंकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए, तो कुछ बह गए। राज्य में एक दिन में बादल फटने की ग्यारह घटनाएं हुईं, जिनमें सबसे अधिक मंडी जिले में दर्ज की गईं। यह दुखद है कि मानसून के बादल हिमाचल प्रदेश के लोगों पर आफत बनकर बरसे हैं। अगर समय पूर्व चेतावनी देने के तंत्र की माकूल व्यवस्था की गई होती तो शायद जान-माल का इतना नुकसान नहीं होता। वैसे बादल फटना कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ रही है। इसके लिए कहीं न कहीं हम स्वयं जिम्मेदार हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्र में तेजी से बदलते मौसम के मिजाज को समझने की जरूरत है। बचाव के क्या रास्ते हो सकते हैं, इस पर विचार करना होगा। यह जलवायु संकट का ही परिणाम है कि अब पहाड़ों पर भी गर्मी पड़ रही है और मानसून में बादल फटने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञों



का कहना है कि नमी बढ़ने और गर्म हवा के तेजी से ऊपर उठने के कारण बादल फट रहे हैं और तबाही मचा रहे हैं। ऐसे में चट्टानें, मिट्टी और पेड़ बहते हुए जब नीचे की ओर तेजी से आते हैं, तो रास्ते में आने वाली हर चीज को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। इस प्राकृतिक आपदा से कृषि भूमि तो बर्बाद होती ही है, सड़कें और पुल भी ध्वस्त हो जाते हैं और जान-माल का नुकसान भी होता है। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में बार-बार बादल फटने की घटनाएं एक गंभीर चेतावनी है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। एक समय था जब हिमाचल प्रदेश अपनी हरी-भरी वादियों, शांत पहाड़ों और बर्फीली चोटियों के लिए मशहूर था। लेकिन अब वही वादियां बार-बार कुदरती आपदाओं की चपेट में आ रही हैं। कभी भूस्खलन होता है, तो कभी बादल फटते हैं, कभी बाढ़ आती है, तो कभी फ्लैश फ्लड। इन घटनाओं से न सिर्फ जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था और पर्यटन पर भी गहरा असर पड़ा है। ऐसे में यह सवाल मौजू हो गया है कि आखिर हिमाचल के हालात इतने बिगड़ क्यों गए हैं! जलवायु परिवर्तन, भौगोलिक कमजोरियां और मानवीय गलतियां मिलकर हिमाचल को तबाही की ओर धकेल रही हैं इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। हिमाचल में औसतन 1.6 डिग्री सेल्सियस तापमान बीते 100 सालों में बढ़ा है। इससे बारिश का पैटर्न पूरी तरह बदल गया है। अब बारिश पहले की तरह धीरे-धीरे नहीं बल्कि एकदम तेज और कम समय में होती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। बादल फटना अब हिमाचल प्रदेश में एक आम घटना बनता जा रहा है। यह तब होता है जब बहुत कम समय में किसी छोटे से इलाके में अत्यधिक बारिश हो जाती है, जिससे भारी तबाही होती है। 2024 में हिमाचल में बादल फटने की 18 घटनाएं दर्ज की गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे इस तरह की घटनाओं की आवृत्ति में तेजी आई है। इसके अलावा, राज्य में बारिश का पैटर्न भी बदल गया है। 2023 में कुल्लू जिले में सामान्य से 180फीसदी ज्यादा बारिश हुई, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ा और पहाड़ों की ढलान कमजोर हो गई। नतीजतन, भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती गईं। इसके साथ ही, मानसून के समय अगर पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो जाए तो बारिश और अधिक तीव्र हो जाती है। जुलाई 2023 में ऐसा ही एक विक्षोभ शिमला, मंडी और कुल्लू में भारी तबाही का कारण बना, जब मानसूनी बारिश और पश्चिमी विक्षोभ ने मिलकर बेहद खतरनाक हालात पैदा कर दिए। हिमाचल प्रदेश हिमालय के उस हिस्से में है जो भूवैज्ञानिक रूप से अभी भी सक्रिय और अस्थिर है। यह क्षेत्र भूकंप के लिहाज से सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में आता है। हिमाचल प्रदेश भूकंपीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और कुल्लू जैसे जिले भूकंप के लिहाज से जोन 4 और 5 में आते हैं, जहां तीव्र भूकंप आने की संभावना अधिक रहती है। भूकंप के साथ जब लगातार बारिश होती है, तो चट्टानें और मिट्टी की परतें कमजोर हो जाती हैं, जिससे भूस्खलन और स्लाइडिंग की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, हिमाचल की लगभग 58फीसदी भूमि तेज मिट्टी कटाव के खतरे में है। राज्य के पहाड़ों की ऊंचाई और ढलानों की तीव्रता के कारण बारिश का पानी तेजी से नीचे की ओर बहता है और अपने साथ मिट्टी को भी बहाकर ले जाता है, जिससे पहाड़ों की स्थिरता प्रभावित होती है। इस स्थिति का सीधा असर भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के रूप में सामने आता है, जो न सिर्फ जन-धन की हानि का कारण बनती हैं बल्कि इलाके की पारिस्थितिकी को भी नुकसान पहुंचाती हैं। अतः अब हिमाचल प्रदेश को बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए सुनियोजित और स्थाई उपायों की सख्त जरूरत है। सबसे पहले, हर विकास परियोजना से पहले पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) को अनिवार्य और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए, ताकि संभावित खतरों का सही आकलन हो सके। निर्माण कार्यों के लिए वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग आवश्यक है, जैसे सीढ़ीनुमा कटाई को बढ़ावा देना और इमारतों व सड़कों के निर्माण से पहले स्थानीय भूगर्भीय परिस्थितियों की जांच करना। साथ ही, जंगलों का संरक्षण बेहद जरूरी है। इसके लिए पेड़ों की कटाई पर सख्त रोक और पुनर्वनीकरण की प्रक्रिया को तेज किया जाना चाहिए। आपदाओं से समय पर निपटने के लिए हर गांव और शहर में स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किए जाएं ताकि लोगों को समय रहते चेतावनी मिल सके।

**मानसून के बादल हिमाचल प्रदेश के लोगों पर आफत बनकर बरसे हैं। अगर समय पूर्व चेतावनी देने के तंत्र की माकूल व्यवस्था की गई होती तो शायद जान-माल का इतना नुकसान नहीं होता। वैसे बादल फटना कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ रही है। इसके लिए कहीं न कहीं हम स्वयं जिम्मेदार हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्र में तेजी से बदलते मौसम के मिजाज को समझने की जरूरत है। बचाव के क्या रास्ते हो सकते हैं, इस पर विचार करना होगा। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में बार-बार बादल फटने की घटनाएं एक गंभीर चेतावनी है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।**

# गायत्री की जगमग ज्योति बनी प्रकाशपुंज

**पूनम नेगी**

**इन** दिनों अखिल विश्व गायत्री परिवार देश-विदेश में ज्योति कलश यात्राएं निकाल रहा है। ये यात्राएं गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकल रही हैं। बता दें कि आचार्यश्री ने आवलखेड़ा (आगरा) में 1926 की वसंत पंचमी पर एक अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की थी। 1971 में यही ज्योति हरिद्वार स्थित शांतिकुंज लाई गई। यह ज्योति 1926 से लगातार जल रही है। इसके सामने कम से कम एक देव कन्या (कुमारी कन्या) 24 घंटे साधनारत रहती है। आचार्यश्री की सहधर्मिणी भगवती देवी शर्मा, जिन्हें वंदनीया माता जी के नाम से जाना जाता है, ने इस ज्योति से देव कन्याओं को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई थी। 2026 में उनका भी शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। इन दोनों अवसरों को देखते हुए पूरा गायत्री परिवार ज्योति यात्राओं को सफल बनाने में जुटा है। इन यात्राओं की पूर्णाहुति 2026 की वसंत पंचमी को हरिद्वार में होगी। गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पंड्या बताते हैं, '90 से अधिक देशों में विस्तारित 15 करोड़ की सदस्य संख्या वाले अखिल विश्व गायत्री परिवार का विस्तार जिन आधारों पर हुआ है; उनमें इन दोनों आधारों (अखंड दीप और वंदनीया माता जी) की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इन आधारों को और बल देने और सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 2024 से ही अखंड ज्योति यात्राएं निकाली जा रही हैं।'

भारत में अब तक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में ज्योति कलश यात्राएं निकल चुकी हैं। वहीं लातविया, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, रूस, अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, दुबई आदि कई देशों में यात्राएं निकल चुकी हैं और कई जगह तैयारी चल रही है। ये यात्राएं सनातन संस्कृति की ज्ञानधारा को प्रवाहित करने और युगऋषि के क्रांतिकारी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अभूतपूर्व भूमिका निभा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 7 सितंबर, 2024 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शांतिकुंज में ज्योति कलश यात्रा का उद्घाटन किया था। उस समय उन्होंने गायत्री परिवार के इस अभियान की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के उन्नयन की दिशा में अभूतपूर्व कदम बताया था।

गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में निकलने वाली इन ज्योति कलश यात्राओं के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या कहते हैं, 'विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़े वर्तमान के विषम वैश्विक परिवेश में लोगों के घरों से लेकर मनों तक जो वैचारिक अंधकार फैला हुआ है, उसे परास्त करने के लिए सद्विचारों की ज्योति जलाना युगधर्म है। ऋषियुग्म के तप, त्याग व तितिक्षा की साक्षी अखंड ज्योति के दिव्य प्रकाश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ये ज्योति कलश यात्राएं निकाली जा रही हैं। इन यात्राओं का लक्ष्य लोगों का भावनात्मक नवनिर्माण करना है। हम स्वयं जागें



और 100-100 को जगाकर पावन गुरुसत्ता को सार्थक श्रद्धांजलि दें, यही इन ज्योति कलश यात्राओं का लक्ष्य है। इस अभियान के अंतर्गत शांतिकुंज के तत्वावधान में समय, श्रम व अंशदान के द्वारा घर-घर यज्ञ एवं सुसंस्कारों के बीजारोपण की जो परंपराएं चलाई जा रही हैं; उन्हें नई गति देना है। युगऋषि का संदेश गांव-गांव में पहुंचाना है। साथ ही नशा निवारण, वृक्षारोपण, कुरीति उन्मूलन, स्वच्छता अभियान को प्रभावशाली ढंग से कार्यान्वित करने के साथ ही युवाओं को सृजनात्मक कार्य से जोड़ने और वनवासी क्षेत्रों में कन्वर्जन रोकने की गतिविधियों को तीव्र गति देना है।'

वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा ने जहां एक ओर युगद्रष्टा की सहधर्मिणी बनकर कुशल संगठक के रूप में गायत्री परिवार की बागडोर संभाली थी; वहीं उन्होंने नारी जागरण आंदोलन द्वारा नारियों को मूढ़ मान्यताओं से बाहर निकाल उन्हें वैदिक कर्मकांड परंपरा में दीक्षित कर 'ब्रह्मवादिनी' बनाया था। यह माताजी का प्रबल पुरुषार्थ ही था कि आज गायत्री परिवार की लाखों नारियां देश-विदेश की भूमि से यज्ञ संस्कारों का सफल संचालन कर रही हैं। यही नहीं, बीती सदी में 26 अश्वमेध महायज्ञों का सफल आयोजन कर उन्होंने जिस तरह सभी मतों, जातियों के लोगों को एक मंच पर लाकर भारतीय संस्कृति का शंखनाद किया, उसे निःसंदेह अभूतपूर्व ही कहा जाएगा।

वेदशास्त्रों में उल्लेख आता है कि यदि गोमाता के घृत से कोई दीपक लगातार 24 वर्ष तक जलता रहे तो वह स्वतः ही सिद्ध हो जाता है और ऐसे सिद्ध दीपक के दर्शन मात्र से ही जन्म-जन्मांतरों के पापों का नाश हो जाता है। ऐसा ही एक सिद्ध अखंड दीपक हरिद्वार स्थित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में जल रहा है। गायत्री के साधकों का अटूट विश्वास है कि इस दीपक के सामने खड़े होकर केवल 11 बार गायत्री मंत्र का जप करने से जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान सहज ही हो जाता है। ज्ञातव्य है कि 1926 में गोघृत से प्रज्ज्वलित इस सिद्ध अखंड दीपक के सामने बैठकर स्वयं आचार्यश्री ने सवा-सवा लाख के गायत्री महामंत्र जप के 24 महापुरश्चरणों का महाअनुष्ठान संपन्न किया था। आचार्यश्री कहा करते थे कि यह अखंड दीप कोई सामान्य दीपक नहीं, वरन् गायत्री तीर्थ शांतिकुंज की आत्मा है, जिसकी दिव्य ज्योति में आद्यशक्ति वेदमाता गायत्री स्वयं निवास करती हैं।

डॉ. चिन्मय बताते हैं, 'युग निर्माण योजना के अंतर्गत परम पूज्य गुरुदेव ने अपनी सूक्ष्मीकरण साधना में पांच वीरभद्र तैयार कर उन्हें पांच प्रमुख काम सौंपे थे-वायुमंडल का शोधन, वातावरण का परिशोधन, नवयुग का निर्माण, महाविनाश की संभावना का निरस्तीकरण और देवमानवों को जोड़ना। इनमें प्रथम चार कार्य को ऋषिसत्ता स्वयं कर रही है मगर उनके शिष्य और अनुयायी होने के नाते हमें मात्र एक काम करना है- देवमानवों को जोड़ना। इन ज्योति कलश यात्राओं की सफलता के लिए मिशन की सक्रियता के पांच प्रमुख चरण हैं- ढूंढ़ना, मिलना, मिशन को समझाना, भाव जगाना और उनके साथ दो पग की यात्रा करना। इसके तहत हमें पांच प्रकार के परिजनों को ढूंढना है-विद्वान, धनवान, शक्ति संपन्न प्रतिभा संपन्न और भावनाशील। इसके लिए सघन जनसंपर्क ही इन यात्राओं का मूल उद्देश्य है। इसके लिए प्रत्येक गायत्री परिजन के घर की अलग पहचान जरूरी है। उनके घर के प्रवेश द्वार पर सद्विचारों अथवा गायत्री मंत्र के बोर्ड या स्टिकर अथवा मशाल के चित्र लगे हों, ताकि उन घरों को देखकर ऐसा प्रतीत हो जैसे गुरुदेव-माताजी की दिव्य चेतना यहां निवास करती है। पूज्य गुरुसत्ता ने ब्रह्मकमल के ब्रह्मबीज संपूर्ण विश्व में बिखेरे हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि उन बीजों को खोजने तथा उन तक खाद, पानी एवं धूप पहुंचाने की चिंता करें।

# ऑपरेशन सिंधु : मोदी सरकार ने फिर निभाया मित्रता धर्म, जीता सबका विश्वास

**लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास**,
पीवीएसएम, बार टू एसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त)

**भारत** ने 13 जून से इजरायल-ईरान युद्ध के संघर्ष क्षेत्र से ईरान और इजरायल में रह रहे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु को 18 जून से शुरू किया। भारतीय नागरिकों को दोनों देशों को छोड़ने के लिए पहले से ही चेतावनी दी गई थी, लेकिन वे किसी वजह से पश्चिम एशिया में संघर्षग्रस्त क्षेत्र को नहीं छोड़ सके। संघर्ष विराम होने तक, इसके तहत 4500 से अधिक भारतीय नागरिकों को हवाई मार्ग से निकाला गया है, जिनमें से लगभग 3600 ईरान से और लगभग 900 इजरायल से हैं। मित्र देशों के कुछ लोगों को भी निकाला गया है जो हमारी वैश्विक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। समाचार रिपोर्टों से कोई भी यह नोटिस कर सकता है कि ईरान से निकाले गए अधिकांश भारतीय जम्मू और कश्मीर के छात्र थे। बड़ी संख्या में निकाले गए लोग भारतीय मुस्लिम थे और सुरक्षित निकाले गए सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। मोदी सरकार ने एक बार फिर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आदर्श को मानते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। जबकि अन्य देशों ने भी ईरान और इजराइल से अपने नागरिकों को निकाला, यह केवल भारत था जिसने कम से कम समय में अधिकतम संख्या में भारतीयों को निकाला। वास्तव में, भारत संघर्षग्रस्त देशों और संघर्ष क्षेत्रों में रहने वाले अपने नागरिकों की मदद करने के लिए मॉडल देश रहा है। पिछले 5 वर्षों में,कई संघर्ष की स्थितियां रही हैं, चाहे वह रूस, यूक्रेन, यमन, सीरिया, लेबनान, लीबिया आदि में हो, भारत ने सदा अपने नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। भारत ने हमेशा अपने नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर अपने देश में वापसी या सुरक्षित क्षेत्रों में वापस ले जाने में मदद की है। संघर्ष की स्थितियों में इन सभी देशों में भारतीय दूतावास भारतीय नागरिकों से संपर्क करने के लिए सक्रिय रहे हैं। इतना ही नहीं, जब भारतीय नागरिक लौटते हैं, तो मोदी सरकार के एक मंत्री द्वारा उनका स्वागत और अभिनंदन किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की जाती है कि वे भारत के भीतर अपने परिवार के गंतव्य तक पहुंचें। वास्तव में, यमन में चल रही भीषण लड़ाई के दौरान यमन से लगभग 4700 भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए 2015 में शुरू किया गया ऑपरेशन राहत एक आदर्श निकासी है। जब सऊदी अरब और उसके सहयोगियों ने यमन पर आक्रमण किया तब वहां की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में, जो उस समय मोदी 1.0 सरकार में मंत्री थे, भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने हवाई और समुद्र के रास्ते विषम स्थितियों में भारतीय नागरिकों को निकाला। ऑपरेशन राहत के दौरान 960 विदेशी नागरिकों को भी निकाला। यह मोदी सरकार द्वारा 'सबका विश्वास' का पहला प्रमाण था। जहां तक मुसलमानों तक पहुंच बनाने की बात है, मोदी सरकार के खिलाफ अक्सर नकारात्मक नेरेटिव बनाया गया है। विपक्षी दलों ने किसी न किसी बहाने सरकार की मुस्लिम विरोधी तस्वीर



पेश की है। राम जन्मभूमि आंदोलन से शुरू होकर, ट्रिपल तलाक और नवीनतम वक्फ संशोधन अधिनियम तक, यह चित्रित किया गया है कि भारत में मुसलमान हाशिए पर हैं। सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है और मुसलमानों की बड़ी आबादी ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाया है। बड़ी संख्या में मुस्लिम छात्र चिकित्सा और अन्य व्यावसायिक विषयों का अध्ययन करने के लिए ईरान जैसे देशों में गए हैं, उनकी बेहतर आर्थिक स्थिति का संकेत है। मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग खाड़ी देशों में काम कर रहा है और भारत में मूल स्थान पर उनके धन के प्रेषण से समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में और सुधार होता है। अनुमान है कि लगभग 87 लाख भारतीय संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन आदि देशों में काम कर रहे हैं। अगर यह मान लें कि भारतीय श्रमिकों में से आधे लोग मुस्लिम हैं, तो भी यह एक बड़ी संख्या है जो आर्थिक रूप से बेहतर है। मोदी सरकार ने देशभर में शिल्पकारों और इसी तरह के कौशल श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने की भी कोशिश की है। उनके उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। इसके अलावा, ऑनलाइन शॉपिंग उन्हें उनके उत्पादों के लिए अच्छा मूल्य भी प्रदान करती है। जैसे कि,सरकार की पहल ने बनारसी साड़ी और रेशम उत्पादों की विदेशी मांग में 75फीसदी की वृद्धि देखी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने से घरेलू मांग में भी 70फीसदी की वृद्धि हुई है। इसलिए, यदि कोई समुदाय कुशल है, तो यह निश्चित रूप से मोदी सरकार के तहत आर्थिक रूप से अधिक सशक्त है। इस प्रकार, सबके विकास को उचित रूप से हासिल किया जा रहा है। भारतीय सेना में सभी समुदाय मिलजुल कर रहते हैं और देश सेवा करते हैं। भारतीय सेना में सभी त्यौहार मनाए जाते हैं। धार्मिक स्थल को 'सर्व धर्म स्थल' कहा जाता है। भर्ती की प्रक्रिया भी सभी समुदायों के लिए समान रूप से खुली हैं। सभी का चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। भारतीय सेना में हर समुदाय को समान अधिकार हैं। मैंने अपने सैन्य करिअर में धर्म के आधार पर कभी भी कोई पक्षपात नहीं देखा। जो काबिल था वही अपने करिअर में आगे बढ़ सका। भारतीय सेना सबका विश्वास को आत्मसात करके चलती है। यह आश्चर्य की बात है कि मुख्यधारा का मीडिया भी ऑपरेशन सिंधु जैसी सकारात्मक कहानियों के बारे में कम कहता है। सोशल मीडिया भी सबका विश्वास की सकारात्मकता को पर्याप्त रूप से कवर नहीं करता है। राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से, संकट की स्थितियों में एकता और एकजुटता की भावना भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। ऑपरेशन सिंधु जैसे कार्यक्रम राष्ट्रीय एकजुटता और दुनिया में कहीं भी स्थित अपने नागरिकों के प्रति इसकी नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। आज देशवासी, चाहे वे किसी भी समुदाय के हों, विदेश में काम करने में सुरक्षित महसूस करते हैं क्योंकि उन्हें मोदी सरकार में विश्वास है। यह भी महत्वपूर्ण है कि जब आप एक-दूसरे का सम्मान करते हैं तो अंतर सामुदायिक विश्वास विकसित होता है। प्रत्येक धर्म की कुछ मान्यताएं और अनुष्ठान होते हैं। यहां तक कि त्यौहारों को एक-दूसरे की संवेदनशीलता और भोजन की आदतों का सम्मान करके मनाया जाता है। इसलिए,जब महाकुंभ, वक्फ अधिनियम या कांवड यात्रा के महत्व को कम करके विपक्ष द्वारा ध्रुवीकरण करने का प्रयास किया जाता है, तो समाज के नकारात्मक तत्वों द्वारा अंतर-धार्मिक बंधन का परीक्षण होता है। सनातन समाज के सभी वर्गों को समायोजित करने में विश्वास करता है। इसी प्रकार, सभी समुदायों से कांवड यात्रा या अमरनाथ यात्रा में सरकारी निर्देशों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है जो सदा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना से काम करती है। जय भारत!

## राशिफल

**आज दिनांक 4 जुलाई, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2082, आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष नवमी, चित्रा नक्षत्र, कौलव करण, शिव योग, राहुकाल: सुबह 10:51 से 12.31 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:50 बजे, सूर्यास्त सायं 7:12 बजे, चंद्रोदय दोपहर 1:46 बजे, चंद्रास्त रात 1:11 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:04 बजे से 12:58 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:14 से 5:02 बजे तक, चंद्रमा तुला राशि में संचार करेगा।**




निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।




अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित को साधने में मदद मिल जाएगी।




अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है।




दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी।




चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी।




निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।




परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।




संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।




शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।




मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।




महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।




प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## पापा की कार

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** मेहनती और ईमानदार नौजवान बहुत पैसे कमाना चाहता था क्योंकि वह गरीब था और बदहाली में जी रहा था। उसका सपना था कि वह मेहनत करके खूब पैसे कमाए और एक दिन अपने पैसे से एक कार खरीदे। जब भी वह कोई कार देखता तो उसे अपनी कार खरीदने का मन करता।

कुछ साल बाद उसकी अच्छी नौकरी लग गई। उसकी शादी भी हो गई और कुछ ही वर्षों में वह एक बेटे का पिता भी बन गया। सब कुछ ठीक चल रहा था मगर फिर भी उसे एक दुख सताता था कि उसके पास उसकी अपनी कार नहीं थी। धीरे-धीरे उसने पैसे जोड़ कर एक कार खरीद ली। कार खरीदने का उसका सपना पूरा हो चुका था और इससे वह बहुत खुश था। वह कार की बहुत अच्छी तरह देखभाल करता था और उससे शान से घूमता था।

एक दिन रविवार को वह कार को रगड़- रगड़ कर धो रहा था। यहां तक कि गाड़ी के टायरों को भी चमका रहा था। उसका 5 वर्षीय बेटा भी उसके साथ था। बेटा भी पिता के आगे पीछे घूम-घूम कर कार को साफ होते देख रहा था। कार धोते धोते अचानक उस आदमी ने देखा कि उसका बेटा कार के बोनट पर किसी चीज से खुरच-खुरच कर कुछ लिख रहा है।

यह देखते ही उसे बहुत गुस्सा आया। वह अपने बेटे को पीटने लगा। उसने उसे इतनी जोर से पीटा कि बेटे के हाथ की एक अंगुली ही टूट गई। दरअसल वह आदमी अपनी कार को बहुत चाहता था और वह बेटे की इस शरारत को बर्दाश्त नहीं कर सका। बाद में जब उसका गुस्सा कुछ कम हुआ तो उसने सोचा कि जाकर देखूं कि कार में कितनी खरोंच लगी है। कार के पास जाकर देखने पर उसके होश उड़ गए। उसे खुद पर बहुत गुस्सा आ रहा था। वह फूट-फूट कर रोने लगा। कार पर उसके बेटे ने खुरच कर कुछ लिख दिया था।

## सुडोकु 2159

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| | | 2 | | | 3 | 8 | | 4 |
| | 3 | | | | | 6 | | 7 |
| 6 | 8 | | 5 | | | 7 | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | | | 1 | | 3 | 6 | |
| 7 | | | | | 4 | 2 | | |
| 8 | | 4 | 2 | 7 | | | | |
| 1 | | | 3 | 8 | 9 | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 2 | 6 | 1 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# नीति आयोग ने किसान विरोधी भारत-अमेरिका कृषि व्यापार कार्य पत्र को लिया वापस

## किसान संघ ने निर्णय का किया स्वागत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नीति आयोग ने भारत अमेरिका के बीच व्यापार पर एक कार्य पत्र जारी किया था। जिसे 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था में भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' नाम दिया था। जिस पर देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने 14 जून को लिखित तौर पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। किसान संघ के विरोध और उसे अन्य किसान संगठनों से मिले



समर्थन के बाद इसे नीति आयोग की वेबसाइट से हटा लिया गया है। इस पत्र में अमेरिका से जीएम सोयाबीन तेल, जीएम सोयाबीन बीज और जीएम मक्का सहित अन्य डेयरी प्रोडक्ट को आयात करने के सुझाव दिए थे। पत्र में सोयाबीन तेल के आयात पर अमेरिका को टैरिफ में रियायतें देने की वकालत की गई थी। जबकि जीएम फसलों के दुष्प्रभाव व लाभ को लेकर जारी शोधों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

### 70 करोड़ की आजीविका पर टला खतरा

बीकेएस के महासचिव मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा, कि 'अमेरिकी दबाव में भारतीय कृषि को जीएम उत्पादों के लिए खोलने से कृषि पर निर्भर लगभग 70 करोड़ भारतीय लोगों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है। अमेरिका जैसे देशों में किसानों को भारी सब्सिडी दी जाती है और उत्पादन लागत कम है। ऐसे में भारत का किसान उनसे प्रतियोगिता नहीं कर सकता है। नीति आयोग के कार्य पत्र की वापसी से किसानों पर से अभी यह खतरा टल गया है। उन्होंने नीति आयोग के इस निर्णय का स्वागत किया है।

### 'किसानों व उपभोक्ताओं को गिनी पिग ना समझें'

महामंत्री मिश्र ने कहा कि सिफारिश करने वाले नीति आयोग के लोग पहले अपने ऊपर लंबे समय जीएम फसल का प्रयोग करें और परिणाम जांचें। नीति आयोग किसानों व उपभोक्ता को गिनी पिग या चूहा मत समझे। मिश्र ने कहा कि पूर्व में भी हरित क्रांति के नाम पर अधिक उत्पादन की चाहत में किसानों को रासायनिक खेती करने के लिए रसायन परोसा गया और अब इन्हीं रसायनों से कैंसर होने पर दोष किसान पर मढ़ा जा रहा है। यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा।

### किसान संघ ने बताई किसानों की जीत

किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि नीति आयोग के सुझाव देश और उसके किसानों के हितों के खिलाफ है। जिसके बाद नीति आयोग ने भारत अमेरिका कृषि व्यापार नाम के इस कार्य पत्र को देश के किसानों के भारी विरोध के चलते वापस लेकर वेबसाइट से हटा लिया है। मिश्र ने इसे किसानों की बड़ी जीत होने की बात कही।

# सोने-चांदी दाम उछले



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 306 बढ़कर 97,786 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,480 पर था।

वहीं चांदी की कीमत 1,060 बढ़कर 1,07,748 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,688 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल अब तक 21,624 महंगा हुआ:** सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,624 रुपए बढ़कर 97,786 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,731 रुपए बढ़कर 1,07,748 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

### एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा गुरुग्राम से पहुंची जयपुर

# भारत में हेल्थकेयर के भविष्य को नई गति

## 500 से अधिक डॉक्टरों और सर्जनों को मिलेगा लाइव डेमो एवं प्रशिक्षण पाने का अवसर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेश में विकसित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा की 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा गुरुवार सुबह जयपुर पहुंची और अपने पहले चरण की शुरुआत की।

गत दो जुलाई को इस अग्रणी मोबाइल टेली रोबोटिक सर्जरी यूनिट को हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नारबीर सिंह ने गुरुग्राम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया था जो सुबह जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज पहुंची। भारत की पहली मोबाइल टेली-रोबोटिक सर्जरी यूनिट को देखने के लिए डॉक्टर, मेडिकल के छात्र, हेल्थकेयर कर्मचारी एवं आम लोग आए। यह विशेष रूप से डिजाइन किया गया व्हीकल दर्शाता है के किस तरह आधुनिक रोबोटिक सर्जरी को रिमोट तरीके से भी गाइड किया जा सकता है। इस अवसर पर सएमएस अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रभा ओम, एसएमएस मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. मोनिका जैन तथा



**आधुनिक सर्जिकल तकनीकों का दिया जा रहा ज्ञान**

1500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यात्रा का पहला चरण राजस्थान में 500 से अधिक डॉक्टरों को प्रशिक्षण एवं लर्निंग के अवसर प्रदान करेगा। इस इंटरैक्शन के जरिए एसएस इनोवेशन्स डॉक्टरों, सर्जनों एवं मेडिकल छात्रों को आधुनिक सर्जिकल तकनीकों के बारे में कौशल एवं ज्ञान प्रदान कर रहा है ताकि इस आधुनिक तकनीक के अडॉप्शन और सुलभता को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके।

अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। यह मोबाइल युनिट एक व्यवहारिक प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म की तरह काम करती है और रोबोटिक सिस्टम की क्षमता का डेमो देकर प्रोफेशनल्स को इसकी क्षमता को समझने में सक्षम बनाती है। 4 जुलाई को भी एसएसआई मंत्रा एम मोबाइल टेली-रोबोटिक सर्जरी युनिट को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में रखा जाएगा, जहां दिन भर इसकी आधुनिक टेली-रोबोटिक सर्जिकल क्षमता का प्रदर्शन होगा। जयपुर में प्रभावशाली लॉन्च के बाद एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोटिक यात्रा पूरे राजस्थान में जारी रहेगी। यात्रा का अगला पड़ाव होगा एम्स जोधपुर, जहां 5 जुलाई को स्थानीय मेडिकल कम्युनिटी के लिए व्यवहारिक गतिविधियों एवं लाईव डेमोन्स्ट्रेशन्स का आयोजन किया जाएगा। 6 जुलाई को यह रोडशो रफकोन पहुंचेगा, जिसके बाद शाम को मथुरा दास माथुर मेडिकल कॉलेज का दौरा करेगा। जहां 7 जुलाई को लाइव डेमो और प्रशिक्षण सत्र होंगे। 8 जुलाई को राजस्थान लैग का समापन अजमेर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में होगा, इसके बाद यह यात्रा उसी शाम जयपुर लौटेगी। इसके साथ ऐतिहासिक राष्ट्रीय यात्रा का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा होगा। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक चेयरमैन एवं सीईओ, एसएस इनोवेशन्स ने कहा कि हेल्थकेयर इनोवेटर होने के नाते एसएसआई मंत्रा एम यात्रा को राजस्थान लाना मेरे लिए बहुत अधिक मायने रखता है, यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि मैं इसी धरती से जुड़ा हूं। इस यात्रा का पहला चरण जयपुर से शुरू करना, इस धरती के प्रति मेरा सम्मान है, क्योंकि यहां मेरा जन्म हुआ है। यह यात्रा एक तकनीकी उपलब्धि से कहीं बढ़कर है।

डॉ. दीपक माहेश्वरी, सीनियर कार्डियोलोजिस्ट, प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर, एसएमएस मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा कि यह पहल न सिर्फ भारतीय इनोवेशन की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि डॉक्टरों एवं मेडिकल छात्रों को सर्जरी के भविष्य की पहली झलक भी दिखाती है। हमें गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक यात्रा का पहला पड़ाव हैं और विश्वास है कि यह यात्रा देश भर के चिकित्सा संस्थानों में रोबोटिक टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन को बढ़ाने में कारगर होगी।

भारतबेंज 1824 चेसीज पर निर्मित एसएसआई मंत्राएम का ग्रॉस व्हीकल वेट रेटिंग 18500 किलोग्राम है, इसकी लंबाई 11.9 मीटर, चौड़ाई 2.59 मीटर और उंचाई 3.49 मीटर है। रोबोटिक सिस्टम के अलावा पूर्णतया संशोधित व्हीकल की कीमत तकरीबन रु 1.3 करोड़ है।

### मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद में निर्माण इकाई का उद्घाटन किया

# डिजाइन, रिफाइनिंग और उत्पादन की सुविधा एक ही छत के नीचे



## 4.7 टन सोने के और 1.8 लाख कैरेट हीरे के आभूषणों का होगा उत्पादन

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद, तेलंगाना में अपनी अत्याधुनिक एकीकृत आभूषण निर्माण इकाई का शुभारंभ किया है। यह इकाई अपने प्रकार की सबसे बड़ी है और महेश्वरम स्थित जनरल पार्क में 3.45 लाख वर्ग फुट में फैली हुई है। यह मालाबार समूह की भारत और जीसीसी देशों में मौजूद 14 निर्माण इकाइयों में सबसे बड़ी है।

इस एकीकृत निर्माण सुविधा में डिजाइन, रिफाइनिंग, निर्माण, गुणवत्ता परीक्षण, हॉलमार्किंग, वेयरहाउसिंग और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन जैसी सभी मुख्य प्रक्रियाएं एक ही स्थान पर की जाती हैं। इस इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 4.7 टन सोने के आभूषण और 1.8 लाख कैरेट हीरे के आभूषण की है। साथ ही 78 टन सोने के रिफाइनिंग की क्षमता भी है। यहां 2,750 से अधिक कुशल कारीगर कार्यरत हैं। इस यूनिट का उद्घाटन तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने किया। इस अवसर पर मालाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद, वाइस चेयरमैन अब्दुल सलाम के.पी., इंडिया ऑपरेशन्स के एमडी आसर ओ., एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निशाद ए.के. सहित समूह के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अहमद मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित यह अत्याधुनिक एकीकृत आभूषण निर्माण इकाई पारंपरिक शिल्पकला, आधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट गुणवत्ता का एक समन्वय है। यह इकाई वैश्विक स्तर पर भारत को उच्च गुणवत्ता वाले आभूषण निर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इंडिया ऑपरेशन्स के एमडी आसर ओ. ने कहा कि एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड बिजनेस के रूप में, यह यूनिट हमारे सोर्सिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, होलसेल और रिटेल तक के पूरे मूल्य श्रृंखला को और सशक्त बनाएगी।

# जून में सर्विस सेक्टर की रफ्तार तेज, 10 महीने में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंची ग्रोथ

### नए ऑर्डर्स से मिला सहारा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** जून 2025 में भारत का सेवा क्षेत्र तेजी से बढ़ा है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई रिपोर्ट के मुताबिक, इस सेक्टर की ग्रोथ पिछले 10 महीनों की सबसे ऊंची रही। इसकी बड़ी वजह नए घरेलू ऑर्डर्स में तेज उछाल, अंतरराष्ट्रीय बिक्री में सुधार और लगातार हो रही हायरिंग है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टीविटी इंडेक्स मई के 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया। पीएमआई इंडेक्स में 50 से ऊपर का स्कोर ग्रोथ (वृद्धि) दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर गिरावट। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकनॉमिस्ट प्रांजल भंडारी ने कहा, जून में घरेलू नए ऑर्डर्स में तेज बढ़त के चलते सर्विस सेक्टर का इंडेक्स 10 महीने के शिखर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स भी बढ़े, लेकिन रफ्तार थोड़ी धीमी रही। अच्छी बात ये रही कि कंपनियों की लागत बढ़ी, लेकिन उससे कम दर से उन्होंने ग्राहकों से कीमतें वसूलीं, जिससे मार्जिन बेहतर हुए। यह भी सामने आया कि अगस्त 2024 के बाद पहली बार नए ऑर्डर्स इतनी तेजी से बढ़े हैं। एशिया, मिडिल ईस्ट और अमेरिका जैसे देशों से भी भारतीय सेवाओं की मांग में सुधार दिखा।




इस मजबूती का असर रोजगार पर भी दिखा। जून में लगातार 37वें महीने सेवा कंपनियों ने नई नौकरियां दीं। हालांकि मई के मुकाबले हायरिंग की रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन अब भी यह औसत से ऊपर रही। खर्च के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता सेवाओं में लागत का दबाव सबसे ज्यादा रहा। वहीं, वित्तीय और बीमा क्षेत्र में कंपनियों ने ग्राहकों से सबसे तेज दर से कीमतें वसूलीं। हालांकि ज्यादातर कंपनियां अगले एक साल में ग्रोथ की उम्मीद कर रही हैं, लेकिन जून में यह उम्मीद थोड़ी कमजोर पड़ी। सिर्फ 18 फीसदी कंपनियों ने कहा कि उन्हें अगले साल ग्रोथ की उम्मीद है। यह आंकड़ा जुलाई 2022 के बाद सबसे कम रहा।

# 6 राज्यों में बिकेगी सीएनजी किट वाली कार

## 74,999 रुपए में उपलब्ध होगी निसान मैग्नाइट, 3 साल या 1 लाख किमी की वारंटी भी मिलेगी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** निसान मोटर इंडिया ने लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनटी रेटोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की घोषणा कर दी है। अब यह सुविधा राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु जैसे 6 राज्यों में उपलब्ध होगी।

इससे पहले फेज 1 में यह सुविधा दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में शुरू की गई थी। अब तक कुल 13 राज्यों में निशान मैग्नाइट के लिए सीएनजी किट उपलब्ध है और कंपनी तीसरे चरण की तैयारी भी कर रही है। यह कदम ग्राहकों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि उन्हें सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प दिया जा सके।

यह किट सरकार से अनुमोदित थर्ड-पार्टी वेंडर मोटोजेन द्वारा विकसित की गई है। इसकी कीमत 74,999 रुपए रखी गई है, जिसमें फिटमेंट और 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी शामिल है। यह किट 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन वाले मैनुअल ट्रांसमिशन वेरिएंट के लिए उपयुक्त है। फिटमेंट का काम सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सेंटरों पर ही किया जाएगा, जिससे सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी बनी रहे। कंपनी का दावा है कि पेट्रोल वेरिएंट की तुलना में इस किट के जरिए ईंधन की खपत कम होती है और माइलेज बेहतर मिलता है। यह ग्राहकों के लिए एक स्मार्ट और किफायती विकल्प बनता जा रहा है।




**निशान मैग्नाइट की खासियत**

नई निसान मैग्नाइट एसयूवी का बोल्ड एवं स्टाइलिश डिजाइन, 20 से ज्यादा फर्स्ट एवं बेस्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स और 55 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स इसे कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में पसंदीदा विकल्प बनाते हैं। बोल्ड रोड प्रजेंस, प्रीमियम फीचर्स और बढ़ती वैश्विक पहुंच के साथ नई निसान मैग्नाइट इस समय 65 से ज्यादा देशों में उपलब्ध है। इनमें राइट हैंड ड्राइव और लेफ्ट हैंड ड्राइव, दोनों बाजार शामिल हैं।

निशान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा कि न्यू निशान मैग्नाइट हमारे लिए एक ग्रोथ ड्राइवर रही है। सीएनजी किट का फेज 2 लॉन्च इस बात का प्रमाण है कि हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप कदम उठा रहे हैं। पर्यावरण के अनुकूल और भरोसेमंद विकल्प देने के साथ-साथ हम मैग्नाइट की मूल ताकत को बनाए रखते हुए उसकी वैल्यू और बढ़ा रहे हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट ने 9000 कर्मचारियों की छंटनी का किया ऐलान, दुनियाभर में टीमों पर असर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने एक बार फिर बड़े पैमाने पर छंटनी का ऐलान किया है। सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी अपने कुल वैश्विक कार्यबल के लगभग 4 फीसदी यानी कि 9000 के पास कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह 2023 के बाद कंपनी की सबसे बड़ी छंटनी मानी जा रही है। जून 2024 तक माइक्रोसॉफ्ट में करीब 2,28,000 कर्मचारी कार्यरत थे। हालांकि, इस नई छंटनी की पुष्टि के लिए कंपनी ने रॉयटर्स के सवालों का जवाब नहीं दिया।

जून में ब्लूमबर्ग न्यूज की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि माइक्रोसॉफ्ट विशेष रूप से सेल्स




(बिक्री) विभाग में हजारों कर्मचारियों की कटौती की योजना बना रही है। इससे पहले, मई 2025 में भी कंपनी ने करीब 6,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था।

माइक्रोसॉफ्ट अकेली ऐसी कंपनी नहीं है जो इस तरह के फैसले ले रही है। अमेरिका में कई बड़ी कंपनियों ने आर्थिक अनिश्चितता और संचालन लागत में कटौती के चलते 2025 में छंटनी का सिलसिला तेज किया है। कंपनियां अपनी संरचना को दुबारा व्यवस्थित कर अधिक कुशल बनने की कोशिश कर रही हैं।

### ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स की रिपोर्ट : अमीरों की लिस्ट में बड़ा उलटफेर

# बेजोस तीसरे नंबर पर खिसके, जुकरबर्ग की कुर्सी भी खतरे में

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनिया के अमीरों की लिस्ट में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। ओरेकल के को-फाउंडर लैरी एलिसन अब इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि ऐमजॉन के जेफ बेजोस चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक एलिसन की नेटवर्थ में 10.3 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 246 अरब डॉलर पहुंच गई और वह अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 54.2 अरब डॉलर की तेजी आई है। दूसरी ओर बेजोस की नेटवर्थ में 67.2 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और वह 241 अरब डॉलर के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए।

इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 10.7 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनकी ईवी कंपनी टेस्ला के शेयरों में 4.97 फीसदी की तेजी आई। इससे पहले मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 12 अरब डॉलर से अधिक की गिरावट आई थी। मस्क की नेटवर्थ 361 अरब डॉलर है। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 71.2 अरब की गिरावट आई है। दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जुकरबर्ग 252 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। जकरबर्ग और एलिसन की नेटवर्थ में अब केवल 6 अरब डॉलर का फासला रह गया है।



### कौन-कौन हैं टॉप 10 में

दुनिया के टॉप अमीरों की लिस्ट में माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स 175 अरब डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर हैं। स्टीव बालमर (170 अरब डॉलर) छठे, फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट (162 अरब डॉलर) सातवें, लैरी पेज (162 अरब डॉलर), सर्गेई ब्रिन (152 अरब डॉलर) और वॉरेन बफे (144 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी (111 अरब डॉलर) इस लिस्ट में 16वें और गौतम अडानी (85.2 अरब डॉलर) 20वें नंबर पर हैं।

### वैलेंसिया इंडिया की बेहद खराब लिस्टिंग

# बाजार में उतरते ही शेयर बेचने की लगी होड़, 83 रुपए पर आया भाव

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** वैलेंसिया इंडिया का आईपीओ गुरुवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। कंपनी के शेयरों की बीएसई पर लिस्टिंग हुई। वैलेंसिया इंडिया के शेयर अपने आईपीओ प्राइस 110 रुपए के मुकाबले 88 रुपए पर लिस्ट हुए। इसके बाद इसमें 5 फीसदी का लोअर सर्किट लग गया और 83.60 रुपए के इंट्रा डे लो पर आ गया था।

कंपनी ने शेयर बाजार से 48.95 करोड़ रुपए जुटाने के लिए अपना आईपीओ लॉन्च किया था। एसएमई आईपीओ में निवेशकों की अच्छी दिलचस्पी देखी गई थी। यह इश्यू 26 जून से 30 जून के बीच बोली के तीन दिनों में पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 95-110 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया था। इसमें 40 लाख शेयरों का एक नया इश्यू और 4.95 करोड़ रुपए का ओएफएस शामिल था। निवेशक न्यूनतम 1,200 शेयरों के लिए बोली लगा सकते थे, जिसके लिए 1.32 लाख रुपए का निवेश करना होगा और उसके बाद कई गुना निवेश करना होगा। लिस्टिंग प्राइस पर, एक लॉट में शेयरों की कीमत 1.056 लाख रुपए होगी। इसका मतलब है कि प्रति लॉट 26,400 रुपए का नुकसान होगा।

## फागी में 1 राज स्क्वाड्रन एनसीसी का शिविर

### एनसीसी शिविर में लैंगिक संवेदनशीलता पर जागरूकता कार्यक्रम



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी के फागी में 1 राज एयर स्क्वाड्रन एनसीसी का एयर विंग का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो रहा है। शिविर में गुरुवार को विशेष लैंगिक संवेदनशीलता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स में लिंग भेदभाव, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षित वातावरण जैसे विषयों पर जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर फ्लाइट लफ्टिनेंट प्रो. प्रेरणा पुरी ने रूवा की ओर से संचालित विभिन्न जेंडर जागरूकता पहलों और महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र की भूमिका के बारे में बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं को ऐसे प्रयासों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कैंप के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन सोमनाथ मित्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल कैडेट्स को संवेदनशील, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। सीजीआई फ्लाइट कमांडर. डी.एस. चौहान ने भी कार्यक्रम की सफलता की प्रशंसा करते हुए युवाओं को लैंगिक पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर समावेशी दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में एएनओ फ्लाइट लेफ्टिनेंट नीलम शर्मा ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियां ना केवल विचारों का आदान-प्रदान कराती हैं, बल्कि एक सकारात्मक, सहिष्णु और समानतापूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम होती हैं। कार्यक्रम में कैडेट्स ने अपने विचार, अनुभव व सुझाव साझा करते हुए समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर रूवा की अध्यक्ष डॉ. शशिलता पुरी, उपाध्यक्ष डॉ. बीना अग्रवाल और संयुक्त सचिव डॉ. प्रिया ने भी सहभागिता की।

## तकनीकी हस्तांतरण में मास मीडिया की भूमिका अहम : डॉ. बलराज सिंह




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर और प्रसार शिक्षा संस्थान आनंद की ओर से 'तकनीकी हस्तांतरण में मास मीडिया के उपयोग के लिए दक्षता विकास' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण कृषि कॉलेजों, कृषि विज्ञान केंद्रों और अनुसंधान केंद्रों के वैज्ञानिकों को पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण एवं मास मीडिया के प्रभावी उपयोग में दक्ष बनाएगा। उन्होंने वैज्ञानिकों को प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित प्रस्तुति देने और डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से अपनी पहचान बनाने की सलाह दी, ताकि कृषि तकनीकों का बेहतर प्रचार-प्रसार किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. शीशराम ढाका ने कहा कि यह प्रशिक्षण वैज्ञानिकों को सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों तक तकनीकी जानकारी पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के कोर्स डायरेक्टर डॉ. ए.पी. निनामा और आनंद से आए डॉ. कयुर गरधारिया ने तीनों दिनों में मास मीडिया के विविध उपयोग, तकनीकी संप्रेषण की रणनीतियां और प्रभावी संचार कौशल की जानकारी दी। प्रशिक्षण में 28 वैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिन्हें मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का स्वागत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को मालवीय नगर विधानसभा के वॉर्ड 129 में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इ दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर मालवीय नगर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चंद गुप्ता, वार्ड 129 के अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सी-स्कीम ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता फौजदार, पार्षद प्रत्याशी करण गुर्जर, प्रवीण बाजपई, कैलाश मलकर, बाबूलाल गुप्ता जीपीसी वर्मा, कपिल शर्मा एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक ने हर्षोल्लास से मनाया 70वां बैंक स्थापना दिवस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, जयपुर मण्डल की सभी शाखाओं एवं कार्यालयों में मंगलवार को स्थापना के 70 वर्षों के गौरव को उत्साह पूर्वक मनाया गया। सीएसआर के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में वंचित वर्ग और मेधावी छात्रों को लैपटॉप का वितरण किया गया। शाम को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक के स्वतंत्र निदेशक धर्मेंद्र सिंह शेखावत और मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर एवं अन्य अति-विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस अवसर पर संदीप भटनागर ने बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए उनकी कर्मठता और सेवाभाव को सराहा। उन्होंने जयपुर मंडल के द्वारा बैंक के व्यवसाय में दिए गए योगदान को भी प्रमुखता से बताया और सभी को भविष्य में भी इसी लगन, समर्पण भावना और जज्बे से कार्य करने तथा एसबीआई को और नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए आह्वान भी किया। धर्मेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सभी कर्मचारियों को बैंक के 70 वर्षों की इस यात्रा को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए। उन्होंने बैंक के गौरवमयी इतिहास और वर्तमान उपलब्धियों के बारे में भी बताया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में बैंक के जयपुर पदस्थापित महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, अधिकारी एसोसिएशन, सेवा एवं कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा जयपुर में कार्यरत स्टाफ सदस्य एवं उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार ने सभी आभार व्यक्त किया।

### विधिक जागरूकता के लिए होगा 'लापता नहीं पहचान बनाती लेडिज' फिल्म का प्रदर्शन

# स्कूलों, महाविद्यालयों और पंचायत स्तर पर होगी विशेष स्क्रीनिंग

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला द्वारा गुरुवार को समाज में व्याप्त कुरीतियों बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं बालिका शिक्षा की उपेक्षा जैसे विषयों पर लोगों में विधिक जागरूकता लाने के लिए 'लापता नहीं पहचान बनाती लेडिज- विधिक जागरूकता के लिए प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शन जागरूकता अभियान' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर सदस्य सचिव हरिओम शर्मा अत्री ने बताया कि समाज में आज भी कई कुरीतियां विद्यमान हैं। इसी के मद्देनजर प्राधिकरण द्वारा स्कूली बच्चों व आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की जा रही है।

### 'एक गांव एक स्क्रीन' के तहत किया जाएगा प्रदर्शन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पवन कुमार जीनवाल ने बताया कि प्राधिकरण ने इस फिल्म 'लापता लेडिज' की विशेष स्क्रीनिंग करवाने का निर्णय लिया है। चूंकि दृश्य कथा, विशेष रूप से युवा वर्ग में, सामाजिक मुद्दों को समझाने एवं स्मरणीय बनाने का अत्यंत प्रभावी तरीका है। साथ ही फिल्में गहरे स्तर पर भावनात्मक जुड़ाव बनाकर सकारात्मक परिवर्तन को उत्प्रेरित कर सकती हैं। इसके लिए प्रोजेक्टर युक्त स्कूलों और महाविद्यालयों में शाला समय के बाद इस फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके साथ ही पंचायत समिति स्तर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन के लिए पंचायत भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों का भी चयन किया जाएगा। इसके लिए तालुकाओं तथा पंचायत समिति स्तर के स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए 'एक गांव एक स्क्रीन' के तहत उक्त फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करवाई जाएगी।

### प्रदेश के 11 जिलों के प्रभारी सचिव बदले

# अजिताभ शर्मा अलवर, आलोक गुप्ता को चित्तौड़गढ़, रुक्मणी रियार को चूरू की प्रभारी सचिव बनाया

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने एक बार फिर जिलों के प्रभारी सचिवों में बदलाव करते हुए 11 जिलों में नए प्रभारी सचिव नियुक्त किए हैं, जबकि बाकी 38 जिलों के प्रभारी सचिव यथावत यानी पुराने स्थान पर ही रहेंगे। 28 फरवरी 2024 के बाद जिलों के प्रभारी सचिवों में बदलाव किया गया है। प्रशासनिक सुधार विभाग ने चूरू, अलवर, ब्यावर, सलूंबर, फलौदी, सवाईमाधोपुर, बारां, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, करौली और बालोतरा जिलों के प्रभारी सचिव बदलने के आदेश जारी किए हैं।

अलवर में उर्जा विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा, चूरू में पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार, अलवर में ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा, ब्यावर में आजीविका परियोजनाएं की स्टेट एमडी नेहा गिरी, सलूंबर में राजस्थान उर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज लिमिटेड के एमडी ओम प्रकाश कसेरा, फलौदी में उद्योग आयुक्त रोहित गुप्ता, सवाईमाधोपुर में यूडीएच के प्रमुख सचिव डॉ. देवाशीष पृष्टि, बारां में राजफैड एमडी टीकमचंद बोहरा को प्रभारी सचिव बनाया है।

इसी तरह राजसमंद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सुरपुर, चित्तौड़गढ़ में उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, करौली में समग्र शिक्षा अभियान की स्टेट मिशन निदेशक अनुपमा जोरवाल और बालोतरा में स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सीईओ हरजीलाल अटल को जिला प्रभारी सचिव नियुक्त किया है।


अजिताभ शर्मा


आलोक गुप्ता


रुक्मणी रियार

### चित्तौड़गढ़, राजसमंद, करौली में नए प्रभारी सचिव

तीन आईएएस केंद्रीय डेपुटेशन पर चले जाने के कारण तीन जिलों में प्रभारी सचिव नहीं थे, उनकी जगह नए अफसरों को जिम्मेदारी दी है। चित्तौड़गढ़ के प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटुरू, राजसमंद के प्रभारी भगवती प्रसाद कलाल और करौली के प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर के केंद्रीय डेपुटेशन पर जाने के कारण इन जिलों में नए अफसरों को जिम्मेदारी दी है।

### सावंत, गालरिया, जोगाराम सहित आठ आईएएस अफसर जिलों के प्रभार से मुक्त

प्रभारी सचिवों के बदलाव के साथ ही 11 आईएएस अफसर जिलों के प्रभार से मुक्त हो गए हैं। आम तौर पर गृह विभाग के एसीएस, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव के पास काम ज्यादा होने के कारण इन्हें जिलों के प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी नहीं दी जाती है। हाल ही हुए तबादलों में एसीएस होम बनाए गए भास्कर ए सावंत के पास चूरू प्रभारी सचिव की और वित्त विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए वैभव गालरिया के पास अलवर प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी थी, दोनों को प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है।

## हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य भर्ती के साक्षात्कार से रोक हटाई

### पुराने नियमों से भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की दी छूट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने संस्कृत शिक्षा की सहायक आचार्य भर्ती-2024 के साक्षात्कार पर लगी रोक को हटा लिया है। अदालत ने कहा है कि लिखित परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न पत्र में चालीस फीसदी अंक लाने के पुराने नियमों के आधार पर चयन प्रक्रिया को पुनः शुरू किया जाए। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की खंडपीठ ने यह आदेश मनोज कुमार व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और आरपीएससी की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर साक्षात्कार पर लगी रोक हटाने की गुहार की। एएजी जीएस गिल और अधिवक्ता एमएफ बेग ने प्रार्थना पत्र में कहा कि अदालती रोक के चलते भर्ती के दो सौ पदों पर साक्षात्कार अटक गए हैं। ऐसे में साक्षात्कार पर लगी रोक को हटाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पुराने नियमों के आधार पर साक्षात्कार लेने की छूट दी है।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने संस्कृत शिक्षा के लिए सहायक आचार्य के पदों के लिए 12 जनवरी, 2024 में भर्ती निकाली थी। जिसमें लिखित परीक्षा के हर प्रश्न पत्र में न्यूनतम 40 फीसदी अंक लाने वाले अभ्यर्थी को ही साक्षात्कार के लिए पात्र माना। याचिका में कहा गया कि लिखित परीक्षा के बाद राज्य सरकार ने गत 25 फरवरी को नियमों में बदलाव करते हुए हर प्रश्न पत्र में न्यूनतम 36 फीसदी अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए पात्र मान लिया। याचिका में कहा गया कि चयन प्रक्रिया के बीच में चयन के नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता। कार्मिक विभाग ने भी 18 अक्टूबर, 2021 को परिपत्र जारी कर प्रावधान कर रखा है कि किसी भी भर्ती में चयन प्रक्रिया आरंभ होने के बाद सेवा नियमों में होने वाले संशोधनों का उस भर्ती पर प्रभाव नहीं पडेगा। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ गत 2 अप्रेल को साक्षात्कार आयोजित करने पर रोक लगा दी है।

## प्रताप नगर क्षेत्र में सिगमा बार, डिस्क एवं क्लब में पकड़ी विद्युत चोरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विद्युत विभाग की सतर्कता शाखा की ओर से विद्युत चोरी के मामलों को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसके तहत गुरुवार को प्रताप नगर इलाके में कार्रवाई की गई। अधीक्षण अभियता (सतर्कता) बी.एल. शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभिंयता (सतर्कता) जयपुर द्वारा गुरुवार को प्रताप नगर क्षेत्र में सिगमा बार, डिस्क व क्लब में ईपी-24 इलाइट प्रा. लि. के नाम के कनेक्शन में लगे मीटर नं 4880642 की जांच की गई। सहायक अभियंता पुखराज मीना ने बताया कि मीटर में इनकमिंग व आउटगोइंग टर्मिनल को कॉपर के तार से जोड़कर, मीटर बाइपास कर विद्युत चोरी की जा रही थी। इसकी मौके पर वीसीआर भरी। कनेक्शन काट मीटर जब्त किया। अधीक्षण अभिंयता (सतर्कता) बी. एल. शर्मा ने बताया कि इस मामले में 842637 रुपए का जुर्माना लगाया गया और मौके पर अधिशासी अभिंयता (सी डी-8) अजय मीणा, सहायक अभियंता (एच-2) उमेश चौधरी और कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीणा को बुलाकर कनेक्शन काटा गया। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवाने पर विरुद्ध विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। गौरतलब है कि विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सतर्कता अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सतत सतर्कता जांच कार्रवाई की जा रही है।

## जवाहर कला केंद्र में मल्हार महोत्सव शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेकेके की ओर से रंगायन सभागार में चल रहे तीन दिवसीय मल्हार महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को वॉयलिन और संतूर के हुनरमंद फनकारों ने सुरीले सुरों का झरना बहा दिया। कार्यक्रम में श्रोता भी सुर वर्षा में भीगते रहे। कार्यक्रम में पिता-पुत्र की जोड़ी पं. कैलाश चंद्र मोठिया(पिता) व योगेश चंद्र मोठिया(पुत्र) ने अपने कमाले फन से वॉयलिन वादन और कैलाश रंजनी बेला की कमाल की जुगलबंदी की दिलकश प्रस्तुति के दौरान सुरों के इन्द्रधनुषी रंग बिखेर समूचे जेकेके परिसर को सराबोर कर दिया। पं. कैलाश चंद्र मोठिया की स्व-रचित रचना में राग मेघ के उमड़ते-घुमड़ते, इठलाते स्वभाव के साथ धरती के आलिंगन करते भावों की महक शिद्दत से महसूस हुई।

## सहकारी आंदोलन के अब तक के सफर का हो रहा आकर्षक प्रदर्शन

### नेहरू सहकार भवन में 'सहकारिता का सफर : अतीत से वर्तमान तक' विषय पर प्रदर्शनी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में 'सहकारिता का सफर : अतीत से वर्तमान तक' विषय पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शित की गई जानकारी की सराहना की।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस (5 जुलाई) एवं सहकारिता मंत्रालय के चतुर्थ स्थापना दिवस (6 जुलाई) के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही गतिविधियों की श्रंखला में प्रचार अनुभाग द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में सहकारी आंदोलन के अब तक के सफर को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया है। प्राचीन भारतीय लोकाचार में सहकारिता के बीज, विश्व में सहकारी आंदोलन का शुभारंभ, भारत में सहकारी आंदोलन का शुभारंभ, राजस्थान में सहकारी आंदोलन का शुभारंभ, राजस्थान में सहकारी विधि का विकास, राज्य में सहकारिता की त्रिस्तरीय संरचना, राज्य में शीर्ष सहकारी संस्थाओं का इतिहास एवं वर्तमान स्वरूप आदि से संबंधित जानकारियों के साथ ही सहकारिता के सिद्धांत एवं उद्देश्य, सहकार से समृद्धि के अंतर्गत राज्य की प्रमुख उपलब्धियां, राज्य में सहकारिता का वर्तमान परिदृश्य एवं वर्तमान में सहकारिता की प्रासंगिकता आदि से संबंधित जानकारियां प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई हैं। वहीं राज्य में सहकारी आंदोलन के विकास के जुड़े पुराने छायाचित्रों को भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

प्रमुख शासन सचिव राजपाल ने प्रदर्शनी में कॉनफेड, ट्राइफेड, इफको, कृभको एवं तिलम संघ द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया।

## हाईकोर्ट को मिलेंगे दो नए न्यायाधीश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को जल्द ही दो और नए न्यायाधीश मिलने वाले हैं। इनमें से एक नियुक्ति वकील कोटे से और एक नियुक्ति न्यायिक कोटे से की जाएगी। इनकी नियुक्ति के बाद हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 39 हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की हाल ही हुई बैठक में वकील कोटे से अनुरूप सिंघी और न्यायिक कोटे से संगीता शर्मा के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को की गई है। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद उनके राष्ट्रपति भवन से नियुक्ति वारंट जारी किए जाएंगे। इसके बाद हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्य पीठ में इनका शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि गत मई माह में भी सुप्रीम कोर्ट ने वकील कोटे से नियुक्ति के लिए तीन नामों की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी थी।

# आत्महत्या की घटनाओं पर रोकथाम के लिए चलाया जाएगा गेटकीपर कार्यक्रम

### निरामय राजस्थान अभियान में मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को जरूरी मानकर शामिल किया गया विषय

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** प्रदेश में संचालित निरामय राजस्थान अभियान में मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को जरूरी मानकर इस विषय को प्रमुखता से शामिल किया गया है। समाज में बढ़ती जा रही आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रदेश में गेटकीपर कार्यक्रम संचालित किया जाएगा, जिसके शुरुआती चरण में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इसके बाद ट्रेनर्स जिलों और ब्लॉक स्तर के कार्मिकों को प्रशिक्षण देंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ. अमित यादव ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज के एन-स्प्रिट केंद्र के सहयोग से राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में गुरुवार से आयोजित मास्टर्स ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

प्रशिक्षण में गेटकीपर कार्यक्रम के तहत लोगों में आत्महत्या या स्वयं को क्षति पहुंचाने के मामलों के लिए मनोवैज्ञानिक तरीके विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। मिशन निदेशक ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत हताश और निराश तथा आत्महत्या की सोच रखने वाले व्यक्तियों को गेटकीपर के रूप में आसानी से प्रभावी मोटिवेटर उपलब्ध होंगे, जिनकी मदद से अवसाद से घिरे व्यक्ति को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल सकेगा और आत्महत्या का कारण बनने वाली समस्या के निराकरण में बड़ी मदद मिल सकेगी।

### आत्महत्या रोकथाम में स्ट्रेस मैनेजमेंट बड़ी भूमिका निभाएगा : डॉ. टी. शुभमंगला

अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला ने कहा कि मानसिक बीमारियां तेजी से बढ़ने लगी हैं। तनाव के विभिन्न कारण ऐसे भी हैं, जिन्हें पहचानने की क्षमता व्यक्ति में है तो वह अपने स्तर पर प्रबंधन कर निजात पा सकता है। आत्महत्या रोकथाम में स्ट्रेस मैनेजमेंट बड़ी भूमिका निभाएगा। मनदर्पण, टेलीमानस, गेटकीपर प्रोग्राम आदि नवाचार गतिविधियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को प्रदेश में और सुदृढ़ किया जा रहा है। इस कार्यशाला में जिलों में संचालित मानसिक स्वास्थ्य इकाई, चिकित्सकगण एवं कार्मिक हिस्सा ले रहे हैं। विभिन्न तनकीकी सत्रों के माध्यम से सेल्फ हार्म या सुसाइड की स्थिति में किए जाने वाले इंटरवेंशन पर विस्तार से आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर एसएमएस मनोचिकित्सा केंद्र के अधीक्षक डॉ. ललित बत्रा, निदेशक सीफू डॉ. एसएस अग्रवाल, यूनिसेफ के हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. अनिल अग्रवाल, एसएनओ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. सांवरमल स्वामी आदि मौजूद थे।

# 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अहम कदम है कि रेगिस्तान के नाम से पहचाने जाने जाने वाले प्रदेश को हरित प्रदेश बनाना है। रेगिस्तान का नाम आते ही वनस्पति शून्य इलाका जेहन में आता है, लेकिन सीएम की इच्छाशक्ति के कारण अब प्रदेश में 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' के रूप में एक नई हरित क्रांति का सूत्रपात किया है। इसमें सरकार ने राजस्थान की धरती को हरा भरा बनाने के महाभियान के तहत इस मानसून में प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प किया है। खास बात यह है कि अब तक 54 हजार 900 से अधिक स्थानों पर 50 लाख 87 हजार से अधिक की संख्या में पौधरोपण किया जा चुका है। पिछले साल भी इस अभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए थे।

## प्रदेश में 5 साल में लगाएंगे 50 करोड़ पौधे

राज्य सरकार ने इस मिशन के तहत 5 सालों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। राज्य में इस महाअभियान को प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान से समायोजित किया गया है।

## पौधरोपण के बाद में मोबाइल से होगी निगरानी

पौधरोपण के बाद पौधे की निगरानी के लिए 'हरियालो राजस्थान' मोबाइल एप्लीकेशन भी विकसित की गई है, जिससे पौधे से वृक्ष बनने तक सार-संभाल, उसके स्वास्थ्य और अस्तित्व को पंजीकृत करने, ट्रैक करने के साथ ही उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। जो पौधे को लगाने से लेकर उन्हें वृक्ष बनने तक सहेजने की दिशा में अहम कदम हैं, क्योंकि अब तक पौधरोपण का कार्यक्रम होता था, बाद में फोटो सेशन होता था और बाद में पौधे की सार संभाल नहीं होती थी। वह बाद में खाद-पानी के साथ ही उचित रखरखाव के अभाव में मर जाता था।

## 50 लाख पौधे लगाए

**मनरेगा :** 29 लाख 68 हजार 502
**पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास :** 13,25241
**वन विभाग :** 2 लाख 72 हजार 793
**जल ग्रहण विभाग :** 1 लाख 43 हजार 78
**उद्यान विभाग :** 1 लाख 25 हजार 792
(1 अप्रेल 2025 से 3 जुलाई 2025 तक)

---

**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT.**

AdCounty Media

Please scan this QR code to view the Prospectus.

# ADCOUNTY MEDIA INDIA LIMITED

**(FORMERLY KNOWN AS "ADCOUNTY MEDIA INDIA PRIVATE LIMITED")**

**Corporate Identity Number: U93000RJ2017PLC057939**

*Our Company was incorporated as a Private Limited Company with the name of "Adcounty Media India Private Limited" under the Companies Act, 2013 vide certificate of incorporation dated May 03, 2017, issued by Registrar of Companies, Central Registration Centre, bearing CIN U93000RJ2017PTC057939. Further, our Company was converted into a Public Limited Company in pursuance of a special resolution passed by the members of our Company at the Extra-Ordinary General Meeting held on February 27, 2024 and the name of our Company changed from "Adcounty Media India Private Limited" to "Adcounty Media India Limited" & Registrar of Companies, Central Processing Centre has issued a new certificate of incorporation consequent upon conversion dated May 28, 2024, bearing CIN U93000RJ2017PLC057939.*

**Registered Office.** First Floor, D-41, Patrakar Colony, Near Jawahar Nagar Moti Dungri Vistar Yojna, Raja Park, Jaipur, Rajasthan, India – 302004.
**Tel:** 91 7877623083, **Fax:** N.A., **Website:** www.adcountymedia.com, **E-mail:** cs@adcountymedia.com
**Company Secretary and Compliance Officer:** Ms. Ashita Agrawal

**PROMOTERS: MR. CHANDAN GARG, MR. ADITYA JANGID, MR. ABBHINAV RAJENDRA JAIN, MR. DELPHIN VARGHESE, MS. VARTIKA DANGAYACH AND M/S INNOVANA THINKLABS LIMITED**

**Our Company has filed the Prospectus dated July 02, 2025, (the "Prospectus") with the Registrar of Companies, Jaipur (ROC), and the equity shares (as defined hereinafter) are proposed to be listed on the SME Platform of Bombay Stock Exchange Limited ("BSE SME") and the listing and trading of the Equity Shares (a defined hereinafter) expected to commence on July 04, 2025.**

## BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC OFFERING UP TO 59,63,200 EQUITY SHARES OF RS. 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF ADCOUNTY MEDIA INDIA LIMITED ("AMIL" OR THE "COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 85/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING TO RS. 5,068.72 LAKHS ("THE ISSUE"). OUT OF THE ISSUE, 3,36,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO RS. 285.60 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 56,27,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH AT AN ISSUE PRICE OF RS. 85/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 4,783.12 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.50% AND 25.01%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.
FOR FURTHER DETAILS, KINDLY REFER TO THE CHAPTER TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 274 OF THE PROSPECTUS.

## THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS ₹ 10 EACH AND THE ISSUE PRICE IS ₹ 85/-

**ANCHOR INVESTOR ISSUE PRICE: ₹ 85/- PER EQUITY SHARE THE ISSUE PRICE IS 8.5 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES.**

**BID/ISSUE PROGRAMME**

**BID/ISSUE OPENED ON: FRIDAY, JUNE 27, 2025**
**BID/ISSUE CLOSED ON: TUESDAY, JULY 01, 2025**
**PROPOSED LISTING: FRIDAY, JULY 04, 2025***

*Subject to the receipt of listing and trading approval from BSE SME.

The Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 229 of the SEBI ICDR Regulations and in compliance with Regulation 253 of SEBI (ICDR) Regulations, wherein not more than 50.00% of the Net Issue was made available for allocation on a proportionate basis to QIBs ("QIB Portion"). Further, not less than 15.00% of net issue was made available for allocation on proportionate basis to Non- Institutional Investors and not less than 35.00% of the Net Issue was made available for allocation to Retail Individual Bidders, in accordance with SEBI ICDR Regulations, subject to valid bids being received at the issue price. All potential Bidders are required to mandatorily utilize the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see "Issue Procedure" beginning on page 283 of the Prospectus.

The Equity Shares offered through the Prospectus are proposed to be listed on SME Platform of BSE ("BSE SME") in terms of Chapter IX of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 (the "SEBI (ICDR) regulations"), as amended read with rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended. Our company has received In Principle approval letter dated May 09, 2025, from Bombay Stock Exchange Limited ("BSE") for using its name in the Offer Document for listing of our shares on SME Platform of BSE. It is to be distinctively understood that the permission given by Bombay Stock Exchange Limited ("BSE") should not in any way be deemed or construed that the content of the Prospectus or the price at which equity shares are offered has been cleared, solicited or approved by BSE, nor does it certify the correctness, accuracy or completeness of any of the content of the Prospectus. The investors are advised to refer to the prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to BSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be Bombay Stock Exchange Limited ("BSE"). The trading is proposed to commence on July 04, 2025*.

*Subject to the listing and trading approval from SME Platform of BSE.

All Applicants were allowed to participate in the issue through APPLICATION SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT ("ASBA") process by providing the details of the respective bank accounts in which the corresponding application amounts were blocked by Self Certified Syndicate Banks (the "SCSBs") or through UPI Mechanism.

## SUBSCRIPTION DETAILS

The Company received 7 Anchor Investor Application Forms from 7 Anchor Investors for 20,49,600 Equity Shares. Such 7 Anchor Investors through 7 Anchor Investor Application Forms were allocated 16,86,400 Equity Shares at a price of Rs. 85/- per Equity Share under the Anchor Investor Portion, aggregating to Rs. 14,33,44,000/-.

## DETAILS OF APPLICATIONS

The issue has received 3,56,642 applications, excluding Anchor Investors, (before technical rejections and invalid bids) for 1,16,27,84,000 equity shares resulting in subscription of 270.80 times (including reserved portion of Market Maker). The details of the applications received in the issue (before technical rejections but after applications not banked) are as follows:

**Details of the Applications Received:**

| Category | Before Technical Rejections & Withdrawals | | After Technical Rejections & Withdrawals | |
|---|---|---|---|---|
| | No of Applications | No of equity shares | No of Applications | No of equity shares |
| Retail Individual Applicants | 2,84,182 | 45,46,91,200 | 2,78,500 | 44,56,00,000 |
| Non-institutional Investors | 23,579 | 47,25,12,000 | 23,334 | 46,95,42,400 |
| QIBs Category (Excluding Anchor Investor) | 74 | 15,43,66,400 | 74 | 15,43,66,400 |
| Market Maker | 1 | 3,36,000 | 1 | 3,36,000 |
| **Total** | **3,07,836** | **1,08,19,05,600** | **3,01,909** | **1,06,98,44,800** |

**Final Demand:**
Price Wise Summary Excluding Bids cancelled /rejected by SCSB:

| Sr. No. | Price | Bids | Shares Applied | Amount Applied |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80.00 | 171 | 3,15,200 | 2,52,16,000.00 |
गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल, 30 सिम, पासबुक-चेकबुक व डेस्कटॉप सहित भारी मात्रा में साइबर ठगी से संबंधित उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि यह साइबर ठगी सेंटर 24 घंटे सक्रिय रहता था। अलग-अलग शिफ्ट में 3 से 4 लड़के यहां काम करते थे। सभी कर्मचारी कंप्यूटर स्क्रीन पर मिले निर्देशों के अनुसार कार्य करते थे। गिरोह के सदस्य एक-दूसरे से फोन पर बात नहीं करते थे, बल्कि वॉट्सएप के माध्यम से केवल चैटिंग कर आपसी संपर्क बनाए रखते थे। यह पूरा ऑपरेशन एक फर्जी कंपनी की आड़ में संचालित हो रहा था।

### प्रतिदिन 5 से 10 लाख रुपए का होता था लेनदेन

गिरफ्तार आरोपियों से बरामद दस्तावेजों और डाटा के अनुसार फर्जी खातों के जरिए प्रतिदिन लगभग 5 से 10 लाख रुपए की साइबर ठगी की जाती थी। ये खाते बेंगलुरु, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों के हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि इन खातों में जो राशि ट्रांसफर की जाती थी, उसका उपयोग हवाला कारोबार, अवैध ऑनलाइन गेमिंग व युएसटीडी फ्रॉड जैसे आपराधिक कार्यों में होता था।

पुलिस को संदेह है कि फर्जी खातों के खुलवाने और संचालन में कुछ बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की संलिप्तता भी हो सकती है। इस दिशा में भी अनुसंधान जारी है। पुलिस बैंक रिकॉर्ड खंगाल रही है और संबंधित बैंकों से डेटा प्राप्त किया जा रहा है।

## रिश्वत मांगने के आरोप में वाणिज्य कर विभाग का एसीटीओ निलंबित

**भरतपुर (महानगर संवाददाता)।** डीग में तैनात वाणिज्य कर विभाग के सहायक वाणिज्य कर अधिकारी (एसीटीओ) विद्यासागर शर्मा को रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। व्यापारी की शिकायत पर संयुक्त शासन सचिव नथमल डिडेल ने निलंबन के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि फकरुद्दीन निवासी खेड़ली गुमानी ने 16 जून को शिकायत की थी, जिसमें बताया कि एसीटीओ और कनिष्ठ वाणिज्य कर अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने उसकी फर्म मैसर्स फकरुद्दीन ट्रेडिंग कंपनी की जांच की थी। बाद में मिलने के लिए डीग बुलाया। वहां जाने पर दोनों अधिकारियों ने 4 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत की राशि नहीं देने पर दोनों ने मेरी फर्म को फर्जी बता दिया। डिडेल ने बताया कि जांच में लापरवाही सामने आने पर एसीटीओ के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## चलते ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, मां-बेटी समेत 3 की मौत



महानगर संवाददाता

**सांचौर।** भारतमाला एक्सप्रेस-वे 754 पर तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में मां-बेटी और ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि महिला का पति, दो बेटियां व एक बेटा घायल हो गया। महिला के पति और बेटे की हालत गंभीर है। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा जालोर के भादरुणा के झाब थाना इलाके का देर रात 2.15 बजे हुआ। एसएचओ अरुण कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के जोगीवाली निवासी परिवार गुजरात में द्वारकाधीश के दर्शन करके लौट रहा था। इस दौरान भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर भादरुणा के पास उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। कार में 7 लोग सवार थे, इनमें मिठाईलाल गोस्वामी, उनकी पत्नी सुभाषवती, बेटा आशीष, बेटी अनीता, प्रमिला, कविता और ड्राइवर गुड्डू पांडे थे। हादसे में सुभाषवती व प्रमिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार ड्राइवर गुड्डू पांडे की सांचौर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हालत गंभीर होने पर मिठाईलाल व आशीष को पालनपुर रैफर किया गया। वहीं बेटी अनीता व कविता का सांचौर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके की फोटोग्राफी करवाई। क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा करवाया गया है। ट्रक की तलाश जारी है। हादसे की सूचना उत्तर प्रदेश में परिजनों को दे दी गई है।

## घर से दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने निकली युवती लापता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में घर से निकली एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। शॉप से कोल्ड ड्रिंक लाने के लिए वह घर से बाहर निकली थी। पिछले चार दिन से लापता युवती की तलाश में परिजन जुटे हुए है। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने भी गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवती की तलाश शुरू कर दी है। हैड कांस्टेबल उत्तम सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रमोद कुमार साहू ने



गुमशुदगी दर्ज करवाई है। प्रमोद का कहना है कि वह पिछले करीब दो महीने से सायपुरा सांगानेर में परिवार के साथ रह रहे है। उनकी 25 साल की बहन मीना मानसिक रूप से बीमार होने के साथ सुनने में असमर्थ है। वह घर के पास शॉप पर कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए गई थी। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण परिवारवाले भी उसके पीछे-पीछे निकले, लेकिन उन्हें मीना नहीं मिली। काफी देर बाद भी मीना घर नहीं लौटी। घर से निकली मीना के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी ढूंढने के बाद भी मीना का कोई पता नहीं चला। सांगानेर सदर थाने में लापता मीना के भाई ने गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ लापता मीना की तलाश कर रही है।

## कर्जदारों से परेशान होकर स्कूल संचालक ट्रेन से कटा

महानगर संवाददाता

**नागौर।** जिले के मारवाड़ मूंडवा में कर्जदारों से परेशान होकर प्राइवेट स्कूल के संचालक ने ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया। स्कूल संचालक कार से पटरी के पास पहुंचा। कुछ दूरी पर कार रोककर उतरा और पटरी के आसपास टहलने लगा। ट्रेन आती देख वह पटरी पर लेट गया। उसके शरीर के दो टुकड़े हो गए। स्कूल संचालक के छोटे बेटे ने नामजद रिपोर्ट दी है। मारवाड़ मूंडवा थाने के हैड कांस्टेबल प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुरुवार सुबह मारवाड़ मूंडवा के सिद्धार्थ आदर्श विद्या मंदिर के संचालक संजय रामावत पुत्र पुरुषोत्तम ने अबोहर-जोधपुर एक्सप्रेस से कटकर सुसाइड कर लिया। एक चश्मदीद श्रवण राम नायक ने बताया कि संजय रामावत अपनी कार से खजवाना फाटक का पार करके कच्चे रास्ते से बामुंडा नाडी की ओर से पटरियों तक आया था। वह पटरी के पास खड़ा हो गया। ट्रेन के लोको पायलट ने बताया कि मैंने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन तब तक 3 कोच ऊपर से निकल चुके थे। इसके बाद गाड़ी को बैक लिया। गाड़ी आधे घंटे वहीं खड़ी रही। मारवाड़ मूंडवा पुलिस ने शव को साइड में करवाया और ट्रेन को रवाना किया।

# पत्नी छोड़ गई तो नाराज पति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सुसाइड नोट में लिखा-ऐसी जिंदगी से क्या फायदा, पिता को फंदे से लटका देख रो पड़े बच्चे**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में पत्नी के छोड़कर जाने से नाराज पति ने घर के बाहर बने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्चे उस समय घर पर ही खेल रहे थे, जब उन्होंने अपने पिता को फंदे से लटका देखा तो जोर जोर से चिल्लाने लगे और रोने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी



दी। युवक का 2 पेज का सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला, जिसमें लिखा कि मेरा सच्चा प्यार था, जो ही मेरा हमसफर था, लेकिन जब वो ही मुझे छोड़कर चला गया। उसने अपने दूसरे प्रेमी के खातिर मुझे छोड़ दिया। मेरा इस जिंदगी से फायदा ही क्या? सांगानेर सदर थाना पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने मृतक की मां से मिली शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई जगदीश ने बताया कि सांगानेर सदर में रैगरों का मोहल्ला निवासी महेन्द्र भहरवाल ने सुसाइड किया है। वह परिवार के साथ यहां रहकर मजदूरी का काम करता था। महेन्द्र के दोनों बच्चे घर के अंदर खेल रहे थे। महेन्द्र ने बाहर बने कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। खेलते हुए कमरे में पहुंचे बच्चों ने पिता को फंदे से लटका देखा तो जोर-जोर से रोने लगे। आवाज सुनकर आस-पड़ोसी घर आ पहुंचे। फंदे से महेन्द्र को लटका देखकर तुरंत सांगानेर सदर थाना पुलिस को सूचना दी। मामले में मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही थी। मृतक की मां की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसीपी चाकसू सुरेंद्र सिंह कर रहे हैं।

### साथ काम करने वाली युवती से की थी लव-मैरिज

एएसआई जगदीश ने बताया कि साल-2017 में महेन्द्र ने साथ काम करने वाली युवती से लव-मैरिज की थी। दंपती के 7 व 3 साल के दो बेटे हैं। करीब एक महीने पहले पत्नी और बच्चों के साथ महेन्द्र अपने सुसराल गया था। पत्नी से झगड़ा होने पर महेन्द्र दोनों बच्चों को लेकर जयपुर घर आ गया। महेन्द्र ने अपनी मां को पत्नी के रोजाना झगड़ा कर मारपीट करने और तलाक के लिए विवश करने के बारे में बताया था। मृतक महेन्द्र ने मरने से पहले एक कॉपी में 2 पेज का सुसाइड नोट लिखा। सुसाइड नोट में लिखा कि आज वो सालिख खान के संपर्क में है। वह उसके साथ काम करती है। आज वो उसके खातिर मुझे छोड़ रही है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube



प्रजनन के बाद चूजे के साथ आया नजर, पथरीली सतह पर बिना घासफूस के बनाया घोंसला, पत्थर के रंग जैसा होता है अंडा

# जैसलमेर के देगराय ओरण में दो साल बाद नजर आया इंडियन कोर्सर

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** देगराय ओरण में दक्षिण व पूर्व दिशा से उड़कर आने वाले इंडियन कोर्सर पक्षी दिखाई दिए हैं। वन्य जीव विशेषज्ञ सुमेर सिंह भाटी द्वारा ली गई देगराय ओरण की इन तस्वीरों में आप इंडियन कोर्सर पक्षी यहां प्रजनन के बाद चूजे के साथ नजर आया। इसका घोंसला एक पथरीली सतह पर बिना किसी घासफूस के ऐसे ही बना रखा है। इसके अंडे का रंग जैसलमेर की पथरीली जगहों विशेषकर गोल पत्थरों से मिलता जुलता है, इसलिए यह उन पर सुरक्षित रहते हैं। मानसून से पहले घास मैदानों और नदी किनारे के खुले मैदानों का यह पक्षी दक्षिण व पूर्व दिशा से जैसलमेर में आकर प्रजनन करता है, उन्हें बड़ा करता है और मानसून खत्म होने के बाद वापस इन नए जन्मे सदस्यों संग दक्षिण व पूर्व में चला जाता है। कहने को तो यह सामान्य पक्षी है, लेकिन दक्षिण भारत के पक्षी व पर्यावरण विशेषज्ञों की बात मानें तो यह बड़ी तेजी से कम हो रहा है। दक्षिण भारत में जहां कभी यह बड़ी संख्या में मौजूद था, अब इसे देखना मुश्किल होता जा रहा है। इसका कारण अधिकांश घास मैदान खत्म होकर खेत बन चुके हैं, नदियों के मैदान बांधों के डूब क्षेत्र बन चुके हैं, जो किनारे डूब क्षेत्र नहीं हैं, वहां बजरी का खनन चालू है। गांवों-शहरों के आसपास के खुले मैदान लगभग खत्म हो चुके हैं। वैसे जैसलमेर में भी इनके प्रजनन स्थल तस्वीर में दिख रहे गैंगचियों वाले पथरीले मैदान व चट्टानी मगरे वाले इलाके भी सुरक्षित नहीं हैं, इन खुली जगहों पर युवाओं द्वारा गाड़ियां दौड़ाना आम दृश्य बन चुका है। कई गांवों में जहां सतही पत्थर बारीक है, उनको गांवों में घर बनाने के लिए मूंगिए के रूप में भी इकट्ठा कर इस्तेमाल किया जाता है, जिसके कारण इनके यह सुरक्षित प्राकृतिक घर नष्ट हो रहे हैं।

### अंडे देने के लिए जैसलमेर में ही बची सुरक्षित जगह

ऐसी कई जगहें विशेषकर सांकड़ा, सनावड़ा, रासला, सांवता, राजगढ़, खैलाणा, मेहेरी के आसपास के गांवों की तरफ का इलाका सोलर पार्क में चले जाने से भी नष्ट हुआ है। इनका एक मुख्य प्रजनन क्षेत्र पारेवर, खिंया, कबीर बस्ती गांवों के आसपास सफेद बजरी वाले घास मैदानों का इलाका भी बजरी खनन गतिविधियों से अब उजड़ने लगा है। जैसलमेर में पिछले कुछ वर्षों में चली बिना वैज्ञानिक पर्यावरण दृष्टिकोण व शोध वाली विकास की आंधी कहीं इस खूबसूरत पक्षी के भी हाल गोडावण जैसे न कर दे। इस वजह से इस पक्षी के लिए अब अंडे देने के लिए, जैसलमेर ही सुरक्षित जगह बची है, लेकिन जैसलमेर में भी निजी कंपनियों को जमीनें आवंटित कर देने से इस पक्षी को खासी दिक्कत हो रही है।



### दक्षिण एशिया में पाया जाता है इंडियन कोर्सर

यह कोर्सर दक्षिण एशिया में पाया जाता है और कुछ अन्य प्रजातियों के साथ ओवरलैप करता है। हालांकि यह प्रजाति क्रीम रंग के कोर्सर की तुलना में चमकीले रंग की होती है और इसमें एक व्यापक काली आंख-पट्टी होती है, जो चोंच के आधार पर शुरू होती है। ताज शाहबलूत है और छाती रूखी है। नाप में एक गहरा काला पैच होता है, जहां सफेद पट्टी बनाने वाले लंबे-लंबे पंख मिलते हैं। जब यह उड़ान भरते हैं तो दुम सफेद दिखाई देती है और पंख की नोक क्रीम रंग के कोर्सर की तरह विपरीत रूप से काली नहीं होती है। लंबी टांगें सफेद रंग की होती हैं और पैर की केवल तीन उंगलियां होती हैं।

### आमतौर पर छोटे झुंडों में देखे जाते हैं यह पक्षी

यह पक्षी आमतौर पर छोटे झुंडों में देखे जाते हैं। यह आमतौर पर वहां पाए जाते हैं, जहां घास उनसे लंबी नहीं होती, क्योंकि लंबी घास उनके दृश्य को अवरुद्ध करती है। यह मुख्य रूप से दीमक, भृंग, कीड़े और टिड्डे खाते हैं। ये सूखे खेतों या शुष्क पथरीले मैदानों में पाए जाते हैं। ये जमीन पर तेजी से दौड़ते हैं, लेकिन एक कर्कश आवाज के साथ उड़ान भरते हैं। तेज पंखों की धड़कन के साथ उड़ान मजबूत होती है। ये कम उड़ते हैं और उतरने के बाद दौड़ना शुरू करते हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन अब 13 जुलाई तक

महानगर संवाददाता

**बीकानेर।** शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 से जुड़े नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार पात्र शिक्षक 13 जुलाई तक मंत्रालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि पात्र शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक शिक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट नेशनल अवार्ड्स टू टीचर्स डॉट एजुकेशन डॉट जीओवी डॉट इन पर स्व नामांकन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार स्व नामांकन कार्य 23 जून से 13 जुलाई तक चलेगा। प्राप्त आवेदनों को जिला व राज्य स्तर पर शॉर्ट लिस्टिंग करने, इसे राष्ट्रीय ज्यूरी को भिजवाने, शॉर्ट लिस्टेड आवेदकों को सूचित करने, नाम फाइनल करने और इनके अनुमोदन सहित पूर्वाभ्यास व पुरस्कार वितरण की तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। जाट ने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा तीन शिक्षकों की अनुशंसा उपरांत राज्य स्तरीय समिति को आवेदन ऑनलाइन अग्रेषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी और पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा को संबंधित जिले की जिला स्तरीय चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उन्होंने सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को जिला स्तर पर चयन उपरांत नाम 25 जुलाई तक अनिवार्य रूप से अग्रेषित किए जाने के निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा संबंधित जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद को जिला स्तरीय चयन समिति का सदस्य मनोनीत करवाना होगा।

समिति द्वारा समयबद्ध आवश्यक बैठकें करते हुए आवेदक के वार्षिक कार्य मूल्यांकन व विभागीय जांच विचाराधीन या प्रक्रियाधीन नहीं होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। जिला स्तरीय समिति द्वारा शॉर्ट लिस्टिंग का यह कार्य 16 से 25 जुलाई के बीच करना होगा।

# बदलती युद्ध प्रणाली के अनुरूप सदैव तैयार रहने के लिए किया प्रेरित

आर्मी कमांडर ने तनोट ब्रिगेड व रसेल वाइपर्स का किया दौरा

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने हाल ही में तनोट ब्रिगेड व रसेल वाइपर्स का दौरा किया। इस अवसर पर उन्हें संचालित विभिन्न ऑपरेशनल, प्रशिक्षण व प्रशासनिक पहलों की विस्तृत जानकारी दी गई।

आर्मी कमांडर ने सभी रैंकों द्वारा प्रदर्शित उच्चतम स्तर की पेशेवर दक्षता, समर्पण व संचालन तत्परता की सराहना की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में ऑपरेशनल प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए फार्मेशन के निरंतर प्रयासों व उत्कृष्ट योगदान की भी प्रशंसा की। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने ब्रिगेड द्वारा उठाए गए आगामी सोच वाले नवाचार प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया, जिनमें ड्रोन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, तकनीकी समावेशन के उपाय व इंटीग्रेटेड हेल्थ सेंटर की स्थापना शामिल है। इन पहलों ने ऑपरेशनल क्षमताओं के साथ-साथ सैनिक कल्याण को भी सशक्त किया है। आर्मी कमांडर ने सभी रैंकों के साथ बातचीत करते हुए उन्हें बदलती युद्ध प्रणाली के अनुरूप सदैव तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बल दिया कि सभी रैंक अपने प्रशिक्षण मानकों की नियमित समीक्षा करें और युद्ध अभ्यासों, टैक्टिक्स, टेक्नीक्स, प्रक्रियाओं और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी दक्षता में निरंतर सुधार लाएं। आर्मी कमांडर ने फार्मेशन की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए सभी पदों के अदम्य साहस, निष्ठा और टीम भावना की सराहना की, जो कमांड स्तर के सभी अभियानों और लक्ष्यों की सफल पूर्ति में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। यह दौरा सप्त शक्ति कमांड की ऑपरेशनल तत्परता, नवाचार व सैनिक कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक रहा।

## तालुका विधिक सेवा समिति ने न्यायालय परिसर में लगाए पौधे



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** नवनिर्मित न्यायालय परिसर में तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गीता पाठक की अगुवाई में 100 से अधिक पौधे लगाए गए।

इस दौरान अधिवक्ताओं व कर्मचारियों ने पौधों की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी ली। एडीजे गीता पाठक ने पौधरोपण व पेड़ों से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मानसून में पौधरोपण का विशेष महत्व है। पेड़-पौधे शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ पर्यावरण को संतुलित रखते हैं।

इस दौरान एसीजेएम क्रम-1 अनूप कुमार, एसीजेएम क्रम-2 रेशमा जानवानी व न्यायिक मजिस्ट्रेट डेनिस बिश्नोई सहित अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रामजीलाल सैनी, किशनलाल शर्मा, दीपेंद्र भारद्वाज, सुदेश सामोता, कुमार गौरव खेरवा सहित बार संघ के पदाधिकारी, अधिवक्ता व न्यायिक कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## अंत्योदय पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**सवाई माधोपुर (मसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत आटून कलां, गम्भीरा व टोडरा में, बामनवास की डूंगरवाड़ा व खेड़ली में, गंगापुर सिटी की हिंगोटिया में, तलावड़ा की नौगांव में, मलारना डूंगर की बहतेड़ व दौनायचा में, खण्डार की बिचपुरीगुजरान व गण्डावर में, बरनाला की मोरपा में, मित्रपुरा की कुशलपुरा व उदगांव में, चौथ का बरवाड़ा में, वजीरपुर की रायपुर व शिवाला में और शनिवार को ग्राम पंचायत रामपुरा, दूमोदा, रामडी व खिजूरी, बामनवास की रिवाली व पिपलाई, खण्डार की पाली व मेइकलां में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में विशेष रूप से राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, पेयजल, जल संसाधन, कृषि व उद्यान, वन, खाद्य, चिकित्सा व स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां व कार्य सम्पादित किए जाएंगे।

## स्पोर्ट्स

# बर्मिंघम टेस्ट : दूसरे दिन टीम इंडिया का दबदबा

गिल का दोहरा शतक, भारत के 587 के जवाब में इंग्लैंड ने 3 विकेट के नुकसान पर बनाए 77 रन

विशेष संवाददाता

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच का गुरुवार को दूसरा दिन था। यह मैच बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जा रहा है। 5 मैचों की सीरीज में इंग्लैंड पहले टेस्ट में 1-0 से आगे है। मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद टीम इंडिया ने 5 विकेट खोकर बोर्ड पर 310 रन लगा दिए थे। दूसरे दिन भारतीय टीम को गिल और जडेजा ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। रविंद्र जडेजा शतक बनाने से चूक गए और 89 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने दूसरे दिन 269 रन की पारी खेली और टीम इंडिया के स्कोर को





587 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने दिन खत्म होने तक 77 रन पर 3 विकेट गंवा दिए हैं।

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद इंग्लैंड की टीम ने बोर्ड पर 77 रन लगा दिए। हालांकि उसके 3 विकेट गिर चुके हैं। वहीं इंग्लैंड की टीम अभी भी भारत से 510 रन पीछे है। टीम इंडिया के लिए दो विकेट आकाशदीप और एक विकेट मोहम्मद सिराज ने झटका।

### क्राउली की पारी भी खत्म

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली की पारी का भी अंत हो गया है। 8वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने उनका विकेट लिया। वह स्लिप में करुण नायर के लपके गए। 30 गेंदों पर क्राउली ने 19 रनों की पारी खेली। 8 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 25 रन है। रूट का साथ निभाने क्रीज पर हैरी ब्रूक आए हैं।

### आकाश दीप को दो विकेट

इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही है। तीसरे ही ओवर में इंग्लैंड को दो बल्लेबाज आउट हो गए। आकाश दीप ने लगातार दो गेंद पर जैक क्राउली और ओली पोप को आउट किया। दोनों ही बल्लेबाज स्लिप में पकड़े गए और दोनों का ही खाता नहीं खुला। चौथे ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 13 रन है।

### तीसरा सेशन भी भारत के नाम

बर्मिंघम टेस्ट मैच में दिन का तीसरा सेशन भी भारत के नाम रहा। दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय गेंदबाजों ने 3 इंग्लिश बैटर्स को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड का स्कोर 77/3 रहा। 30 ओवर के सेशन में 100 रन बने और 6 विकेट गिरे। इनमें से 3 विकेट इंग्लैंड ने 77 रन बनाने में गंवा दिए। जबकि भारत ने आखिरी 3 विकेट 23 रन बनाने में गंवाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक स्टंप्स तक इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 77 रन बना लिए हैं, जो रूट और हैरी ब्रूक नाबाद लौटे। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है।

## विविध





## मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में एकत्र हुआ 45 यूनिट रक्त

महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** मारवाड़ी युवा मंच बराकर ग्रेटर शाखा की ओर से गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने के युवा मंच रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। बराकर शहर के कल्याणेश्वरी रोड स्थित श्री अग्रसेन भवन में मारवाड़ी युवा मंच बराकर ग्रेटर शाखा की ओर से शिविर लगाया गया। बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स व बराकर पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल ने शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान युवा मंच के सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया। युवा मंच के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल एवं सचिव सौरव अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान कर किसी भी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। शिविर में आसनसोल जिला अस्पताल के चिकित्सकों की देखरेख में लगभग 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने वालों में युवा मंच के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीसीसीआई पैनल मैच रेफरी बनी आस्था

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की आस्था माथुर ने बीसीसीआई की ओर से आयोजित मैच रेफरी एग्जाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवा स्थान हासिल किया। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से बीसीसीआई पैनल मैच रेफरी एग्जाम में भाग लेने वाले संभावितों के चयन के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभवी पूर्व खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय मैच रेफरी एग्जाम आयोजित किया गया था।

इस एग्जाम में प्रथम 3 स्थान हासिल करने वाले पूर्व खिलाड़ी आस्था माथुर, शलेंद्र गहलोत व पुनीत यादव ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए अहमदाबाद में आयोजित बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम में भाग लिया, जिसमें राजस्थान की आस्था माथुर ने बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम में 77.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए पांचवा स्थान हासिल किया। बीसीसीआई की ओर से आयोजित मैच रेफरी एग्जाम में प्रथम



10 स्थान हासिल करने वाले रेफरी को बीसीसीआई मैच रेफरी पैनल में शामिल किया गया।

आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डीडी कुमावत, सदस्य धनजय सिंह खींवसर, पिंकेश पोरवाल, आशीष तिवारी व मोहित यादव ने आस्था माथुर को बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम में पांचवा स्थान हासिल करने व बीसीसीआई पैनल मैच रेफरी बनने पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महाराणा प्रताप व गुरु वशिष्ठ पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से वर्ष 2023-24 व 2024-25 के लिए राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के लिए महाराणा प्रताप व गुरु वशिष्ठ पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि सभी जिला खेल अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के आवेदन प्राप्त कर परिषद को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदन भेजने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी व प्रशिक्षक जयपुर में खेल परिषद मुख्यालय व जिला खेल अधिकारी कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही आवेदन का प्रारूप खेल परिषद की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान

खेल मंत्रालय बोला- हम किसी को नहीं रोकेंगे

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बावजूद हॉकी एशिया कप और जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि हम द्विपक्षीय सीरीज के खिलाफ हैं, लेकिन टूर्नामेंट के लिए हम किसी भी टीम को भारत आने से नहीं रोकेंगे।

मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में टीमें तनाव के बावजूद हिस्सा लेती हैं। रूस व यूक्रेन युद्ध के बावजूद टूर्नामेंट खेल रहे हैं। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीमों के बीच एशिया कप मैच पर अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई ने अब तक इस बारे में सरकार से बात नहीं की है। जैसे ही बोर्ड की ओर से बातचीत होगी, टीम इंडिया के एशिया कप में हिस्सा लेने पर फैसला लेंगे। पाकिस्तान हॉकी बोर्ड ने अभी तक टूर्नामेंट में आने या न आने पर कोई भी बयान जारी नहीं किया है, लेकिन उसने टूर्नामेंट से खुद को अलग भी नहीं किया है, जिससे माना जा रहा है कि टीम खेलने के लिए भारत आएगी।

## जिम में एक्सरसाइज करते हरियाणा के बिल्डर की मौत

महानगर संवाददाता



**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में जिम में वर्कआउट करते समय 37 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक का वजन 170 किलो हो चुका था, जिस कारण उसने 4 महीने पहले ही जिम जॉइन की थी। वह वर्कआउट कर अपना वजन कम करना चाहता था। युवक का एक्सरसाइज करते हुए नीचे गिरने का वीडियो भी सामने आया है। वह बेहोश हुआ तो उसे सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गई, लेकिन उसे होश नहीं आया। जिम में मौजूद लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक पंकज बल्लभगढ़ की राजा नाहर सिंह कॉलोनी का रहने वाला था। वह अपने पिता राजेश के साथ कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाता था। 4 साल पहले ही पंजाब की युवती से उसकी शादी हुई थी। उसकी ढाई साल की बेटी भी है।



# 'वॉक ऑफ फेम' सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं दीपिका पादुकोण





**बॉलीवुड** की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर दिया है। जी हां, हॉलीवुड की प्रतिष्ठित 'वॉक ऑफ फेम' लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया गया है और इस सम्मान के साथ वो पहली भारतीय बनी हैं जिन्हें ये वैश्विक पहचान मिली है। खास बात ये है कि ये उपलब्धि उन्होंने हाल ही में मां बनने के बाद हासिल की है, जिससे ये पल और भी खास बन गया है।

**35 अंतरराष्ट्रीय हस्तियों में चमका दीपिका का नाम:** साल 2026 के लिए घोषित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' की लिस्ट में दीपिका उन 35 दिग्गजों में शामिल हैं, जिन्हें मोशन पिक्चर्स की कैटेगरी में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में उनके साथ हॉलीवुड के सुपरस्टार टिमोथी चालमेट, डेमी मूर, राशेल मैकऐड्म्स और रामी मालेक जैसे बड़े नाम भी हैं।

**आलिया-प्रियंका को छोड़ा पीछे:** दीपिका पादुकोण ने न सिर्फ आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और कियारा आडवाणी जैसी नई पीढ़ी की अदाकाराओं को पीछे छोड़ा है, बल्कि प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबली स्थापित स्टार को भी पछाड़कर खुद को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है।

**हॉलीवुड में भी दमदार छाप:** दीपिका ने सिर्फ बॉलीवुड तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' जैसी फिल्म से हॉलीवुड में एंट्री की और वहां भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। अब वॉक ऑफ फेम का हिस्सा बनकर उन्होंने इंटरनेशनल मंच पर अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है।

**पहले भी हासिल किए हैं ग्लोबल सम्मान:** साल 2018 में टाइम मैगजीन ने दीपिका को दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल किया था। इसके बाद टाइम100 इम्पैक्ट अवॉर्ड और फीफा वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में ट्रॉफी अनवील करने का मौका पाकर उन्होंने भारत का नाम रोशन किया था।

**लुई विटॉन और कार्टियर की ब्रांड एंबेसडर:** दीपिका को इंटरनेशनल फैशन ब्रांड्स ने भी खूब सराहा। वो लुई विटॉन और कार्टियर जैसी लग्जरी ब्रांड्स का चेहरा बन चुकी हैं। ये उपलब्धि किसी भी भारतीय अभिनेत्री के लिए गौरव की बात है।

**आने वाली फिल्में और प्रोजेक्ट्स:** दीपिका के पास फिलहाल कई बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें एक फिल्म एटली के निर्देशन में है। इसके अलावा वो अपनी प्रोडक्शन कंपनी के जरिए भी नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।

**वॉक ऑफ फेम क्या है?:** बता दें ये एक विशेष सम्मान है जो हॉलीवुड बुलेवार्ड पर उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया हो। इसका हिस्सा बनना किसी भी कलाकार के लिए एक ऐतिहासिक पल होता है।

# 'मेट्रो इन दिनों' ऑफर होने पर चौंक गई थीं कोंकणा, बोलीं- 17 साल में कुछ भी नहीं बदला



**फिल्में** चुनने में बेहद सजग और अपनी अलग सोच के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा जल्द ही अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आएंगी। मीडिया से इस खास बातचीत में कोंकणा ने न सिर्फ इस फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने करियर, सोच और निर्देशन के सफर पर भी बेबाकी से बात की। जब अनुराग का कॉल आया कि वो 'मेट्रो इन दिनों' बना रहे हैं और मुझे उसमें कास्ट करना चाहते हैं, तो मैं चौंक गई। मुझे नहीं पता था कि वो 'लाइफ इन अ मेट्रो' जैसी किसी फिल्म पर दोबारा काम कर रहे हैं। लेकिन जैसे ही उन्होंने स्क्रिप्ट का जिक्र किया तो दिल से बस एक ही बात निकली- हां। इससे पहले मैंने कभी किसी सीक्वल में काम नहीं किया था और वो भी अनुराग दा के साथ? तो ये मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं था।

**17 साल बाद अनुराग बसु के साथ दोबारा काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

अनुराग दा के साथ काम करना किसी पुरानी दोस्ती में फिर से लौट जाने जैसा था। ना वो बदले, ना मैं। हां, हमारे जीवन में जरूर बदलाव आए। अब मेरा बेटा 14 साल का हो गया है। लेकिन हमारी सोच, जुड़ाव और काम का तरीका, सब वैसा ही रहा। उनके साथ काम करना हमेशा बहुत सहज होता है।

पंकज **त्रिपाठी जैसे कलाकार के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करना कैसा रहा? :** पंकज त्रिपाठी के साथ ये मेरी पहली फिल्म थी, और कहना होगा- वो जितने अच्छे एक्टर हैं, उतने ही अच्छे इंसान भी हैं। स्क्रिप्ट में जो ह्यूमर था, उसे वो अपने अंदाज से और भी जिंदा कर देते हैं। उनके साथ काम करते हुए कभी कोई बनावटीपन महसूस नहीं होता। ऐसा लगता है जैसे किसी पुराने दोस्त से बात हो रही हो। उनके अभिनय में जो गहराई और सच्चाई है, वो काबिले-तारीफ है।

**आपने स्क्रीन पर हमेशा गंभीर और गहराई से भरे किरदार निभाए हैं। क्या कभी टाइपकास्ट महसूस किया?:** कई बार लोगों ने कहा कि मैं सीरियस किरदार ही ज्यादा करती हूं और शायद करियर की शुरुआत में ही मैं टाइपकास्ट भी हो गई थी। लेकिन बेटे के जन्म के बाद जैसे किरदार मिले, वो ज्यादा अधूरे और असली थे। अब मैं ऐसी महिलाओं का रोल करना पसंद करती हूं जो गलतियां करती हैं और कमजोर हैं क्योंकि वो असली हैं।

**आपने फिल्में भी डायरेक्ट की हैं। एक महिला डायरेक्टर के तौर पर कैसी चुनौतियों का सामना किया?:** डायरेक्शन की बात करूं तो, मुझे कभी किसी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। शायद इसलिए क्योंकि मैं पहले से एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस थी, लेकिन मेरी फिल्म का विषय थोड़ा असहज था। शायद इसी वजह से कुछ लोग उससे पूरी तरह जुड़ नहीं पाए। फिर भी, मैंने वही फिल्म बनाई जो मैं बनाना चाहती थी, बिना किसी समझौते के। हां, मैं मानती हूं कि इस इंडस्ट्री में और भी ज्यादा महिलाओं को आना चाहिए- डायरेक्शन, लेखन, कैमरा, एडिटिंग हर जगह। उनके लिए यहां काफी संभावनाएं हैं।

# 'सन ऑफ सरदार 2' का गाना रिलीज, अजय देवगन ने मचाया धमाल




**अभिनेता** अजय देवगन की आगामी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का गाना 'सरदार' रिलीज कर दिया गया। इसमें अभिनेता और उनके साथ नीरू बाजवा नजर आ रही हैं। अभिनेता अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपने नए गाने 'सरदार' को शेयर किया। साथ ही कैप्शन दिया, 'सन ऑफ सरदार 2' की दुनिया में पेश है सरदार गाना। फिल्म 25 जुलाई को रिलीज होगी। गाने के बोल रोमी और सुधीर ने लिखे हैं। इसे हर्ष उपाध्याय ने कंपोज किया है। इससे पहले अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने गाना रिलीज होने के पहले पोस्टर इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन पर शेयर किया था। पोस्ट में अभिनेता अजय देवगन हाथ का कड़ा पकड़े नजर आ रहे हैं। इससे पहले अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया था, जिसमें उनके साथ को-स्टार मृणाल ठाकुर, चंकी पांडेय, रवि किशन, विंदू दारा सिंह, नीरू बाजवा, रोशनी वालिया और अश्विनी कालसेकर जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। पोस्टर में सभी को-स्टार अजय की तरफ पिस्तौल ताने खड़े हुए हैं, जबकि अभिनेता सहमे नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'यह फैमिली फोटो नहीं है, यह होने वाले धमाके की चेतावनी है। फिल्म को जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और टी-सीरीज ने मिलकर बनाया है। फिल्म में एक्शन, कॉमेडी और भरपूर ड्रामा देखने को मिलेगा। यह फिल्म 2012 की हिट 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल है। साल 2012 में रिलीज हुई 'सन ऑफ सरदार' में सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में थीं। उस फिल्म में अजय देवगन ने जस्सी और संजय दत्त ने बिल्लू का किरदार निभाया था। सीक्वल में संजय दत्त एक बार फिर डॉन के किरदार में लौटेंगे। वहीं, इसमें पहले विजय राज के लिए लिखा गया किरदार अब संजय मिश्रा निभाते दिखेंगे।

# मुझे प्रभावित करती है केके मेनन की शैली : ताहिर राज भसीन



**मोस्टअवेटेड** जासूसी-थ्रिलर 'स्पेशल ऑप्स 2' 11 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इस सीरीज में एक्टर ताहिर राज भसीन खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। ताहिर ने अपने को-एक्टर केके मेनन के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। ताहिर ने केके मेनन के साथ एक्टिंग को एक बड़ी उपलब्धि और चुनौती बताया। उन्होंने कहा, 'केके मेनन जैसे दिग्गज एक्टर के सामने काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उनके हीरो और विलेन दोनों किरदारों को देखकर बहुत कुछ सीखा है। 'हिम्मत सिंह' के रूप में उनकी एक्टिंग, गंभीरता दर्शकों को बेहद पसंद है। हालांकि, मेरा किरदार ऐसा है, जो कहानी में तनाव को और बढ़ाता है, जिसमें सहजता और चतुराई दोनों का तड़का है।' ताहिर ने मेनन से मिली सीख का जिक्र करते हुए कहा, 'केके सर से मैंने सेट पर और बाहर दोनों जगह बहुत कुछ सीखा। उनकी धैर्यपूर्ण और सादगी भरी शैली मुझे बहुत प्रभावित करती है। जिंदगी के अनुभवों से भरी बातचीत से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।' 'स्पेशल ऑप्स 2' में केके मेनन एक बार फिर अधिकारी हिम्मत सिंह की भूमिका में दिखेंगे। इस बार हिम्मत एक ऐसी जंग लड़ते हैं, जो दिखाई नहीं देती। मेनन ने अपने किरदार के बारे में कहा, 'हिम्मत सिंह हमेशा बुद्धि, साहस और जज्बे के साथ लड़ता है। इस बार चुनौती और भी जटिल है। यह सीजन न केवल देश की सुरक्षा के मुद्दों को उठाता है, बल्कि हिम्मत के निजी जीवन, एक पिता और देशभक्त की भावनाओं को भी उजागर करता है।' शिवम नायर के निर्देशन में तैयार इस सीरीज में ताहिर राज भसीन, केके मेनन के साथ एक्टर प्रकाश राज, विनय पाठक, सयामी खेर, इब्राहिम, गौतमी कपूर, परमीत सेठी और कालीप्रसाद मुखर्जी जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में हैं। 'स्पेशल ऑप्स 2' साइबर और राष्ट्रीय सुरक्षा की पृष्ठभूमि में एक रोमांचक कहानी पेश करती है। सीरीज का प्रीमियर 11 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर होगा।

# अक्षय खन्ना के साथ स्क्रीन शेयर करना सपना सच होने जैसा : अनुष्का लुहार



**अभिनेत्री** अनुष्का लुहार अपनी आने वाली फिल्म 'अक्षरधाम - ऑपरेशन वज्र शक्ति' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए इस फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। अनुष्का ने बताया कि अक्षय खन्ना के साथ काम करना काफी शानदार रहा। वह सीनियर और टैलेंटेड अभिनेता हैं। उनके साथ काम करके काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, 'अक्षरधाम-ऑपरेशन वज्र शक्ति' की पूरी टीम के साथ काम करना मेरे लिए एक काफी अच्छा और संतोषजनक अनुभव रहा। बचपन से ही मैं अक्षय खन्ना की फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं और उनकी फैन रही हूं। उनकी फिल्म '36 चाइना टाउन' में उनका अभिनय मुझे बहुत पसंद आया था। अब जब मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है, तो यह सपने जैसा लग रहा है और मेरे लिए वाकई में बहुत खास है।' उन्होंने कहा, 'अक्षय सर सेट पर एक अलग ही शांति और एकाग्रता लेकर आते हैं। उनका तरीका बहुत प्रेरणादायक है। उन्हें काम करते हुए देखना, उनके समर्पण को महसूस करना अपने-आप में एक सीखने का अनुभव रहा है। उन्होंने अपने किरदार को सच्चाई और गहराई से निभाया है। इस फिल्म में पूरी टीम ने दिल से मेहनत की है, और ऐसे समर्पित और टैलेंटेड लोगों के साथ काम करना मेरे लिए गर्व की बात है।' अभिनेत्री ने निर्देशक केन घोष के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'केन घोष का शांत स्वभाव, अटूट समर्थन और उनकी दयालुता ने पूरी फिल्म बनाने की प्रक्रिया को बहुत आसान और मजेदार बना दिया। मैं पहले भी जी5 की एक वेब सीरीज में उनके साथ काम कर चुकी हूं। इस सीरीज के दौरान उन्होंने मुझे 'सेजल' के किरदार के लिए चुना था। उन्होंने मुझे ऑडिशन देने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उनके इस विश्वास के लिए बहुत आभारी हूं।' उन्होंने कहा, 'केन सर का धैर्य और उनका मिलनसार स्वभाव सेट पर सकारात्मक माहौल बनाता है। मैं उनके काम और हर प्रोजेक्ट में उनकी ईमानदारी की बहुत कदर करती हूं। उन्होंने इस फिल्म में पूरी जान लगा दी है, और मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शकों को भी वही भावनात्मक जुड़ाव महसूस होगा जो हमें फिल्म बनाते वक्त हुआ। मैं भविष्य में उनके साथ फिर से काम करना चाहूंगी।' 'अक्षरधाम-ऑपरेशन वज्र शक्ति' 2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले और उसके बाद हुई आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



पोर्टल पर खुल रही व्यवस्था की पोल, 181 हेल्पलाइन पर दर्ज हुईं कई शिकायतें, सिस्टम बेनकाब

# एसएमएस अस्पताल में शिकायतों की भरमार... समाधान की कछुआ चाल



## अस्पताल का दावा - 'इन-हाउस सिस्टम' से होगा फटाफट निस्तारण

विक्रम सिंह धाकड़

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) की व्यवस्थाओं के बारे में राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 1 मई से 27 जून के बीच मरीजों और परिजनों ने कुल 212 शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन इनमें से अब तक सिर्फ 54 का ही निस्तारण हो पाया, 154 शिकायतें अब भी पेंडिंग हैं। कुछ शिकायतें तो सीधा मुख्यमंत्री ग्रीवेंस सेल और स्टेट नोडल ऑफिसर तक पहुंच चुकी हैं, हालांकि अस्पताल का दावा है कि अब एक नया 'इन-हाउस सिस्टम' तैयार किया जा रहा है, जिसमें हेल्पलाइन को सीधे संपर्क पोर्टल की हेल्प डेस्क से जोड़ा जाएगा। साथ ही टेलीफोन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिन्हें वार्ड और कॉरिडोर में डिस्प्ले किया गया है, ताकि शिकायतों का तुरंत समाधान हो।

## पानी नहीं, पंखा नहीं, दवा नहीं

पोर्टल पर गर्मी के मौसम में भी अस्पताल में कूलर और पंखे बंद होने की 12 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन सिर्फ 4 का समाधान हुआ। पानी की आपूर्ति बंद होने की 16 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन अब तक 13 लंबित हैं। दवा वितरण केंद्रों पर स्टाफ की गैरमौजूदगी और दवाओं की कमी को लेकर भी कई शिकायतें दर्ज हुईं, हालांकि इनमें से कुछ का समाधान हो चुका है।

## डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ पर सबसे ज्यादा सवाल

सबसे चिंताजनक आंकड़ा डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से जुड़ी शिकायतों का है। 52 शिकायतें सिर्फ इस बात को लेकर आईं हैं कि गंभीर मरीजों को डॉक्टरों ने नहीं देखा, या स्टाफ उपलब्ध नहीं था। इनमें से सिर्फ 6 मामलों में कार्रवाई की गई, बाकी 46 शिकायतें अब भी लंबित हैं। कई मामलों में आईसीयू, वार्ड और दवा वितरण जैसी बुनियादी सेवाओं को लेकर स्टाफ की अनदेखी और लापरवाही उजागर हुई है।

## तकनीकी दिक्कतें भी बनीं बाधा

ऑनलाइन सेवाओं, सर्वर, सीसीटीवी और हार्डवेयर संबंधित समस्याओं पर कुल 13 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 6 आज भी पेंडिंग हैं। इन तकनीकी खामियों की वजह से मरीजों को ऑनलाइन पर्ची, दवा और रिपोर्ट मिलने में परेशानी हो रही है। सबसे अधिक 42 शिकायतें 'अन्य प्रकार की शिकायतें' हैं, जिनमें से सिर्फ 3 का निस्तारण हो पाया।

### शिकायतों का ब्योरा

| शिकायत का प्रकार | शिकायतें | डिस्पोज | पेंडिंग | सीएमओ/181/स्टेट लेवल |
|---|---|---|---|---|
| डॉक्टर/नर्स नहीं देख रहे गंभीर मरीजों को | 52 | 6 | 46 | सीएमओ- 4 |
| दवा वितरण केंद्र-स्टाफ की कमी/बुरा व्यवहार | 4 | 4 | 0 | - |
| दवा उपलब्ध नहीं/बाहर से मंगाई गई | 8 | 2 | 6 | स्टेट लेवल- 1 |
| आईसीयू उपलब्ध नहीं करवाया गया | 1 | 0 | 1 | - |
| बेड नहीं मिला वार्ड/आईसीयू में | 4 | 3 | 1 | - |
| ऑनलाइन सेवा संबंधित परेशानी | 4 | 1 | 3 | - |
| जांच बाहर से करवाने को कहा गया | 10 | 0 | 10 | हेल्पलाइन 181- 1 |
| सफाई कर्मचारी नहीं/ड्रेस कोड नहीं | 1 | 1 | 0 | - |
| पानी की आपूर्ति बंद | 16 | 3 | 13 | हेल्पलाइन 181- 4 |
| कूलर/पंखा खराब | 12 | 4 | 8 | - |
| पार्किंग स्टाफ की बदतमीजी/अव्यवस्था | 12 | 4 | 8 | - |
| ट्रॉली/व्हीलचेयर नहीं उपलब्ध | 4 | 1 | 3 | - |
| कचरा फैला हुआ/डस्टबिन खुले | 11 | 6 | 5 | हेल्पलाइन 181- 2 |
| सीसीटीवी, सर्वर, इंटरनेट से जुड़ीं समस्याएं | 9 | 6 | 3 | - |
| अन्य | 42 | 3 | 39 | सीएमओ- 1 |
| कुल शिकायतें (1 मई-27 जून) | 212 | 54 | 154 | सीएमओ- 5, स्टेट- 1 |

## जांच और दवा के नाम पर मरीजों की जेब पर मार

दस से ज्यादा शिकायतें ऐसी रहीं, जहां मरीजों से कहा गया कि जांच बाहर से कराएं। कुछ शिकायतों में यह भी आरोप लगे कि जरूरी दवाएं अस्पताल में नहीं हैं और मरीजों को बाहर से मंगवाने के लिए कहा गया। आयुष्मान भारत योजना में इलाज की देरी या इलाज नहीं मिलने की 6 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 अब भी पेंडिंग हैं।

## इन-हाउस सिस्टम बना रहे हैं

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अब नया इन-हाउस मैकेनिज्म बन रहा है, जिसमें शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग तुरंत एक्शन लेगा। टेलीफोन हेल्पलाइन को सार्वजनिक रूप से डिस्प्ले किया जा रहा है। अगर ये दावे हकीकत में बदलते हैं तो आने वाले दिनों में मरीजों को थोड़ी राहत मिल सकती है।

## इनका कहना है...



संपर्क पोर्टल पर शिकायतें आती हैं, उनका समाधान भी होता है। 90 दिन वाली शिकायतों की संख्या कम है। शिकायतों की श्रेणी अलग-अलग होती है, समाधान के लिए संबंधित अधिकारी को भेजी जाती हैं। इसके समाधान के लिए समस्याओं को समझने के लिए समय चाहिए होता है, लेकिन समाधान जरूर होता है। मैं मानता हूं कि अस्पताल प्रशासन भी इसको लेकर गंभीर है। रही बात सीनियर डॉक्टर्स की मौजूदगी की, तो हर समय डॉक्टर्स की मौजूदगी सुनिश्चित हो, इसको लेकर कहा नहीं जा सकता है, लेकिन हमारी कोशिश यही रहती है कि चिकित्सकों की टीम मरीजों की सेवा में तत्पर रहे। प्रिंसिपल दीपक माहेश्वरी इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने चिकित्सकों की शाम को राउंड की व्यवस्था और योजना भी बनाई है।

*डॉ. सुशील भाटी, अधीक्षक, सवाई मानसिंह अस्पताल*

मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

# किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता : भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने की बालेर-करणपुर सड़क निर्माण की घोषणा

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है, जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। शर्मा गुरुवार को सवाई माधोपुर में बालेर (खंडार) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां का रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान जहां बाघों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है, वहीं रणथंभौर का किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। सवाई माधोपुर के अमरूदों की अपनी विशेष पहचान है।

## 'विकास की मुख्य धारा से ना छूटे वंचित वर्ग'

सीएम शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमा ज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।



## 'हर विधानसभा क्षेत्र के उन्नयन के लिए हो रहे कार्य'

सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं उन्नयन के लिए काम कर रही है। खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावंडा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण तथा बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, रामजल सेतु परियोजना के तहत एनीकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग तथा आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपए की लागत से बालेर-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की।

## सीएम ने योजनाओं में वितरित किए प्रमाण पत्र

इस दौरान मुख्यंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रवीण बैरवा (एनएफएसए), सरोज (कन्यादान योजना), संपत्ति देवी (वृद्धावस्था पेंशन), रामवीर मीना (स्वामित्व पट्टा) तथा मीना देवी (पीएम आवास योजना) को प्रमाणपत्र एवं चेक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने समारोह परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर आमजन ने शिविर में प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। समारोह में विधायक जितेंद्र गोठवाल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।






स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25